GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-03-2023

# छात्रों ने यातायात नियम पालन का लिया संकल्प

**झंगहा (एसएनबी)।** श्री नेहरू इंटर कॉलेज अमहिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चौथा दिन यातायात जागरुकता अभियान के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक रैली निकाली गई रैली अमहिया विद्यालय से झंगहा चौराहे तक लाया गया। सड़क दुर्घटना पीडितों के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए शपथ लिया गया। स्कूल



के छात्र छात्राओं ने यातायात पालन करने वाले राहगीरों को गुलाब का फूल देखकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. गिरिजेश कुमार पान्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शिक्षक लालचंद सिंह, इंद्रपाल सिंह, शिशिर कुमार पान्डेय, राजू, जितेंद्र सिंह व वीरेंद्र कुमार, राम बृक्ष सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला पंचायत सहायक समेत दो पर जालसाजी का केस

**सिकरीगंज (एसएनबी)।** ग्राम पंचायत लाखुन बुजुर्ग में पंचायत सहायक की भर्ती के लिए बबली सिंह पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह, भूपेंद्र बहादुर सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी लाखुन थाना सिकरीगंज ने अपने अंक पत्र में कूट रचित तरीके से हेरा फेरी कर नौकरी हासिल कर लिया। अंकपत्र में फर्जी अंक बढ़ाकर नौकरी हासिल करने का मामला उसी गांव के निवासी रविंद्र दुबे पुत्र कमला दुबे को पता चला तो उन्होंने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। शिकायत की जांच खंड विकास अधिकारी उरूवा को मिली। उन्होंने अंकपत्र की जांच की तो फर्जी तरीके से अंकपत्र में नंबरों की हेराफेरी किए जाने की पुष्टि हुई। स्थानीय पुलिस मामले में मुकदमा लिखने से कतरा रही थी। जिसके बाद बीडीओ ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर सिकरीगंज पुलिस ने उक्त प्रकरण में आरोपित बबली सिंह पत्नी गजेन्द्र सिंह तथा भूपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीड़ित सीएम से मिला, जलसाजी धमकी का केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** खेत का पैसा के लेन देने को लेकर पीड़ित न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के वहां कई बार शिकायती पत्र दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थक हार पीड़ित जनता दरवार में सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद खोराबार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जालसाजी और जान मारने की धमकी के मामले में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

**न्याय के लिए अफसरों के दरवाजे का चक्कर हार चुका था फरियादी**

**पूर्व में तैनात एसएसआई के सहयोग से वादी पर ही दर्ज करा दिया था केस**

खोराबार प्रतिनिधि के मुताबिक, खोराबार थाना क्षेत्र के सिकटौर सहदेव टोला निवासी बृजेश यादव पुत्र लालमन यादव जनता दरबार मे पेश होकर बताया कि वर्ष 2015 में अपना खेत बेचा था। इसी दौरान उसी के गांव का रहने वाला प्रापर्टी डीलर राजू निषाद से उसका परिचय हो गया हो गया। बृजेश ने राजू निषाद से जमीन खरीदने की बात कही तो राजू निषाद ने अपने एक रिस्तेदार महेवा न्यू शिवपुर कालोनी निवासी भृगुनाथ निषाद की जमीन बृजेश को दिखाया। आराजी न0 23 रकबा 9 डिसमिल जमीन 36 लाख रुपये में तय हो गयी। बयाना के तौर पर राजू निषाद ने बृजेश से 5 लाख रुपये ले लिया तथा 20 मई 2015 को 5 लाख और 27 अप्रैल 2015 को 15 लाख रुपये अपने रिस्तेदार भृगुनाथ के खाते में डलवा दिया और दो महीने में बैनामा समय सीमा तय हुआ। जब तय समय में बृजेश बैनामा कराने के लिये तैयार हो गया तो राजू और भृगुनाथ टालमटोल करने लगे। जब कई महीने तक बैनामा नही हुआ तो बृजेश अपना दिया हुआ रुपये मांगने लगा। गांव में पंचायत होने के बाद राजू ने कैश लिया हुआ 5 लाख रुपया 15 अक्टूबर 2015 को बृजेश के खाते में वापस किया और अपने रिस्तेदार भृगुनाथ निषाद को दिए हुए रुपये की जिम्मेदारी लेते हुए एक स्टैम्प पर लिखित इकरार नामा करके 20 लाख रुपये का चेक दिलवा दिया। जब बृजेश ने चेक को बैंक में लगाया तो चेक फर्जी निकला जब उसने दूसरे चेक की मांग करने लगा तो दोनों उसको डराने धमकाने और जानमाल की धमकी देने लगे। मामले को लेकर पीड़ित बृजेश बीते अक्टूबर माह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी। इसी दौरान थाने पर पूर्व में तैनात दारोगा के सहयोग से राजू ने बृजेश और उसके पिता लालमन के खिलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने का केस दर्ज करा दिया। इस दौरान पुलिस पीड़ित को प्रताड़ित करने लगी। पीड़ित एसपी सिटी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पुनः प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई तो थकहार कर पीड़ित मुख्यमंत्री के जनता दरबार मे अपनी फरियाद लेकर पहुंचा और हरतकत में आई पुलिस ने राजू निषाद पुत्र स्व मुनालाल निषाद निवासी जंगल अयोध्या प्रसाद और भृगुनाथ निषाद पुत्र अज्ञात निवासी महेवा न्यू शिवपुर कालोनी थाना रामगढ़ के खिलाफ धारा 406, 419, 420, 504, 506 आई पी सी के तहत केस दर्ज करके अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

# डकैती के जुर्म में दो को दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। डकैती का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नम्बर एक निवासी अभियुक्त रामसूरत यादव एवं शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर निवासी अभियुक्त रिजवान को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादिनी सीमा कपूर शाहपुर थाना क्षेत्र के प्लाट नंबर 765 पत्रकार पुरम की निवासी है। 29 अप्रैल 2002 की रात 12.30 बजे पांच बदमाश छत के रास्ते कुंडी खोलकर घर के अंदर घुस आए और वादिनी तथा उसकी सास जनक कपूर के हाथ के कंगन और बाली धमका कर उतरवा लिए। शोर पर जब वादिनी के पति और ससुर जागकर बाहर आए तो उन्हें भी धमकाया। बदमाश घर में रखा 16 हजार रुपया नगद, चेन, अंगूठी, बाली व अन्य सामान छीन कर ले गए। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया।

### पति की जमानत अर्जी खारिज

पत्नी को मार पीट कर प्राणघातक चोटें पहुंचाने के मामले के अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम चेरिया निवासी आरोपित अवधेश यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन मिश्र का कहना था कि वादी देवेंद्र यादव रामागढ़ताल थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निकट बगहा बाबा मंदिर रुस्तमपुर दक्षिणी का निवासी है। उसकी पुत्री अंबिका रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में भव्य मैरेज हाउस के निकट अपने पति आरोपित अवधेश यादव और बच्चो के साथ रहती है। पति पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 19 जनवरी 2023 की रात करीब आठ से नौ बजे के बीच आरोपित अवधेश यादव आया और वादी की लड़की को गाली देते हुए बुरी तरह मारा पीटा। जिससे उसे गंभीर और प्राणघातक चोटें आई।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

दुष्कर्म मामले में अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम बाहिलपार निवासी आरोपित रिंकू की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय व विशेष लोक अभियोजक राममिलन सिंह का कहना था कि घटना 26 फरवरी 2023 की रात नौ बजे की है। पीड़िता मौसी के घर आई थी और एक घर से दूसरे घर जा रही थी। रास्ते में आरोपित रिंकू उसका हाथ पकड़ कर मुंह बांधकर खींचकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### जमानत अर्जी खारिज

फर्जी व कूट रचित प्रमाण पत्र लगाकर सहायक लेखाकार के पद पर नौकरी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी आरोपित रविशंकर की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि आरोपित फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊद्वारा सम्मिलित सहायक लेखाकर एवं लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 में सहायक लेखाकर के पद पर नियुक्त हुआ है। आरोपित के ओ लेवल प्रमाण पत्र की जांच कराई गई तो जांच में पता चला कि आरोपित ने निदेशालय के समक्ष जो ओ लेवल का प्रस्तुत किया है वह फर्जी एवं कूट रचित है। आरोपित को ऐसा कोई प्रमाण पत्र नाइलिट द्वारा जारी नहीं किया गया है।

### मुकदमा दर्ज करने का आदेश

अनुसूचित जाति के व्यक्ति को गाली गुप्ता देने और उसकी मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी एक्ट जयप्रकाश ने झगहां थाना क्षेत्र के भैसही रामदत्त निवासी आकाश उपाध्याय उर्फ अम्बर बाबा एवं अमडिहा निवासी सूरज पासवान,हिमालय पासवान,देवानंद उर्फ लड्डू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष झगहां को दिया है। कोर्ट में झगहां थाना क्षेत्र के अमडिहा निवासी वादी वादी उदयचंद्र पासवान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण द्विवेदी का कहना था कि 21 दिसम्बर 2022 की रात वादी के भाई सुनील कुमार सरोज की पल्सर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसकी सूचना वादी ने स्थानीय थाने पर दिया। ग्राम भैसही निवासी आकाश उपाध्याय उर्फ अम्बर बाबा का एक चोरों का गिरोह है जिसमे सूरज पासवान, हिमालय पासवान और देवानंद उर्फ लड्डू भी शामिल है। वादी को पूर्ण विश्वास और आशंका है कि इन्ही लोगो द्वारा उसके भाई की बाइक चोरी की गई है। स्थानीय थाने पर आकाश उपाध्याय को बुलाए जाने पर उसने कहा कि दो तीन दिन में बाइक वापस कर दूंगा। परंतु आज तक मोटरसाइकिल वापस नहीं किया गया। वादी ने उक्त आकाश उपाध्याय से जब अपने भाई की मोटरसाइकिल मांगी गई तो उसने वादी को गाली गुप्ता दिया और जातिसूचक शब्दो से अपमानित किया।

# किन्नरों ने सहजनवां में दूसरे दिन भी राजमार्ग जामकर किया हंगामा

**किन्नर तान्या को गोली मारने से नाराज हैं साथी किन्नर, किन्नर किरन की गिरफ्तारी की बात बता पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे किन्नरों को कराया शांत**

**गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन सहजनवां थाने के सामने आधा घंटा रहा जाम**

**किन्नरों के प्रदर्शन को मूकदर्शक बनकर देखती रही पुलिस**

गोरखपुर (एसएनबी)। सहजनवां के रिठुआखोर में रविवार को किन्नर तान्या को बदमाशों द्वारा गोली मारने से नाराज साथी किन्नरों ने आरोपित किन्नरों और शूटरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगातार सोमवार को भी हंगामा किया। पूर्वाह्न 11 बजे किन्नर थाने के सामने गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन पर उतर आए। नग्न और अर्द्धनग्न होकर पुलिस प्रशासन विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। काफी जद्दोजहद के बाद सीओ कैम्पियरगंज रत्नेश्वर सिंह और थानेदार ने आक्रोशित किन्नरों को बताया कि गोली मारने और साजिश में आरोपित एक किरन किन्नर को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। जिसके बाद किन्नर शांत हुए और थाने में जाकर बैठ गए।



**सहजनवां एवं पाली प्रतिनिधियों** के मुताबिक थाना क्षेत्र में तान्या किन्नर और प्रिया किन्नर के बीच जजमानी इलाका बंटवारे को लेकर काफी दिनो से विवाद चल रहा है। एक दो बार थाने पर इस मामले मे समझौता भी हो चुका था। रविवार को तान्या किन्नर अपने सहयोगी किन्नरों के साथ सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा चौकी अंतर्गत रिठुआखोर और गाही में बधाई बजाने के बाद नेग लेकर सड़क के किनारे खड़ी अपनी गाड़ी पर सवार हो रही थीं। इस दौरान काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो नकाबपोश अज्ञात बदमाश पहुंचे और तान्या किन्नर को टारगेट कर फायर शुरू कर दिया। बदमाशों की गोली तान्या किन्नर की पीठ में लगी और वह घायल होकर वहीं गिरकर तड़पने लगी। स्थानीय पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने एसपीजीआई लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। किन्नरों को बताया गया कि मेडिकल कालेज में कार्डियक सर्जन न होने की बात कहकर घायल किन्नर तान्या को लखनऊ रेफर किया गया।

### किरन किन्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

किन्नर तान्या को गोली मारने के मामले में छह नामजद व कुछ अज्ञात के विरूद्ध सहजनवा पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपित एक नामजद किरन (किन्नर) पुत्र चन्द्रबहाल सिंह निवासी पोखरा थाना सरपुर बाजार जनपद तनहु नेपाल, हाल पता बरदहिया बाजार थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर को सहजनवा पुलिस ने गिरफ्तार कर आईपीसी की धारा 307 व 120 बी के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गुडवर्क टीम में एसआई विनय कुमार सिंह, आरक्षी अरविंद नाविक व शैलश यादव शामिल रहे। थानाध्यक्ष सहजनवां महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि किरन किन्नर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। अन्य आरोपित किन्नरों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ट्रामा सेंटर में किन्नरों ने रात में जमकर किया हंगामा

गोरखपुर (एसएनबी)। गोली से घायल किन्नर तान्या के सहयोगियों ने बीती रात बीआरडी मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में जमकर हंगामा किया। कर्मचारी, डाक्टर ही नहीं पुलिस तक को कोसा और वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। उनका कहना था कि मेडिकल कालेज में हर्ट के डाक्टर नहीं है। हो-हंगामा को देखते हुए अंततः डाक्टरों ने घायल किन्नर को लखनऊ रेफर कर दिया। सहजनवां के रिठुआखोर के पास किन्नर तान्या को बाइक सवार बदमाशों ने रविवार की दोपहर गोली मार दी थी। गोली उसके पीठ में लगी थी। आनन-फानन में उसे मेडिकल कालेज लेकर जाया गया, जहां ट्रामा सेंटर में उसका इलाज शुरू हुआ। बीती रात घायल किन्नर के साथ वालों ने ट्रामा सेंटर में हो-हल्ला मचाना शुरू कर दिया। माहौल बिगड़ता देख मेडिकल कालेज चौकी की पुलिस को बताया गया। पुलिस पहुंची लेकिन किन्नर मानने को तैयार नहीं। बार-बार कह रहे थे कि इतने बड़े मेडिकल कालेज में हार्ट के डाक्टर क्यों नहीं है, क्या है यहां की व्यवस्था? प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि किन्नरों ने क्या डाक्टर, क्या कर्मचारी और क्या पुलिस किसी तक को नहीं छोड़ा और उल्टा-सीधा बका? ट्रामा सेंटर का माहौल बिगड़ता देख किसी ने कालेज के जिम्मेदार को बताया और सब पहुंचे लेकिन किन्नर कहां मानने वाले। अंततः डाक्टरों ने गोली से घायल किन्नर का उपचार कर ही रहे थे लेकिन रात में लखनऊ रेफर कर दिया। घायल किन्नर के जाने के बाद डाक्टर, कर्मचारी और पुलिस ने राहत की सांस ली।

# डीजे बंद करने को लेकर विवाद, केस

**BHATHAT** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा मौजा में शादी समारोह में बज रहे डीजे बंद करने को लेकर विवाद हो गया. घटना के 9 वें दिन पीडित की तहरीर पर मुकामी पुलिस 4 लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी समेत एससीएसटी के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जैनपुर के महमूदाबाद निवासी अजय भारती पुत्र रामकरन ने पुलिस को तहरी देकर बताया कि 11 मार्च को शादी समारोह में डीजे बुक किया था. बारात में डीजे बजा रहा था. बारात मालिक द्वारा डीजे बंद करके भोजन करने जाने को कहा तो पीडित ने बंद कर दिया. इसी बात को लेकर थाना क्षेत्र के सोमनाथ व सुधीर सिंह और दो अज्ञात समेत चार व्यि1तयों ने गाली गुप्ता देते हुए बुरी तरह से मारेपीटे और जानमाल की धमकी देने लगे. पुलिस उ1त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 एससीएसटी के तहत केस दर्ज कर जांच में जुटी है.

# चार गोवंशी पशु बरामद, एक गिरफ्तार

सहजनवां थाना क्षेत्र के हरदी पालीटेक्निक के पास पुलिस ने बिहार ले जाए जा रहे चार गोवंशी पशुओं को बरामद किया. इस दौरान पुलिस ने हरपुर बुदहट थाना के दरघाट निवासी हरिराम पासवान को गिरफ्तार कर लिया. उसके दो साथी भागने में सफल रहे. पुलिस ने गोवंश अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज युवक को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया.

# घबराइए मत... डूबा धन वापस आ जाएगा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 March):** चार साल पहले गीडा एरिया के पीड़ित ने गलत नंबर पर 1.50 लाख रुपए से अधिक ट्रांसफर कर दिया. इसके बाद उस खाताधारक से संपर्क भी साधा, लेकिन उनके पैसे वापस नहीं मिले. पीड़ित को ये भी नहीं पता था कि यहां पर साइबर सेल काम करती है. जब उसे पता चला कि यहां साइबर सेल कई लोगों के पैसे वापस करा चुकी है, तब वो घटना के चार साल बाद साइबर सेल के पास शिकायत लेकर पहुंचा. वहां टीम ने उसे विश्वास दिलाया कि घबराइए मत डूबा धन वापस आ जाएगा. इसके बाद उसके पैसे भी वापस कराए. इस तरह दो ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार पीड़ितों के कुल 1,69,938 रुपए साइबर सेल ने वापस दिलाए.

## 4 साल पहले निकले रुपए

गीडा एरिया के मनोज कुमार सिंह ने साइबर सेल में प्रार्थना पत्र दिया. उन्होंने बताया कि चार साल पहले उन्हों 1,54,938 रुपए गलत खाते में ट्रांसफर कर दिया. इसके बाद उन्होंने बैंक को भी लेटर दिया. लेकिन उनका पैसा वापस नहीं आया. चार साल पुराने मामले पर साइबर सेल ने काम किया और मनोज के खाते से गया पूरा पैसा वापस कराया.

## 2022 में एक्टिव रही साइबर सेल

- ऑनलाइन कंपनी से आर्डर की गई ज्वेलरी को नकली ज्वेलरी से बदलने वाला गिरोह का पर्दाफाश किया.
- बीजीएमआई गेम अकाउंट हैक कर बेचने वाला गिरोह को अरेस्ट कराया.
- सेक्सटॉर्शन, बुलिंग और ब्लैकमेल करने वाले 9 अभियुक्तों को अरेस्ट कराया.
- ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार 130 व्यक्तियों के खाते में 69.71 लाख रुपए वापस कराए.



## गेमिंग एप प्रॉफिट दिलाने के नाम पर ठगी

साइबर सेल में शाहपुर के अविनाश कुमार पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई. अविनाश ने बताया कि उनसे गेमिंग एप में प्रॉफिट दिलाने के नाम पर 15,000 रुपए जमा करा लिए गए. शिकायत के बाद साइबर सेल की टीम ने अविनाश के डूबे पैसे को वापस कराया. पैसे वापस कराने में साइबर सेल के शशि शंकर राय, शशिकांत जायसवाल, पंकज कुमार गुप्ता और नीतू नाविक का अहम रोल निभाया. एसपी क्राइम इंदुप्रभा सिंह ने दोनों ही पीड़ितों से मिलकर उन्हें डूबी रकम वापस की.

**बदलाव** कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसएसपी ने कई का बदला क्षेत्र

# गोरखपुर में छह सीओ और 15 थानेदार इधर से उधर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 March):** गोरखपुर पुलिस में बड़ा फेरबदल हुआ है. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार की रात 6 सीओ और 15 थानेदारों को इधर से उधर कर दिया. 5 थानेदारों से थानों की जिम्मेदारी छीन ली गई. एक को एसएसपी ने अपना पीआरओ बनाया है. तो दूसरे को एसओजी टीम की कमान सौंपी. जबकि, 3 अन्य थानेदारों को पुलिस लाइन में भेज दिया गया है. जबकि, 4 नए पुलिसकर्मियों पर भरोसा जताते हुए एसएसपी ने उन्हें थानों की कमान सौंपी है.

## 6 सीओ का भी इधर-उधर

एसएसपी ने सीओ के कार्यक्षेत्रों में भी बदलाव किया है. कैंपियरगंज श्यामदेव को सीओ पुलिस ऑफिस बनाया है. जबकि, सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह को कैंपियरगंज सर्किल की कमान सौंप दी. वहीं, सीओ गोला जगतराम कन्नौजिया को कोतवाली सर्किल भेजा गया है. इसी तरह सीओ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह को गोला सर्किल, जबकि मंदिर की सुरक्षा की कमान सीओ खजनी रहे अनिल कुमार सिंह संभालेंगे. वहीं, एएसपी जितेंद्र कुमार शर्मा को एसएसपी ने खजनी सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है.

## रणधीर कैंट और अंजुल इंस्पेक्टर कोतवाली

वहीं, अगर थानों की बात की जाए तो इंस्पेक्टर कोतवाली रणधीर मिश्रा इंस्पेक्टर कैंट बनाए गए हैं. कोतवाली थाने की जिम्मेदारी अब रिट सेल प्रभारी रहे अंजुल चतुर्वेदी को दी गई है. जबकि, इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण




राय को रामगढ़ताल थाने भेज दिया गया. वहीं, इंस्पेक्टर रामगढ़ताल सुधीर सिंह को चौरीचौरा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

## एसओजी टीम के प्रभारी बने मधुप मिश्रा

इसी तरह चौरीचौरा इंस्पेक्टर रहे संजय कुमार सिंह को गुलरिहा भेजा गया. जबकि, गुलरिहा इंस्पेक्टर रहे मनोज कुमार पांडेय को इंस्पेक्टर शाहपुर बनाया गया है. वहीं, शाहपुर इंस्पेक्टर रहे मधुप मिश्रा एसओजी टीम के प्रभारी बनाए गए हैं. वहीं, इंस्पेक्टर बड़हलगंज जय नारायण शुक्ला को खोराबार इंस्पेक्टर तो खोराबार इंस्पेक्टर रहे कल्याण सिंह सागर को बड़हलगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है.

## 4 से छिन ली गई थानेदारी

इसके अलावा अपराध शाखा इंस्पेक्टर सुबोध को इंस्पेक्टर खजनी बनाया गया. जबकि, खजनी थाना प्रभारी रहे सब इंस्पेक्टर संजय मिश्रा को एसएसपी ने अपना पीआरओ बनाया है. इसके साथ ही तीन थानेदारों पर गाज भी गिर गई. इंस्पेक्टर उरुवा सुनील कुमार, इंस्पेक्टर गगहा संदीप सिंह और इंस्पेक्टर कैंपियरगंज भूपेंद्र सिंह से थानेदारी छिनते हुए एसएसपी ने इन्हें पुलिस लाइन से अटैच कर दिया.

## इन्हें मिली थानों की कमान

जबकि, एसओजी टीम के प्रभारी रहे एसआई मनीष यादव को सिकरीगंज का थानेदार, रेलवे चौकी इंचार्ज एसआई अरविंद सिंह को उरुवा का थानेदार और एसपी सिटी के वाचक एसआई महेंद्र मिश्रा को सहजनवां का नया थानेदार बनाया गया है. वहीं, सिकरीगंज थाना प्रभारी रहे एसआई राजकुमार सिंह को कैंपियरगंज का थानेदार, सहजनवां थानेदार रहे एसआई नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव को पिपराइच का थानेदार बनाया गया. जबकि, पिपराइच थाना प्रभारी रहे एसआई सूरज सिंह को थाना प्रभारी गगहा बनाया गया है.

# मतांतरण कराने का आरोपित गिरफ्तार

खोराबार थाना क्षेत्र के माड़ापार गांव में महिलाओं को मतांतरण के लिए प्रेरित करने वाले आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया. उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया. कूड़ाघाट निवासी करुणानिधि पाण्डेय ने वाराणसी जिले के फूलपुर थाना के रतनपुरा निवासी संजय कन्नौजिया के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था. आरोप लगाया था कि आरोपित तीन साल से रानीडीहा में किराये पर रह रहा था. हर रविवार को माड़ापार गांव पहुंचकर महिलाओं को इकट्ठा कर उन्हें मतांतरण के लिए प्रेरित करता था.

# सहजनवां में किन्नरों का फिर हंगामा हाइवे जाम कर मचाया उत्पात

सहजनवां में किन्नर को गोली मारने का केस, सुबह शुरू हुआ हंगामा, दोपहर बाद हुआ शांत

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR/ SAHJANWA (20 March):** तान्या किन्नर को गोली लगने के बाद से किन्नर आक्रोशित हैं. रविवार को हंगामा करने के बाद सोमवार को किन्नर फिर उग्र हो गए और थाने पर नग्न प्रदर्शन करने के बाद हाईवे पर जाम लगा दिया. इस दौरान किन्नर वाहनों पर पथराव का प्रयास किए और वाहनों के ऊपर चढ़कर उत्पात मचाया. करीब डेढ़ घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा और पुलिस मनाने में जुटी रही. दोपहर एक बजे किन्नर शांत हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को दो दिन का समय देकर चले गए.

## ये हुआ था मामला

सहजनवां थाना क्षेत्र के रिठुआखोर मोड़ के पास बाइक सवार बदमाशों ने भीमापार निवासी 35 वर्षीय तान्या किन्नर को रविवार दोपहर में गोली मार दी. पीड़िता की तहरीर पर छह नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ. रविवार की शाम को किन्नरों ने खूब बवाल किया. सोमवार को सुबह दर्जनों की संख्या में किन्नर सहजनवां थाना पहुंचे और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया, जिसको लेकर सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह ने आधा घंटा तक बातचीत किया मगर किन्नर नहीं माने और हिरासत में लिए गए किन्नर को सामने बुलाने की मांग पर अड़ गए.

नाराज किन्नर थाने में हंगामा करने के बाद गेट पर पहुंच गए और नग्न होकर प्रदर्शन करने लगे. इसके बाद फिर हाईवे पर पहुंच गए और नग्न प्रदर्शन के साथ ही हाइवे को जाम कर उत्पात मचाने लगे. इस दौरान ट्रक और पिकअप पर पथराव भी किया गया. साथ ही वाहनों के बोनट पर चढ़ कर गाली देने लगे. करीब आधा घंटा तक हाइवे जाम रहा और पुलिस कर्मियों ने समझा बुझाकर शांत कराया. सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि किन्नरों को समझाकर शांत कर दिया गया है. आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी होगी.

## किन्नरों के सामने असहाय दिखी पुलिस

सोमवार को सहजनवां पुलिस असहाय दिखी. सीओ के नेतृत्व में सहजनवां, गीडा और पीपीगंज थाने की फोर्स के साथ पीएसी भी तैनात थी लेकिन किसी की हिम्मत नहीं हुई कि किन्नरों से मोर्चा संभाल सकें.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



किन्नरों को समझाकर शांत कराती पुलिस.

## दरोगा ने किन्नरों को खरीद कर दिए कपड़े

सहजनवां थाना और हाइवे पर आक्रोशित किन्नरों ने विरोध में अपने कपड़े फाड़ दिए और नग्न होकर प्रदर्शन करने लगे. किन्नरों के नग्न होने से राहगीरों को शर्म आने लगी, जिसके बाद गीडा थाना पर तैनात एक दरोगा ने किन्नरों को समझा कर दुकान पर लेकर गए और उनको अपने पास से धन खर्च कर कपड़ा खरीद कर पहनाया.



थाने के सामने हंगामा करते किन्नर.




वाहनों पर चढ़कर किन्नरों ने किया प्रदर्शन.

## किन्नरों का पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम

सहजनवां में दो घंटे तक चले किन्नरों के हंगामे के बाद से पुलिस कर्मी समझाते रहे. इस दौरान तीन किन्नरों ने पुलिस कर्मियों से बात किया और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया.



## पुलिस ने एक आरोपित को किया अरेस्ट

सहजनवां थाना क्षेत्र में रविवार को गांही-रिठुआखोर मोड़ पर किन्नर को गोली मारने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार किरन नाम की एक किन्नर को घघसरा पुलिस ने कसरवल गुरु नानक ढाबे के पास से सोमवार अपराह्न 3.30 बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि शेष आरोपित लोगों की तलाश की जा रही है .

# हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

घर पर चढ़कर हमला करने वाले आरोपित को खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. नौवा अव्वल निवासी गणेश पासवान को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया. आरोपित ने नौवा अव्वल के टोला बिनहा निवासी इन्दल निषाद के घर पर चढ़कर हमला किया था. साथ ही जान से मारने की धमकी थी.

# गगहा थानेदार को चोरी और लूट का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया

गोरखपुर, निज संवाददाता। हत्या के मामले में जेल गए अभियुक्तों के घर वालों को बंधक बनाकर धमकी देकर चोरी और लूट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नम्बर 4 ने थानाध्यक्ष गगहा को दिया है।

कोर्ट में गगहा क्षेत्र के पोखरी गांव दूबे टोला निवासी वादिनी सुमन दूबे ने अपने अधिवक्ता मनोज कुमार धर दूबे के माध्यम से मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था।

प्रार्थना पत्र में वादिनी ने आरोप लगाया था कि उसके पट्टीदार अरविन्द कुमार दूबे से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। 23 अगस्त 2020 को वादिनी, उसके पति, बच्चों और रिश्तेदारों को हत्या के मामले में जेल भेज दिया गया था।

# पालतू कुत्ते के बाद अब घर के परिसर से गाय चोरी

- शाहपुर पुलिस ने गाय चोरी का दर्ज किया केस, फुटेज से जांच
- पालतू कुत्ता चोरी के मामले में स्कूटी सवारों की तलाश जारी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले में पालतू जानवर और पशुओं की चोरी की घटनाएं शुरू हो गई हैं। बैंक रोड से डॉक्टर के पालतू कुत्ता चोरी के मामले में पुलिस अभी जांच में जुटी ही थी कि अब रेलवे कालोनी से पालतू गाय चोरी हो गई। गौपालक की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधर, कुत्ता चोरी के मामले में पुलिस ने स्कूटी सवारों की तलाश तेज कर दी है। कार सवारों ने स्कूटी सवारों पर कुत्ता ले जाने की बात कही है, जिसके बाद स्कूटी सवार जिस इलाके में गए हैं वहां की सीसीटीवी फुटेज पुलिस जांच रही है। डेयरी कालोनी निवासी बाबूलाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि वह केयर टेकर के रूप में यहां रहते हैं और गाय पालते हैं। 18 मार्च की रात में किसी समय मेरी गाय चोरी हो गई। वहीं दूसरी तरफ बैंक रोड निवासी डॉ. महेन्द्र का पालतू कुत्ता चोरी होने के मामले में केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

# पुलिस को केस दर्ज कर जांच का आदेश

गोरखपुर। अनुसूचित जाति के व्यक्ति को गाली देने और उसकी बाइक चोरी करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जयप्रकाश ने झगहां थाना क्षेत्र के भैसही रामदत्त निवासी आकाश उपाध्याय उर्फ अम्बर बाबा एवं अमडिहा निवासी सूरज पासवान, हिमालय पासवान, देवानंद उर्फ लड्डू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट में झगहां थानाक्षेत्र के अमडिहा निवासी वादी उदयचंद्र पासवान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण द्विवेदी का कहना था कि 21 दिसम्बर 2022 की रात वादी के भाई सुनील कुमार सरोज की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। जिसकी सूचना वादी ने स्थानीय थाने पर दिया।

## सहजनवा में किन्नरों ने सोमवार को भी हाईवे जाम किया

# किन्नर को गोली मारने की एक आरोपी गिरफ्तार

**फॉलोअप**

**सहजनवा (गोरखपुर), हिसं।** साथी किन्नर को गोली मारने के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को भी किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। सहजनवां थाने के सामने प्रदर्शन करते हुए आधे घंटे तक गोरखपुर-लखनऊ हाईवे जाम रखा। हालांकि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाने की बात कही और एक आरोपित को हिरासत में लेने का भी दावा किया जिसके बाद किन्नर सड़क से हटे। दोपहर बाद पुलिस ने नामजद आरोपितों में शामिल एक किन्नर किरन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सहजनवा इलाके के रितुआखोर रोड पर गाही गांव के पास रविवार को बदमाशों ने किन्नर तान्या को गोली मार दी थी। घटना के वक्त वह जगदीशपुर से बधाई गाकर नेग लेकर लौट रही थी। वह गाड़ी में बैठने ही जा रही थी कि बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक गोली किन्नर तान्या की पीठ में लग गई। घटना की वजह क्षेत्र के बंटवारे का विवाद बताई जा रही है। घायल तान्या के साथियों ने सहजनवा इलाके के एक मोहल्ले में रहने वाली एक किन्नर पर जानलेवा हमला कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में पांच किन्नरों और उसके एक सहयोगी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।



पुलिस ने किन्नर किरण को गिरफ्तार किया।

### पांच आरोपितों की तलाश जारी

सोमवार दोपहर में किन्नरों का एक गुट फिर थाने पहुंचा और इसके बाद थाने के सामने हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस अफसरों द्वारा एक आरोपी नेपाल के पोखरा निवासी किन्नर किरन की गिरफ्तारी की जानकारी देने पर प्रदर्शनकारी सड़क से हटे। किरन को पीपीगंज थाने में रखा गया था तान्या के तीन साथियों को भेजकर उसे दिखाया गया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि छह आरोपितों में से एक किरन को सहजनवा क्षेत्र के कसरवल के पास ढाबे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

# दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम बाहिलपार निवासी आरोपित रिंकू की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय का कहना था कि घटना 26 फरवरी की रात नौ बजे की है। पीड़िता अपने मौसी के घर आई थी और एक घर से दूसरे घर जा रही थी। रास्ते में आरोपित रिंकू उसका मुंह बांधकर खींचकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# बेटिकट पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई




- डीआरएम के पत्र के बाद डीजीपी ने जारी किया आदेश
- टीटीई को धमकाने की शिकायत के बाद हुई सख्ती

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले पुलिसकर्मियो की अब खैर नहीं। बिना टिकट यात्रा की सूचना पर विभाग उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। यह निर्देश प्रदेश के डीजीपी ने सभी अपर पुलिस महानिदेशक और जीआरपी अधीक्षक को दिया है।

डीजीपी ने जारी पत्र में कहा है कि अगर कोई भी पुलिस कर्मी बिना टिकट यात्रा करता है और बेवजह टीटीई बहस करता है या उलझता है तो सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। डीजीपी ने यह पत्र डीआरएम लखनऊ मण्डल की शिकायत के बाद जारी किया है। डीआरएम ने डीजीपी को पत्र लिखकर बताया था कि ट्रेनों में पुलिसकर्मियों द्वारा टीटीई को परेशान करने की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

उन्होंने पत्र में हाल ही जम्मू जा रही अमरनाथ एक्सप्रेस में हुई घटना का भी जिक्र किया था। बीते 13 मार्च को भागलपुर से जम्मू जा रही 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस में दरोगा द्वारा टीटीई को धमकाने का मामला प्रकाश में आया था। बस्ती से बभनान के बीच टीटीई ने एसी कोच में सवार जीआरपी के एक दरोगा व सिपाही से जब टिकट मांगा तो वे टीटीई पर भड़क गए थे।

बिना टिकट थर्ड एसी कोच में यात्रा कर रहे दारोगा-सिपाही ने टीटीई को धमकी भी दी थी। इस घटनाक्रम को कोच में सवार एक यात्री ने कैमरे में कैद कर रेलमंत्री को ट्वीट किया था जिसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया था।

# आरोपित पति की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। पत्नी को मारपीट कर प्राणघातक चोटें पहुंचाने के मामले के अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम चेरिया निवासी आरोपित अवधेश यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन मिश्र का कहना था कि वादी देवेंद्र यादव रामागढ़ताल थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निकट बगहा बाबा मंदिर रुस्तमपुर दक्षिणी का निवासी है। उसकी पुत्री अंबिका रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में भव्या मैरेज हाउस के निकट अपने पति आरोपित अवधेश यादव और बच्चों के साथ रहती है।

# साइड डिवाइडर दुरुस्त होंगे, तोड़ने वालों का होगा चालान

हि असर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चौराहों पर बाईं तरफ जाने वाले लोगों के लिए लगाए गए डिवाइडर (फ्लेक्सिबल ट्रैफिक पोल) को तोड़ने वालों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। साइड डिवाइडर के अंदर से बायी तरफ जाने वाले दो बाइक सवारों का यातायात पुलिस चालान कर चुकी है। इसके साथ ही जो साइड डिवाइडर टूट गए हैं उन्हें लगाने के लिए एसपी ट्रैफिक ने आदेश जारी किया है।

आपके अपने अखबर 'हिन्दुस्तान' ने चौराहों पर लगे ट्रैफिक पोल (साइड डिवाइडर) उखड़ने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।



गोलघर काली मन्दिर के सामने टूटा बाईं ओर जाने वाला ट्रैफिक पोल। (फाइल फोटो)

- सीसीटीवी से रखी जाएगी साइड डिवाइडर तोड़ने वाले बाइकर्स पर नजर
- दो बाइकर्स के चालान के साथ ही शहर में शुरू हो गई कार्रवाई
- साइड डिवाइडर के बीच से बायीं ओर निकाल रहे थे बाइक सवार

बताया था कि शहर के प्रमुख चौराहों पर महज एक से डेढ़ महीने पहले लगे साइड डिवाइडर उखड़ने लगे हैं। गणेश चौराहा हो या ट्रांसपोर्टनगर या फिर यातायात तिराहा, टाउनहाल हो या फिर रुस्तमपुर-काली मंदिर रोड। इन सभी जगहों पर बायी तरफ से जाने वाले लोगों के लिए लगा साइड डिवाइडर उखड़ता जा रहा है। कुछ जगह टूट गए हैं तो कुछ जगहों पर लटके हुए हैं। साइड डिवाइडर टूटने से बाईं तरफ जाने वाले वाहन चालकों को भी सिग्नल में फंसना पड़ रहा है। लोग बीचे से निकलकर बाईं तरफ आ जा रहे हैं। साइड डिवाइडर पर लगे ट्रैफिक पोल प्लाटिक के होने की वजह से लचीले होते हैं। अक्सर बाईं तरफ से जल्दी निकलने के चक्कर में लोग इन पोल पर ठोकर मारते हुए आगे बढ़ जाते हैं। प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने साइड डिवाइडर दुरुस्त करने के साथ ही इन्हें तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाइकर्स पर नजर रखने का दिया आदेश

गोरखपुर। एसपी ट्रैफिक एमपी सिंह ने डिवाइडर के बीच से होकर बायी तरफ जाने वाले बाइकर्स पर नजर रखने और उनका चालान करने का आदेश दिया है साथ ही उन्होंने टूटे हुए डिवाइडर दुरुस्त कराने का भी निर्देश दिया है।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोपित को भेजा जेल

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के माड़ापार गांव में प्रार्थना सभा के दौरान ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोपित को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कूड़ाघाट निवासी करूणानिधी पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने वाराणसी जिले के फूलपुर क्षेत्र के रतनपुर निवासी संजय कन्नौजिया के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने की धारा 3/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# जानलेवा हमले के आरोपित को जेल

खोराबार। खोराबार पुलिस ने जानलेवा हमला की कोशिश करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने क्षेत्र के नौवा अव्वल के बिनहा टोला निवासी इंदल निषाद की तहरीर पर 4 मार्च को नौवा अव्वल निवासी गणेश पासवान के खिलाफ केस दर्जकर तलाश कर रही थी। इस दौरान आरोपित अखबार में खबर छपने पर पत्रकार के घर भी चढ़कर जानमाल की धमकी देने लगा। पीड़ित परिजन रामनयन पासवान की तहरीर पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया।

# डकैती के जुर्म में दस साल की सजा

गोरखपुर। डकैती का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नम्बर एक निवासी अभियुक्त रामसूरत यादव एवं शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर निवासी अभियुक्त रिजवान को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को दस हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि वादिनी सीमा कपूर शाहपुर थाना क्षेत्र के प्लाट नंबर 765 पत्रकारपुरम की निवासी हैं। 29 अप्रैल 2002 की रात 12.30 बजे पांच बदमाश छत के रास्ते कुंडी खोलकर घर के अंदर घुस आए थे।

# 18 लाख हड़पने वाले पर केस

सहज़नवां। नौसढ़ के रहने वाले कुछ भू-माफियाओं ने उरुवा थानाक्षेत्र के राईपुर के रहने वाले रामअधीन को फर्जी एवं कूटरचित कागजात दिखाकर भूमि बैनामा करा दिया और पीड़ित रामअधीन से 18 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने रुपये मांगने की कोशिश की तो तमंचा दिखाकर धमकाया जा रहा है। गीडा पुलिस ने इस मामले में रविवार को आधा दर्जन जालसाजों पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# इंस्पेक्टर की वर्दी में रील बनाते युवक को पकड़ा

## दुस्साहस

**पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** शाहपुर इलाके के राप्तीनगर स्थित पार्क में पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी में रील बना रहे यूट्यूबर को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा क्षेत्र निवासी 19 वर्षीय हरिओम मद्देशिया शाहपुर के राप्तीनगर स्थित जियो पार्क में रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पुलिस की 3 स्टार लगी वर्दी में रील बना रहा था। वर्दी पर उत्तर प्रदेश पुलिस का बैज और नेम प्लेट था जिस पर शुभम शुक्ला लिखा था। पार्क में वह लोगों से बातचीत करते हुए खुद को इंस्पेक्टर बता रहा था। इसकी सूचना मोहल्ले के लोगों ने शाहपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हॉक कांस्टेबल उमाशंकर यादव और प्रीतम कुशवाहा ने मौके पर पहुंच कर तैनाती स्थल पूछा तो हरिओम ने बताया कि वह पुलिसकर्मी नहीं बल्कि यूट्यूबर हैं। प्रसिद्धि पाने के लिए वीडियो बना रहा है। उसने इस कृत्य के लिए पुलिस से माफी मांगी। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। हॉक कांस्टेबल उमाशंकर यादव की तहरीर पर धारा 171 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर निजी मुचलके पर देर रात थाने से छोड़ दिया।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर। गीडा पुलिस ने सोमवार को चोरी की एक बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। चोर की पहचान क्षेत्र के बाघागाड़ा निवासी विजय निषाद के रूप में हुई।

# बेटिकट यात्रा की तो पुलिस कर्मियों पर केस : डीजीपी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** बिना टिकट ट्रेनों में यात्रा करने के मामले सामने आने के बाद डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने सख्त कदम उठाया है। बिना टिकट रेल यात्रा और टीटीई व अन्य रेलकर्मियों से अभद्रता करने पर पुलिसवालों पर मुकदमा भी दर्ज होगा। डीजीपी ने अपने आदेश में नियमानुसार विधिक और विभागीय कार्रवाई के आदेश लखनऊ सहित सात शहरों के कमिश्नर, एसएसपी, एसपी और एसपी रेलवे को दिया है।

अमरनाथ एक्सप्रेस में 10 मार्च को बिना टिकट यात्रा के दौरान दारोगा ने टीटीई को ट्रेन से फेंकने की धमकी दी थी। इसका वीडियो किसी यात्री ने बनाकर वायरल किया था। इसी तरह 14 मार्च को अर्चना एक्सप्रेस में बेटिकट यात्रा करते हुए पुलिसकर्मियों ने हेड टीटीई संदीप सिंह की प्रतापगढ़ में पिटाई कर दी थी। इस मामले में पीड़ित ने चारबाग जीआरपी में एफआइआर दर्ज कराई थी। प्रतापगढ़ स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से दारोगा सहित चार आरोपियों की पहचान की गई है। इसके एक दिन बाद 15 मार्च को बस्ती से गोंडा के बीच बेटिकट यात्रा कर रहे जीआरपी इंस्पेक्टर अरविंद शर्मा ने गोरखधाम एक्सप्रेस के टीटीई को सीट न देने पर झूठे आरोप में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी थी। इस घटना को लेकर डीआरएम आदित्य कुमार ने डीजीपी को पत्र भी लिखा था। पत्र का संज्ञान लेते हुए डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने इन घटनाओं का जिक्र करते हुए अपने आदेश में कहा है कि इससे सरकार और पुलिस विभाग की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# डकैती के मामले में दो को दस वर्ष कठोर कारावास

**विसं, गोरखपुर** : डकैती का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर-एक निवासी अभियुक्त रामसूरत यादव व शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर निवासी अभियुक्त रिजवान को दस साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को दस हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी ने बताया कि वादिनी सीमा कपूर शाहपुर थाना क्षेत्र के प्लाट नंबर-765 पत्रकारपुरम की निवासी है। 29 अप्रैल 2002 की रात 12:30 बजे पांच बदमाश छत के रास्ते कुंडी खोलकर घर के अंदर घुसे और वादिनी व उसकी सास जनक कपूर के हाथ के कंगन और बाली धमका कर उतरवा लिया। आवाज सुनकर जब वादिनी के पति व ससुर जागकर बाहर आए तो उन्हें भी धमकाया। बदमाश घर में रखा 16 हजार रुपये नकद, चेन, अंगूठी, बाली व अन्य सामान छीनकर ले गए। दौरान विवेचना अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

## प्राणघातक चोट पहुंचाने के आरोपित की जमानत अर्जी निरस्त

**विसं, गोरखपुर** : पत्नी को मारपीट कर प्राणघातक चोटें पहुंचाने के मामले के आरोपित बेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम चेरिया निवासी अवधेश यादव का जमानत प्रार्थनापत्र अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन मिश्र का कहना था कि वादी देवेंद्र यादव रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर निकट बगहा बाबा मंदिर रुस्तमपुर दक्षिणी का निवासी है। उसकी लड़की अंबिका रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में भव्य मैरेज हाउस के निकट पति आरोपित अवधेश यादव और बच्चों के साथ रहती है। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 19 जनवरी की रात करीब आठ से नौ बजे के बीच आरोपित अवधेश ने अंबिका को गाली देते हुए बुरी तरह मारा पीटा। इससे उसे गंभीर और प्राणघातक चोटें आईं। न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया।

## लेखाकार का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त

**विसं, गोरखपुर** : फर्जी एवं कूटरचित प्रमाण पत्र लगाकर सहायक लेखाकार के पद पर नौकरी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी आरोपित रविशंकर का जमानत प्रार्थनापत्र अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल व प्रमोद मौर्य का कहना था कि आरोपित फर्जी ओ लेवल प्रमाणपत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित 2016 परीक्षा में सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्त हुआ। प्रमाण पत्र की जांच कराई गई तो वह फर्जी एवं कूटरचित पाया गया। आरोपित को ऐसा कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया था।

# कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**विसं, गोरखपुर** : अनुसूचित जाति के व्यक्ति को गाली देने और उसकी मोटर साइकिल चोरी के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट जयप्रकाश ने झगहां थाना क्षेत्र के भैसही रामदत्त निवासी आकाश उपाध्याय उर्फ अम्बर बाबा व अमडिहा निवासी सूरज पासवान, हिमालय पासवान, देवानंद उर्फ लड्डू के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष झगहां को दिया है।

अमडिहा निवासी वादी उदयचंद्र पासवान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण द्विवेदी का कहना था कि 21 दिसंबर, 2022 की रात वादी के भाई सुनील सरोज की पल्सर चोरी हो गई। इसकी सूचना वादी ने थाने पर दी। ग्राम भैसही निवासी आकाश उपाध्याय उर्फ अम्बर बाबा का एक चोरों का गिरोह है, जिसमें सूरज पासवान, हिमालय पासवान और देवानंद उर्फ लड्डू शामिल हैं। वादी को आशंका है कि इन्हीं लोगों ने बाइक चोरी की है। थाने पर बुलाया गया तो आकाश ने वापस करने को कहा, पर किया नहीं।

# छह के विरुद्ध एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

**भटहट** : गुलरिहां थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी अजय भारती की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को भैरवा निवासी सोमनाथ, सुधीर सिंह व चार अज्ञात के विरुद्ध एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित ने बताया कि 11 मार्च को जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा चौराहे पर डीजे का सट्टा बुक था। बरात मालिक ने डीजे बंद करने को कहा। बंद करने पर नाराज आरोपितों ने अपने साथियों के साथ गाली देते हुए मारा पीटा। (जासं)

# हमला करने का आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

**गोरखपुर** : घर पर चढ़कर हमला करने वाले आरोपित को खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नौवा अव्वल निवासी गणेश पासवान को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित ने नौवा अव्वल के टोला बिनहा निवासी इन्दल निषाद के घर पर चढ़कर हमला किया था और धमकी थी। (जासं)

# मतांतरण कराने के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गोरखपुर** : खोराबार के माड़ापार गांव में महिलाओं को मतांतरण के लिए प्रेरित करने वाले आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया। कूड़ाघाट निवासी करुणानिधि पाण्डेय ने वाराणसी जिले के फूलपुर थाना के रतनपुरा निवासी संजय कन्नौजिया के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगया था कि आरोपित तीन साल से रानीडीहा में किराये पर रह रहा था। हर रविवार माड़ापार पहुंचकर महिलाओं को मतांतरण के लिए प्रेरित करता था। (जासं)

# जिले में बनेगी प्रदेश की पहली माडल पुलिस लाइंस

## तैयारी

**जासं, गोरखपुर** : जिले में प्रदेश की पहली माडल पुलिस लाइंस बनाने की तैयारी चल रही है। सोमवार की शाम वीडियो कान्फ्रेंसिंग में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के सामने इसकी प्रस्तुति दी। एडीजी की देखरेख में दिल्ली की कार्यदायी संस्था ने माडल पुलिस लाइंस की कार्ययोजना बनाई है।

गोरखपुर पुलिस लाइंस के अधिकांश आवास व भवन जर्जर हो चुके हैं। जल निकासी की व्यवस्था ठीक न होने की वजह से बरसात में पानी भर जाता है। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के आवास, परेड ग्राउंड, शस्त्रागार को योजनाबद्ध तरीके से नहीं बनाया गया है। पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधा, कार्यालय, परेड ग्राउंड व ट्रेनिंग सेंटर को व्यवस्थित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को माडल पुलिस लाइंस बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। एडीजी जोन अखिल कुमार की अगुवाई में दिल्ली की कार्यदायी संस्था ने माडल पुलिस लाइंस की कार्ययोजना तैयार की है। सोमवार की शाम अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये मुख्यमंत्री के सामने इसे पेश किया। इस दौरान एडीजी अखिल कुमार, मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, आइजी जे. रविन्दर गौड़, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल, जीडीए वीसी महेंद्र सिंह तंवर और कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के सामने माडल पुलिस लाइन की प्रस्तुति देते अधिकारी ● सौ. इंटरनेट मीडिया

- **मुख्यमंत्री को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दी गई कार्ययोजना की जानकारी**
- **एडीजी की देखरेख में दिल्ली की कार्यदायी संस्था ने बनाई है योजना**




# जोर लगा के हई सा...

सहजनवां थाना परिसर में किन्नरों के हंगामे के बाद पुलिस कर्मियों को अचानक कही जाना था। मौके पर खड़ी घघसरा चौकी की जीप को एक सिपाही स्टार्ट करने लगा लेकिन सफलता नहीं मिली। हार मानकर पुलिस कर्मियों ने दूसरे से सहयोग लेकर धक्का दिया, तब जाकर किसी तरह से जीप स्टार्ट हुई। यह देख लोग यही कह रहे थे कि यदि कोई घटना हो जाए तो खटारा गाड़ी से अपराधियों पर लगाम कैसे लगेगा • संतोष गुप्ता

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर किन्नरों ने जाम किया हाईवे

## आरोपित के पकड़े जाने के बाद शांत हुए, मेडिकल कालेज में भी किया था हंगामा, घायल लखनऊ रेफर

### लापरवाही का आरोप

**जासं. सहजनवां** : बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती गोली लगने से घायल तान्या किन्नर को डाक्टर ने रविवार की देर रात लखनऊ रेफर कर दिया। उपचार में लापरवाही का आरोप लगा तान्या के साथियों ने वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया था। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार की दोपहर में किन्नरों ने सहजनवां थाने के सामने नग्न प्रदर्शन के साथ ही लखनऊ हाईवे जाम कर दिया। कई वाहनों पर पथराव भी किया। खलीलाबाद की रहने वाली आरोपित किरन किन्नर की गिरफ्तारी की पुष्टि होने पर डेढ़ घंटे बाद जाम खत्म हुआ।

घायल तान्या किन्नर के समर्थकों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगा रविवार की रात मेडिकल कालेज में हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि वरिष्ठ डाक्टर नहीं आ रहे हैं। जूनियर डाक्टरों के भरोसे गंभीर मरीज को छोड़ दिया है। इसके बाद प्राचार्य ने अपनी देखरेख में उपचार शुरू कराया। देर रात डाक्टर ने तान्या को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं साजिश के तहत हत्या का प्रयास करने के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे किन्नरों ने सोमवार को दिन में 12 बजे सहजनवां थाने के सामने लखनऊ हाईवे जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। नग्न होकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करने के साथ ही वाहनों पर पथराव करने लगे। पीपीगंज, गीडा थानेदार के साथ मौके पर पहुंचे सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह ने खलीलाबाद की रहने वाली किरन किन्नर की गिरफ्तारी की जानकारी देकर जाम खत्म कराया। सीओ ने बताया कि अन्य आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**दारोगा ने किन्नरों को खरीद कर दिए कपड़े** : सहजनवां थाना के सामने हाईवे जाम करने के बाद प्रदर्शन कर रहे किन्नरों ने अपने कपड़े फाड़ डाले। नग्न होकर प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद गीडा थाने पर तैनात दारोगा ने उन्हें समझाया और दुकान पर ले जाकर कपड़ा खरीदकर पहनाया।



राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के दौरान ट्रक पर पथराव करती किन्नर • जागरण




सहजनवां थाने का घेराव करती किन्नर • जागरण



आरोपित किन्नर किरन • जागरण

• खलीलाबाद की रहने वाली किरन किन्नर को पुलिस ने भेजा जेल

### पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम

डेढ़ घंटे चले हंगामे के दौरान आक्रोशित किन्नरों को पुलिसकर्मी समझाते रहे। एक आरोपित की गिरफ्तारी होने की जानकारी देने पर भी वह नहीं मान रहे थे। पुलिस ने अभिरक्षा में रखी गई किरन किन्नर की फोटो दिखाई, जिसके बाद हंगामा कर रहे किन्नर माने। प्रिया समेत अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए उन्होंने पुलिस को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है।

# फर्जी तरीके से सहायक लेखाकर बने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**अमर उजाला ब्यूरो**

गोरखपुर। फर्जी एवं कूट रचित प्रमाण पत्र लगाकर सहायक लेखाकार के पद पर नौकरी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने शाहपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी आरोपित रविशंकर की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि आरोपित फर्जी ओ लेवल प्रमाण पत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा सम्मिलित सहायक लेखाकर एवं लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 में सहायक लेखाकर के पद पर नियुक्त हुआ है।

आरोपित के ओ लेवल प्रमाण पत्र की जांच कराई गई तो जांच में पता चला कि आरोपी ने निदेशालय के समक्ष जो प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है, वह फर्जी एवं कूटरचित है। आरोपी को ऐसा कोई प्रमाण पत्र नाइलिट द्वारा जारी नहीं किया गया है।

# 'नाट रीचेबल' रहता है तीन थानों का सीयूजी नंबर

सतीश पांडेय • गोरखपुर

आम लोगों की सुविधा के लिए थाना व चौकी प्रभारियों को सीयूजी नंबर दिए गए हैं। लेकिन जिले के बेलघाट, सिकरीगंज व हरपुर-बुदहट थाना व कई चौकियों का सीयूजी नंबर अक्सर "नाट रीचेबल" रहता है। ऐसे में इन थानों पर आम लोगों के लिए पुलिस से संपर्क कर पाना कठिन हो गया है।

जिले के सभी 31 थानों के प्रभारी को परमानेंट सीयूजी नंबर दिए गए हैं। इसके अलावा चौकी प्रभारियों के पास भी सीयूजी नंबर हैं। ऐसे में कमजोर नेटवर्क के कारण बेलघाट, सिकरीगंज व हरपुर-बुदहट थाना में यह नंबर काम ही नहीं कर रहे हैं। अधिकारी व थाने में तैनात पुलिसकर्मियों को अगर थानेदार से बात करना होता है तो प्राइवेट मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करते हैं। यह नंबर जनता के पास नहीं है। थानों में लगा लैंडलाइन फोन भी बंद हो चुका है। ऐसे में किसी भी मदद की आवश्यकता होने पर लोगों को सीधे थाने और चौकी जाना पड़ता है।

- **थानेदार को कोई भी सूचना देने के लिए जाना पड़ता है थाने**
- **लैंडलाइन नंबर हो चुका है बंद, लोगों को झेलनी पड़ती है परेशानी**

## सीयूजी से मिलती है सुविधा

पुलिस के सीयूजी नंबर आम लोगों के ज्यादा काम आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट व सिटीजन काप एप पर भी थानों का सीयूजी नंबर ही दर्ज है। ऐसे में लोग यहां से नंबर लेकर अपनी परेशानी पुलिस तक पहुंचाते हैं।



नेटवर्क की समस्या सभी जगह नहीं है। साउथ क्षेत्र के कुछ थाना व चौकियों में यह समस्या आ रही है। जहां सीयूजी नंबर में नेटवर्क को लेकर समस्या है, वहां परिसर में प्राइवेट नंबर सार्वजनिक करवाए गए हैं।

– **डा. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

# इंस्पेक्टर की वर्दी पहन बना रहा था रील, धराया

जासं, गोरखपुर : इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर पार्क में रील बना रहे युवक को रविवार की रात शाहपुर थाने के सिपाहियों ने पकड़ लिया। शाहपुर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने के इरादे से लोकसेवक की पोशाक पहनने का मुकदमा दर्ज कर रात में ही आरोपित को निजी मुचलके पर छोड़ दिया।



आरोपित ओम हरि। सौ. इंटरनेट मीडिया

मूल रूप से देवरिया के भलुअनी थाना क्षेत्र स्थित बढ़या फुलवरिया गांव निवासी ओम हरि मद्धेशिया गुलरिहा के सोनराइज में रहता है। रविवार की रात 8:30 बजे शाहपुर के राप्तीनगर स्थित जियो पार्क में पुलिस की थ्री स्टार लगी वर्दी में वीडियो बना रहा था। वर्दी पर उत्तर प्रदेश पुलिस का बैज और नेम प्लेट जिसपर शुभम शुक्ला डायल 112 लिखा था। पार्क में मौजूद लोगों के पूछने पर उसने बताया कि इंस्पेक्टर है। इसकी सूचना कालोनी के लोगों ने शाहपुर थाना पुलिस को दी। थाने के सिपाही उमाशंकर यादव व प्रीतम कुशवाहा पार्क में पहुंच गए। पूछने पर युवक ने बताया कि रील बनाने के लिए उसने वर्दी पहनी है। युवक को थाने लाकर पूछताछ के बाद सिपाहियों ने मुकदमा दर्ज कराया। इस दौरान उसने माफी भी मांगी। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि निजी मुचलके पर आरोपित को छोड़ दिया गया है। वर्दी को शाहपुर थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# पुलिस महकमे में फेरबदल, छह सीओ और 15 थानेदार बदले

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार की रात पुलिस महकमे में भारी फेरबदल किया। छह सीओ के साथ ही 15 थानेदारों को इधर से उधर कर दिया। कार्यप्रणाली ठीक न होने पर पांच थानेदारों की जिम्मेदारी छीन ली गई। एक को एसएसपी ने अपना पीआरओ तो दूसरे को एसओजी का प्रभारी बनाया है। तीन लोग लाइन हाजिर किए गए हैं। चौकी व थानों पर तैनात चार नए दारोगा पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानों की कमान सौंपी है।

पदोन्नति पाकर एडिशनल एसपी बने सीओ कैंपियरगंज श्यामदेव को एसपी पुलिस कार्यालय बनाया गया है। सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह को कैंपियरगंज सर्किल की कमान सौंपी गई है। सीओ गोला रहे जगतराम कनौजिया को कोतवाली सर्किल भेजा गया है। सीओ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह को गोला सर्किल की कमान सौंपी गई है। सीओ खजनी रहे अनिल कुमार सिंह अब मंदिर की सुरक्षा की कमान संभालेंगे। सीओ कार्यालय जितेंद्र कुमार शर्मा को एसएसपी ने खजनी सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है।

**रणधीर मिश्रा को कैंट, शशिभूषण को रामगढ़ताल थाने का प्रभार** : प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रणधीर मिश्रा को कैंट थाने का प्रभार मिला है। कोतवाली थाने की जिम्मेदारी रिट सेल प्रभारी रहे निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी को मिली है। प्रभारी निरीक्षक कैंट रहे शशिभूषण राय को रामगढ़ताल थाने भेजा गया है, यहां तैनात सुधीर सिंह को चौरी चौरा थाने की जिम्मेदारी मिली है। प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा संजय कुमार सिंह को गुलरिहा थाना भेजा गया, जबकि गुलरिहा थानेदार निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय को शाहपुर थानेदार बनाया गया है। शाहपुर थानेदार रहे निरीक्षक मधुप मिश्रा एसओजी टीम के प्रभारी बनाए गए हैं। बड़हलगंज थानेदार जय नारायण शुक्ल को खोराबार थाने व यहां तैनात रहे निरीक्षक कल्याण सिंह सागर को उनकी जगह भेजा गया है। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक सुबोध को खजनी थाने का प्रभार मिला है, यहां तैनात संजय मिश्रा को एसएसपी ने अपना पीआरओ बनाया है। उरुवा थानेदार सुनील कुमार, गगहा थानेदार संदीप सिंह और कैंपियरगंज थानेदार भूपेंद्र को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है।

## इन्हें मिला प्रभार

एसओजी टीम के प्रभारी रहे उप निरीक्षक मनीष यादव को सिकरीगंज, रेलवे चौकी प्रभारी अरविंद सिंह को उरुवा और एसपी सिटी के वाचक रहे उप निरीक्षक महेंद्र मिश्रा को एसएसपी ने सहजनवां थाने का प्रभार सौंपा है। वहीं, सिकरीगंज थाना प्रभारी रहे उप निरीक्षक राजकुमार सिंह को कैंपियरगंज का थानेदार, सहजनवां थानेदार नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव को पिपराइच का थानेदार बनाया गया, यहां तैनात रहे सूरज सिंह को गगहा थाने की जिम्मेदारी मिली है।

# पांच से थानेदारी छिनी, चार नए को थाने की कमान

अमर उजाला ब्यूरो

## छह सीओ का भी कार्यक्षेत्र बदला गया, तीन थानेदार लाइनहाजिर

गोरखपुर। एसएसपी ने छह सीओ और 17 थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। तीन को लाइनहाजिर कर दिया तो दो को थानेदारी से हटा दिया गया। वहीं, चार नए पुलिसकर्मियों को थानेदारी सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सीओ कैंपियरगंज श्यामदेव को सीओ पुलिस ऑफिस बनाया है। जबकि, सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह को कैंपियरगंज सर्किल की कमान सौंप दी। वहीं, सीओ गोला जगतराम कन्नौजिया को कोतवाली सर्किल भेजा गया है।

इसी तरह सीओ मंदिर सुरक्षा अजय कुमार सिंह को गोला सर्किल की कमान सौंपी गई है। अब मंदिर की सुरक्षा की कमान सीओ खजनी रहे अनिल कुमार सिंह संभालेंगे। वहीं, एएसपी जितेंद्र कुमार शर्मा को एसएसपी ने खजनी सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रणधीर मिश्रा को कैंट की जिम्मेदारी दी गई। कोतवाली थाने की जिम्मेदारी अब रिट सेल प्रभारी रहे अंजुल को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय को रामगढ़ताल थाने भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल सुधीर सिंह को चौरीचौरा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह चौरीचौरा प्रभारी निरीक्षक रहे संजय कुमार सिंह को गुलरिहा भेजा गया। गुलरिहा के प्रभारी निरीक्षक रहे मनोज कुमार पांडेय को प्रभारी निरीक्षक शाहपुर बनाया गया है।

शाहपुर प्रभारी निरीक्षक रहे मधुप मिश्रा एसओजी टीम के प्रभारी बनाए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक बड़हलगंज जय नारायण शुक्ला को खोराबार थाने की जिम्मेदारी गई। खोराबार के प्रभारी निरीक्षक रहे कल्याण सिंह सागर को बड़हलगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है।

अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक सुबोध को खजनी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। खजनी प्रभारी रहे सब इंस्पेक्टर संजय मिश्रा को एसएसपी ने अपना पीआरओ बनाया है।

इसके साथ ही तीन थानेदारों पर गाज

# मारपीट के आरोपी को जेल भेजा

**खोराबार।** इलाके के नौवा अव्वल में घर पर धावा बोलकर गंभीर रूप से मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गणेश पासवान के रूप में हुई। आरोप है कि चार मार्च को गणेश पासवान ने घर पर चढ़कर मारपीट की थी। पुलिस ने गिरफ्तार किया, लेकिन शांतिभंग में चालान कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# जमीन बैनामा करने के नाम पर जालसाजी, केस दर्ज

गौंडा। इलाके के नौसड़ में जमीन बैनामा करने के नाम पर जालसाजी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, उरूवा थाना क्षेत्र के राईपुर निवासी राम अधीन ने दिए तहरीर में लिखा कि वर्ष 2017 में नौसड़ में रामभवन से आठ डिस्मिल जमीन 18 लाख में बैनामा लिया। जमीन पर पहुंचा तो किसी और का कब्जा था। शिकायत के बाद विक्रेता ने दूसरी जगह जमीन देने का लिखित वादा किया, लेकिन न जमीन दिया और न ही रुपये वापस कर रहा। ब्यूरो

# बिना टिकट यात्रा करने वाले पुलिस कर्मियों की खैर नहीं

## डीजीपी ने सभी एडीजी और जीआरपी अधीक्षक को कार्रवाई का दिया निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जम्मूतवी एक्सप्रेस में एक दरोगा द्वारा टीटीई को धमकाने के मामले को रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। अब ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी सख्ती बरती जाएगी। इस संबंध में डीजीपी ने सभी अपर पुलिस महानिदेशक और जीआरपी अधीक्षक को निर्देश जारी किए हैं।

डीजीपी की तरफ से जारी पत्र में कहा है कि अगर कोई भी पुलिस कर्मी बिना टिकट यात्रा करता है और बेवजह टीटीई से बहस करता है तो सख्त कार्रवाई होगी। डीजीपी ने यह पत्र डीआरएम लखनऊ मण्डल के पत्र के बाद जारी किया है।

डीआरएम ने डीजीपी को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि ट्रेनों में पुलिस कर्मियों द्वारा टीटीई को परेशान करने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। उन्होंने पत्र में हाल ही में जम्मू जा रही जम्मूतवी एक्सप्रेस में हुई घटना का भी जिक्र किया था।

बीते 13 मार्च को भागलपुर से जम्मू जा रही 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस में दरोगा द्वारा टीटीई को धमकाने का मामला प्रकाश में आया था।

अमरनाथ एक्सप्रेस में बस्ती से बभनान के बीच टीटीई ने एसी कोच में सवार जब जीआरपी के एक दरोगा से टिकट मांगा तो दारोगा व सिपाही टीटीई पर भड़क गए थे।

उन्होंने टीटीई को धमकाया था। इस पूरे घटनाक्रम को कोच में सवार एक यात्री ने कैमरे में कैद कर रेलमंत्री को ट्वीट कर दिया था। यह वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ।

# डकैती के अभियुक्तों को 10 साल की कैद

गोरखपुर। डकैती का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक निवासी अभियुक्त रामसूरत यादव व शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर निवासी अभियुक्त रिजवान को 10 साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

# इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर वीडियो बना रहा युवक हिरासत में

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के राप्तीनगर स्थित पार्क में पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर वीडियो बनाते युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार की रात में हॉक दस्ते की पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई। वहां पर पूछताछ में पता चला कि वह सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए वीडियो बना रहा था।

आरोपी की पहचान गुलरिहा के सोनराइज निवासी हरिओम मद्धेशिया (19) के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के राप्तीनगर स्थित जियो पार्क में रविवार की रात करीब 8:30 बजे पुलिस की वर्दी में थ्री स्टार लगा था। उत्तर प्रदेश पुलिस बैज और नेम प्लेट पर शुभम शुक्ला लिखा था।

युवक वर्दी पहन कर पार्क में लोगों से बातचीत कर रहा था और अपने को इंस्पेक्टर बता रहा था। इसकी सूचना मुहल्ले के लोगों ने शाहपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हॉक कांस्टेबल उमाशंकर यादव व प्रीतम कुशवाहा ने पहुंच कर युवक से तैनाती स्थल पूछा तो युवक ने यूट्यूबर होने की जानकारी दी।

युवक ने स्वीकार किया कि उससे गलती हो गई। वह भविष्य में ऐसा नहीं करेगा। ब्यूरो

# पेशेवर जेल में, हर दिन नए चोर बने सिरदर्द

## टॉप-10 चोरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस ने जेल में धकेला, फिर भी हो रहीं चोरियां

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** हर दिन नए चोर पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। चोरी की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने जिले के टॉप-10 पेशेवर बदमाशों को जेल में धकेल दिया, लेकिन चोरी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं।

अब पुलिस भी मान रही है कि वारदात करने वाले पेशेवर नहीं हैं। अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए युवा गलत राह पकड़ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, जिले में आए दिन बाइक चोरी और घरों-दुकानों में चोरी की घटनाएं हो रहीं हैं, लेकिन पुलिस पर्दाफाश एकाध का ही कर पाती है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि चोरी की घटनाओं की ओर पुलिस अफसरों का ज्यादा ध्यान नहीं होता है, और ना ही इसे लेकर कहीं हो-हल्ला होता है। इस वजह से पुलिस बड़े आराम से काम करती है।

**इन चोरों को पुलिस ने गैंगस्टर के तहत भेजा जेल :** पुलिस के रिकॉर्ड में चोरी की वारदात करने वाले बड़े बदमाशों में चौरीचौरा का मुंडेरा बाजार समीउद्दीन उर्फ चुन्नू, सरैया न्यू कॉलोनी निवासी दीपक गौड़, मुंडेरा बाजार निवासी मनीष यादव, भगवानपुर का किशन उर्फ बिट्टू, कैंट का दिव्यनगर निवासी धीरू पासवान, अभिषेक सिंह, चिलुआताल का हरसेवकपुर निवासी अविनाश चौहान और अनिल चौहान शामिल हैं। इन सभी को गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस ने जेल भेजा है।

### हाल के दिनों में पकड़े गए चोरों का नहीं मिला कोई आपराधिक रिकॉर्ड



शौक पूरे करने के लिए युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। इसे लेकर पुलिस भी काम कर ही है। जल्द ही पहली बार अपराध करने वाले युवाओं की काउंसलिंग कराई जाएगी। मैं अपने स्तर से घटना होने के बाद वजह पर काम करा रहा हूं। अभियान चलाकर नशा मुक्ति और काउंसलिंग कराई जाएगी, ताकि अपराध में जाने से युवाओं को रोका जा सके।

**- अखिल कुमार,** एडीजी गोरखपुर जोन

### चोरी की घटनाओं में पकड़े गए युवा

- 05 अप्रैल 2022 को पुलिस ने कुशीनगर के करमहिया निवासी अविनाश कुमार यादव को गिरफ्तार किया था। वह यूनिवर्सिटी का छात्र था। परीक्षा देने के लिए आने वाले छात्रों के वाहनों की डिकी से मोबाइल चोरी करने के मामले में वह पकड़ा गया था।
- 16 अक्तूबर 2022 को पुलिस ने आईटीआई छात्र हिमांशु साहनी को गिरफ्तार किया था। वह बाइक चोरी में संलिप्त पाया गया। इसके अलावा नशीले पदार्थ की तस्करी में भी वह शामिल मिला।
- 21 दिसंबर 2022 को पुलिस ने चोरी की 11 बाइकों के साथ छह युवाओं को गिरफ्तार किया। इनमें से बेलघाट का अमन मिश्रा और अभिषेक शुक्ला छात्र थे। यह प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए चोरी करते थे।

व्यक्ति और समाज के बीच गहरा संबंध हो तो वह स्वाभाविक रूप से सामाजिक नियमों के अनुसार व्यवहार करता है। परंतु वर्तमान समय में विकसित समाज में भौतिक उपलब्धियों को जीवन का प्रमुख लक्ष्य माना जा रहा है। आधुनिक समाज में परंपरागत मूल्य प्रभावी नहीं रह जाते तथा वैकल्पिक सामाजिक मूल्य, मानदंड विकसित नहीं हो पाते हैं, ऐसे में मानदंड हीनता की स्थिति उत्पन्न होती है और सामाजिक विचलन (समाज के विरुद्ध व्यवहार) उत्पन्न होता है।



**- दीपेंद्र मोहन सिंह,** समाजशास्त्री

आजकल जिस तरह से युवाओं में चोरी अथवा अन्य आपराधिक प्रवृत्ति बढ़ रही है, वह कहीं ना कहीं तेजी से बदलते हुए सामाजिक ढांचे का प्रतिफल है। युवाओं में फ्रस्ट्रेशन, अधैर्य बढ़ रहा है व टॉलरेंस पावर खत्म हो रही है। आजकल छोटे बच्चों के डिक्शनरी से इंतजार या सब्र नामक शब्द खत्म हो रहे हैं। समाज के साथ साथ यह परिवार की भी जिम्मेदारी हैं कि वह अपने बच्चों के साथ पर्याप्त समय बिताएं और उसकी हर हरकत पर नजर रखें।



**- डॉ. सीमा श्रीवास्तव,** मनोवैज्ञानिक

# किन्नरों ने अर्द्धनग्न होकर किया हंगामा, हाईवे पर लगाया जाम

## किन्नर तान्या को लखनऊ किया गया रेफर, गोली मारने के विरोध में फिर सड़क पर उतरे साथी





गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर किन्नरों ने वाहनों को रोककर जाम लगा दिया। इसके बाद सहजनवां थाने पर हंगामा किया। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

**सहजनवां (गोरखपुर)।** सहजनवां इलाके में किन्नर तान्या को गोली मारने के विरोध में सोमवार दोपहर 12 बजे किन्नर फिर सड़क पर उतर गए। गोरखपुर-लखनऊ मार्ग पर अर्द्धनग्न होकर किन्नरों ने जमकर बवाल किया और फिर थाने में भी जमकर हंगामा किया।

किन्नरों के हंगामे की वजह से हाईवे पूरी तरह से जाम हो गया और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। उधर, गोली लगने से घायल तान्या को सोमवार को मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया।

किन्नर साथी को गोली मारने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। बवाल बढ़ने पर पीपीगंज गीडा और हरपुर बुदहट थाने की पुलिस भी बुला ली गई। पीपीगंज थानेदार दीपक सिंह ने पुराने संबंधों की दुहाई देते हुए किसी तरह से किन्नरों को समझाया और एक आरोपी की गिरफ्तारी होने की जानकारी दी। पकड़े गए आरोपी की पहचान नेपाल के पोखरा निवासी किरन किन्नर के रूप में हुई। इसके बाद किन्नर शांत हो गए और सड़क से हटकर थाने में चले गए।

जानकारी के मुताबिक, रिठुआखोर में नेग लेकर लौट रही किन्नर तान्या को रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। पुलिस नामजद केस केस दर्ज कर जांच में जुटी थी। इसी बीच रविवार को किन्नरों ने प्रदर्शन किया था। रात में पुलिस ने शांत कराया था, लेकिन सोमवार सुबह किन्नर फिर थाना चौराहे पर पहुंच गए और जाम लगा दिया। उधर, पुलिस की एक टीम ने एक आरोपी किन्नर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किन्नर के गिरफ्तारी और फिर पुलिस कस्टडी में फोटो दिखाने के बाद ही किन्नर शांत हुए।

**किन्नरों ने डीएम को ज्ञापन दिया :** महिला थाने में स्थापित किन्नर कल्याण समिति में आपराधिक छवि को किन्नर को शामिल करने का आरोप लगाते हुए महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी ने डीएम को ज्ञापन दिया।



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### *हाईवे जाम होने की वजह से सांसत में रहे मुसाफिर*

*दो दिन से लगातार हाईवे जाम होने की वजह से मुसाफिर सांसत में आ गए थे। गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। जाम में फंसे लोग किसी तरह से निकलना चाहते थे, लेकिन एक लेन पूरी तरह से जाम होने की वजह से कोई आवागमन नहीं हो पा रहा था। सबसे ज्यादा मुसीबत छोटे बच्चों को लेकर आ रहे मुसाफिरों को हुई। क्योंकि हंगामा कर रही किन्नर अर्द्धनग्न हो गई थीं और बच्चों के सवाल का जवाब अभिभावकों के पास नहीं था। पुलिस समझा कर सभी किन्नरों को थाने में लेकर चली गई जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका।*

### बेबस दिखी पुलिस, खोजे जाने लगे किन्नरों को समझाने वाले पुलिसकर्मी

किन्नरों के हंगामे के सामने पुलिस पूरी तरह से बेबस दिख रही थी। सीओ कैंपियरगंज उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन किन्नर उग्र होते जा रहे थे। पुलिस के समझाने के बीच ही कुछ किन्नर निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन करने लगे जिसके बाद पुलिस भी पीछे हट गई। इसी बीच आला अफसर किन्नरों से तालमेल रखने वाले पुलिसकर्मियों को खोजने लगे। फिर पीपीगंज थानेदार दीपक सिंह बुलाए गए। क्योंकि वह पादरी बाजार चौकी इंचार्ज रह चुके थे और पादरी बाजार में किन्नरों का बड़ा समूह रहता है इस वजह से बड़े किन्नरों से इनकी जान पहचान थी। बाद में पीपीगंज से आए दीपक सिंह ने भी किन्नरों को आश्वासन दिया और खुद गिरफ्तार किए गए किन्नर के फोटो को दिखाया जिसके बाद किन्नर शांत हुए।

### अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शन



पकड़ी गई आरोपी किन्नर किरन।

**पुलिस** को किन्नरों ने एक बार फिर चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कह दिया कि अगर जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वह उग्र प्रदर्शन को बाध्य होंगी। पुलिस की अलग-अलग पांच टीमें लगी हैं। एक आरोपी के गिरफ्तारी के बाद पुलिस राहत की सांस ले रही है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



किन्नर को गोली मारने की घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगी हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# दोषपूर्ण विवेचना करने वाले थानेदार पर कार्रवाई का आदेश

देवरिया,विधि संवाददाता। न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार की अदालत ने विवेचना में लापरवाही व साक्ष्यों को नजरअंदाज कर आरोपियों को लाभ पहुंचाने के लिए अंतिम रिपोर्ट लगाने वाले थानेदार पर सख्त रुख अपना है। जज ने पुलिस अधीक्षक को तत्कालीन विवेचक थानाध्यक्ष बरियारपुर गोरखनाथ सरोज कार्यवाही करने के लिए आदेश दिया है ।

26 नवंबर 2021 को 7 बजे साय गुलाब यादव अपना ट्रैक्टर लेकर घर आ रहे थे। गांव के ही अरविंद तिवारी आदि लोग जबरन ट्रैक्टर जाने से मना कर दिया। गाली गुप्ता देते हुए कट्टा लेकर दौड़ा लिए और राहुल यादव को मारकर दांत तोड़ दिया। प्रभु दयाल के हाथ की हड्डी तोड़ दिए। गुलाब यादव जब घटना की सूचना देने थाना बरियारपुर गए तो तत्कालीन थानाध्यक्ष ने उन्हें ही 151 में बंद कर दिया और उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की । गुलाब यादव न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया। जिसकी विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज द्वारा की गई। गोरखनाथ सरोज ने विवेचना में लापरवाही बरतते हुए जल्दबाजी में विवेचना पूरी कर आरोपियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट को नजरअंदाज करते हुए अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित कर दिया। जिससे क्षुब्ध होकर पीड़ित ने अंतिम रिपोर्ट निरस्त कराने के लिए प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र न्यायालय में दिया।

प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पाया कि विवेचक का कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में न केवल घोर लापरवाही का द्योतक है, बल्कि लापरवाही पूर्वक विवेचना संपादित करते हुए आरोपियों को बचाने के लिए ऐसी विवेचना की है। पुलिस अधीक्षक ऐसे लापरवाह विवेचक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें।

## बाइक चोरी में एक अज्ञात पर केस

**भटनी (देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली में मोटरसाइकिल की चोरी में भटनी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया गया है कि रत्नेश कुमार पांडेय पुत्र रामसकल पांडे निवासी वैध मिश्रौली ने थाना भटनी में तहरीर दिया है। दिए गए तहरीर में लिखा है कि 9 मार्च को मैं मिश्रौली में एक शादी समारोह में गया था कि हमारी मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्प्लेंडर जिसका नम्बर न्च52 ।ह्र7408 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के सम्बंध में दिए गए तहरीर के आधार पर भटनी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 379,179 (1) ड्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की कार्यवाही में जुटी है।

## तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि रमापति तिवारी पुत्र कमला तिवारी निवासी ग्राम नोनापार ने थाना भटनी में तहरीर दिया है। दिए गए तहरीर में लिखा है कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे ही गाँव के योगेंद्र तिवारी पुत्र रामपाल, वीरेन्द्र पुत्र राजनारायण तिवारी, आदित्य पुत्र राजनारायण तिवारी द्वारा मुझे माँ बहन की भद्दी भद्दी गली देना मेरे द्वारा मना करने पर दौड़ा कर घर मे घुस कर मरना तथा जाते समय जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में तहरीर के आधार पर भटनी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 352, 452 के तहत केस दर्ज कर मामले की जाँच में जुटी है।

हिन्दुस्तान दि- 21/02/23

# छह शराब तस्कर हुए गिरफ्तार

लार। यूपी से बिहार को शराब की तस्करी बदस्तूर जारी है। लार थाना के मेहरौनाघाट पुल पार करते ही गुठनी थाना के जतौर पुलिया के पास से बिहार पुलिस ने तीन वाहनों से शराब बरामद बरामद करते हुए 6 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। सोमबार को सभी तस्करों पर विधिक कार्रवाई करते हुए सिवान जेल भेज दिया।

यूपी के मेहरौनाघाट पुलिस चौकी पार करते पड़ोस के गुठनी थाना क्षेत्र के जतौर नहर के समीप रविवार की अपरान्ह दोपहर पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के बाद एक टीम बनाकर आसपास के इलाकों में जांच शुरू कर दिया। जहां यूपी की तरफ से जा रहे दो चार पहिया वाहन और एक मोटरसाइकिल सवार को पुलिस ने रोकना चाहा। परन्तु पुलिस को देखकर चार पहिया वाहन के चालक ने गाड़ी तेजी से भगाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब कारोबारियों और पुलिस में काफी जद्दोजहद हुआ। जिसके बाद शराब से भरी स्विफ्ट डिजायर कार पास के ही खेत में लेकर उतर गए। जिसके बाद एएसआई प्रमोद तिवारी, एसआई श्रवण कुमार पाल और अन्य पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को शराब के साथ पकड़ लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि 18 कार्टून शराब बरामद किया गया है। वहीं इस कार्रवाई में 6 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

# अज्ञात पर बाइक चोरी का केस

खुखुन्दू। बारात में से बाइक चोरी होने पर पुलिस ने नाम पता अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज किया है। 16 मार्च की रात थानाके सुकरौली गांव में आसिफ़ पुत्र जैनुद्दीन निवासी निशानिया पैकौली थाना खामपार भाई शमशाद की गाड़ी लेकर बारात में आया था। वह रात में बाइक नौ बजे खड़ी कर दिया। वह बारात की देखरेख में लग गया।

हिन्दुस्तान दि०-21/03/23

# 16 दरोगा, 59 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जिले के थानों में तैनात 16 दरोगा समेत 59 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदलाव किया है। वही थाने में तैनात 1 दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। लाइन में तैनात एक दरोगा को खामपार थाने में एसएसआई बनाया गया है।

- सतराव चौकी प्रभारी को एसपी ने किया लाइन हाजिर
- लाइन में तैनात एक दरोगा को खामपार में बनाया एसएसआई

पुलिस अधीक्षक ने जिले में क्राइम कंट्रोल करने के लिए जिले के थानों में तैनात 16 दरोगाओं समेत 59 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस लाइन में तैनात रामराज सिंह को एसएसआई खामपार, गौरीबाजार थाने के एसएसआई महेन्द्र मोहन को बरहज थाने के सतराव चौकी प्रभारी बनाया गया है। सदर कोतवाली में तैनात ब्रम्हानन्द चौधरी को लार, जगदीश प्रसाद को खुखुन्दू थाने में भेजा गया है। बघौचघाट थाने में तैनात एसआई व्द्रिरका प्रसाद को लार, राजेन्द्र सिंह को सदर कोतवाली, सलेमपुर में तैनात सूर्यनाथ सिंह को बघौचघाट, मदनपुर थाने के एसएसआई संतोष कुमार यादव को सदर कोतवाली भेजा गया है। लार में तैनात विनोद कुमार यादव को गौरी बाजार थाना, लार में तैनात रामज्ञा यादव को सलेमपुर, खुखुन्दू में तैनात परशुराम सिंह को गौरीबाजार और सज्जन प्रसाद को भाटपाररानी, भाटपाररानी में तैनात रुबाष चौधरी को मदनपुर और बरहज में तैनात अफजल सलीम को सदर कोतवाली में तैनात किया गया है।

# टंकी में 108 पेटी शराब पकड़ी गई

भटनी। क्षेत्र के नोनापार गांव के पास से पुलिस को एक शौचालय टंकी से अंग्रजी शराब की खेप पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने टंकी से 108 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर शराब की खेप बरामद की गयी है।

दरोगा पिंटू चौधरी, अंकित सिंह ,विनय कुमार सिंह, अभिमित कुमार व श्रवण कुमार मुखबिर के साथ खोरा टोला के पास छिपे थे। अंधेरे में एक ट्रैक्टर शौचालय टंकी सफाई के साथ देखा गया। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पुलिस ने टंकी खोली तो में करीब पांच हजार पाउच अलग अलग दो ब्रांड के बरादम किए गए है। पुलिस ने वाहन को सीज करते हुए अज्ञात चालक के खिलाफ 6 के तहत केस दर्ज किया है। इस बाबत दरोगा पिन्टू चौधरी ने बताया कि सूचना पर रेकी हुई।

हिन्दुस्तान दि०-21/03/23

# आज घोटाले की जांच करने पहुंचेगी सीबीआई

देवरिया। खनन विभाग में हुए घोटाले की जांच कर रही सीबीआई की टीम सोमवार को देवरिया आने वाली थी। पूरे दिन खनन विभाग के अधिकारी सीबीआई की राह निहारते रहे। देर शाम पता चला कि सीबीआई मंगलवार को जिले में पहुंचेगी। पिछले एक दशक में जिले में हुए अवैध बालू खनन की जांच के लिए एक बार फिर सीबीआइ की टीम जिले में दस्तक देगी

हिन्दुस्तान दि- 21/03/23

# छह शराब तस्कर हुए गिरफ्तार

लार। यूपी से बिहार को शराब की तस्करी बदस्तूर जारी है। लार थाना के मेहरौनाघाट पुल पार करते ही गुठनी थाना के जतौर पुलिया के पास से बिहार पुलिस ने तीन वाहनों से शराब बरामद बरामद करते हुए 6 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को सभी तस्करों पर विधिक कार्रवाई करते हुए सिवान जेल भेज दिया।

यूपी के मेहरौनाघाट पुलिस चौकी पार करते पड़ोस के गुठनी थाना क्षेत्र के जतौर नहर के समीप रविवार की अपरान्ह दोपहर पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के बाद एक टीम बनाकर आसपास के इलाकों में जांच शुरू कर दिया। जहां यूपी की तरफ से जा रहे दो चार पहिया वाहन और एक मोटरसाइकिल सवार को पुलिस ने रोकना चाहा। परन्तु पुलिस को देखकर चार पहिया वाहन के चालक ने गाड़ी तेजी से भगाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शराब कारोबारियों और पुलिस में काफी जद्दोजहद हुआ। जिसके बाद शराब से भरी स्विफ्ट डिजायर कार पास के ही खेत में लेकर उतर गए। जिसके बाद एएसआई प्रमोद तिवारी, एसआई श्रवण कुमार पाल और अन्य पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को शराब के साथ पकड़ लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि 18 कार्टून शराब बरामद किया गया है। वहीं इस कार्रवाई में 6 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

हिन्दुस्तान दि०- 21/03/23

# ट्रक चोरी में एसओजी ने दो को उठाया

देवरिया। मालगोदाम परिसर से पिछले दिनों सीमेंट के साथ चोरी गए ट्रक के मामले एसओजी दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीमेंट सहित ट्रक चोरी की घटना में सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। ट्रक को बरामद करने के लिए एसपी ने एसओजी टीम को लगाया है।

खुखुन्दू थाना क्षेत्र के चकिया गांव के रहने वाले रविन्द्र यादव पुत्र गनेश यादव का 10 चक्का ट्रक 2 मार्च की शाम को माल गोदाम से 360 बोरी एसीसी सीमेन्ट समेत गायब हो गया। रविन्द्र ने सीमेंट लदे ट्रक चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरु कर दी। घटना के एक पखवारे बाद भी कोतवाली पुलिस ट्रक के बारे में कोई सुराग नहीं लगा सकी। एसपी ने मामले की जांच एसओजी को सौंप दिया। एसओजी ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। टीम के सदस्य उन्हें लेकर ट्रक को बरामद करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए कई स्थानों पर छापेमारी किया है।

दैनिक जागरण दि- 21/03/23

# दोषपूर्ण विवेचना के लिए विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई करें एसपी

**विधि संवाददाता, देवरिया:** न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार की अदालत ने विवेचना में लापरवाही व साक्ष्यों को नजर अंदाज कर आरोपितों को लाभ पहुंचाने के लिए अंतिम रिपोर्ट प्रेषित करने पर एसपी को पत्र लिख कर तत्कालीन बरियारपुर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई करने को कहा है।

26 नवंबर 2021 को शाम सात बजे गुलाब यादव अपनी ट्रैक्टर लेकर घर जा रहे थे, गांव के ही अरविंद तिवारी व अन्य लोगों ने जबरन ट्रैक्टर जाने से मना कर दिया और अपशब्द बोलते हुए कट्टा लेकर दौड़ दिया। राहुल यादव को मारपीट कर तोड़ दिया गया। इस मामले में गुलाब यादव ने बरियारपुर थाने में तहरीर दी। तत्कालीन थानाध्यक्ष ने शांतिभंग की कार्रवाई की। बाद में मुकदमा भी दर्ज कराया गया, विवेचना थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज द्वारा की गई, विवेचना में लापरवाही बरतते हुए जल्दबाजी में विवेचना पूरी कर आरोपितों को लाभ पहुंचाते हुए मेडिकल रिपोर्ट को नजर अंदाज कर अंतिम रिपोर्ट भेज दी गई। अदालत ने पाया कि विवेक का कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में न केवल घोर लापरवाही का द्योतक है, बल्कि लापरवाही पूर्वक विवेचना संपादित करते हुए आरोपितों को बचाने के उद्देश्य से विवेचना की है।

# बाराबंकी के युवक की मृत्यु के मामले में एसपी से मिले स्वजन

**जासं, देवरिया:** बाराबंकी से पहुंचे स्वजन ने युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के लिए शहर की दो युवतियों को जिम्मेदार ठहराया है। स्वजन ने एसपी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। सदर कोतवाली में भी तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने तहरीर लेने से इन्कार कर दिया।

बाराबंकी जिले के कोतवाली नगर के सी-81/ए नेहरू नगर कंपनी बाग की रहने वाली ज्योति श्रीवास्तव पति दिलीप श्रीवास्तव के साथ एसपी से मिलीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका 21 वर्षीय पुत्र आदित्य श्रीवास्तव शहर की सजातीय दो युवतियों से इंटरनेट मीडिया के जरिये बात करता था। दोनों युवतियों ने शादी का झांसा देकर पुत्र से उपहार व नकदी हड़प लिया। जब आदित्य ने एक युवती से शादी के लिए दबाव बनाया तो इन्कार कर दी, जिससे आदित्य काफी आहत था, वह गुमसुम रहने लगा। नौ मार्च की शाम नौकरी के लिए बाराबंकी से राजस्थान जाने के लिए बताकर घर से निकले। दो दिन बाद 11 मार्च की सुबह राजस्थान के भिवाड़ी के अलवर में संदिग्ध परिस्तिथियों में मृत्यु की सूचना मिली।

दैनिक जागरण दि०-21/03/23

# सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा

- 2013 में किशोरी को बहला-फुसलाकर तीनों ने किया था दुष्कर्म
- अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला, सहानुभूति का नहीं मिला आधार

विधि संवाददाता, देवरिया: रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2013 में किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के मामले में सोमवार को न्यायालय का फैसला आ गया। अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) राकेश पटेल की अदालत ने सुनवाई के दौरान तीन आरोपितों को दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक हरिदत्त मिश्र व सच्चिदानंद राय ने बताया कि दो दिसंबर 2013 को रामपुर कारखाना के एक गांव की रहने वाली किशोरी को भगवानपुर चौबे के रहने वाले प्रभाकर चौबे, डेजी उर्फ सौरभ उसके पापा से मिलवाने के बहाने बहला-फुसलाकर भगा ले गए और रिश्तेदार बुग्गी उर्फ अविनाश निवासी बंदी छापर थाना पड़रौना जिला कुशीनगर के यहां ले जाकर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर चार दिसंबर 2013 को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि तीनों आरोपितों ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए किशोरी के साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया था, ऐसे में तीनों आरोपितों के प्रति सहानुभूति बरतने का कोई आधार नहीं है । अदालत ने अधिवक्ता अरविंद कुमार पांडेय के तर्कों से सहमत होते हुए तीनों आरोपियों को किशोरी के अपहरण, उसके साथ जबरन शादी करने के लिए मारपीट करने तथा सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाए जाने पर तीनों को कठोर कैद व अर्थ दंड से दंडित किया है।

# आठ मामलों में वांछित बाइक चोर गिरफ्तार

देवरिया : बाइक चोरी के आठ मामलों में वांछित मुकेश उर्फ योगेश गोंड को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। सदर कोतवाली पुलिस ने तीन सितंबर 2022 को बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जिसमें चोरी की 15 बाइक भी बरामद हुई थी। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था, दो आरोपित फरार चल रहे थे, जिसमें धमउर परशुराम गांव का रहने वाला मुकेश उर्फ योगेश गोंड पुत्र रामेश्वर पुत्र मिठाई गोंड भी शामिल था। सदर कोतवाली के एसआइ अंकित अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा वह चोरी के सात अन्य मामलों में वांछित चल रहा था। (जासं)

दैनिक जागरण दि०- 21/3/23

# सतरांव पुलिस चौकी प्रभारी लाइनहाजिर

## 59 का तबादला

**जागरण संवाददाता, देवरिया**: एसपी ने जिले के थानों में तैनात 16 उप निरीक्षकों समेत 59 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। बरहज के सतरांव पुलिस चौकी के प्रभारी हवलदार राम को लाइन हाजिर किया गया।

पुलिस लाइन में तैनात रामराज सिंह को एसएसआइ खामपार, गौरीबाजार थाने के एसएसआइ महेंद्र मोहन को बरहज थाने के सतरांव चौकी का प्रभारी बनाया गया। सदर कोतवाली में तैनात एसआइ ब्रह्मानंद चौधरी को लार व जगदीश प्रसाद को खुखुंदू थाने में तैनाती की गई है।

बघौचघाट थाने में तैनात एसआइ चंद्रिका प्रसाद को लार, राजेंद्र सिंह को सदर कोतवाली, सलेमपुर में तैनात एसआइ सूर्यनाथ सिंह को बघौचघाट, मदनपुर थाने के एसआइ संतोष कुमार यादव को सदर कोतवाली भेजा गया है।

लार में तैनात एसआइ विनोद कुमार यादव को गौरी बाजार, लार में तैनात एसआइ रामाज्ञा यादव को सलेमपुर, खुखुंदू में तैनात एसआइ परशुराम सिंह को गौरीबाजार व एसआइ सज्जन प्रसाद को भाटपाररानी, भाटपाररानी में तैनात रुबाष चौधरी को मदनपुर व बरहज में तैनात अफजल सलीम को सदर कोतवाली में तैनात किया गया है।

दैनिक जागरण/पे-21/03/23

# बालू के अवैध खनन की जांच करेगी सीबीआइ टीम

**जासं, देवरिया :** बालू के अवैध खनन मामले की जांच के लिए सीबीआइ टीम सोमवार को जिला मुख्यालय पर नहीं पहुंची। जिले के अधिकारी टीम के आने का पूरे दिन इंतजार करते रहे। सीबीआइ के डिप्टी एसपी ने जिले प्रशासन को मंगलवार को आने की जानकारी दी। खनन विभाग में कर्मचारी पत्रावलियों को सहेजने में लगे थे।पूर्ववर्ती बसपा व सपा सरकार में छोटी गंडक नदी व सरयू नदी में हुए बालू के अवैध खनन मामले की जांच हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ कर रही है। सीबीआइ नई दिल्ली के डिप्टी एसपी अशरफ सिद्दीकी के नेतृत्व में टीम के सोमवार को जिले में पहुंचने की सूचना मिली थी। जिला प्रशासन की तरफ से सिंचाई विभाग के डाक बंगले में ठहरने व वाहन का इंतजाम किया गया। साथ ही खनन अधिकारी को सहयोग के लिए तैनात किया गया है। खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा पूरे दिन अपने कार्यालय में बैठकर सीबीआइ टीम के आने का इंतजार करते रहे।

दैनिक जागरण दि० - 21/03/23

# मेहरौना के रास्ते बिहार सीमा में घुसे छह तस्कर गिरफ्तार

**जासं, लार, देवरिया**: मेहरौना पुल के रास्ते शराब की तस्करी जारी है। सिवान जिले के गुठनी थाने की पुलिस ने छह तस्करों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सभी मेहरौनाघाट पुल के रास्ते बिहार सीमा में दो कार व एक बाइक में शराब छिपाकर घुसे थे। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में सिवान जेल भेज दिया गया।

सिवान जिले के गुठनी थाने की पुलिस को सूचना मिली कि मेहरौना पुल के रास्ते शराब लाई जा रही है। गुठनी के जतौर नहर के समीप बिहार पुलिस ने जांच शुरू कर दी। तभी मेहरौना पुल की तरफ से दो चारपहिया वाहन व एक बाइक आते हुए दिखाई दिए। बिहार पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो चालक दोनों वाहनों को लेकर तेजी से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर तस्करों को पकड़ लिया।

इस दौरान शराब से भरी कार खेत में उतर गई। गुठनी थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि 18 पेटी शराब बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपितों में छपरा जिले के रहने वाले अभिमन्यु तिवारी, अमित गुप्ता, निलेश कुमार, कमलेश कुमार, सिसवन के रहने वाले विश्वास कुमार सिंह, हरपुर के लखेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया।

पाया है। 

दैनिक जागरण दि० 21/03/23

# 6877 मामलों में चार्जशीट व 1166 में दाखिल होगी एफआर

**जासं, देवरिया**: जिले की पुलिस पर मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है। हर महीने आठ सौ से नौ सौ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, एक से 15 मार्च तक 423 मामलों में चार्जशीट व 52 मामलों में फाइनल रिपोर्ट तैयार किए गए। मुकदमों का बोझ बढ़ने से विवेचना में देरी हो रही है। वर्तमान में 6977 मामलों में चार्जशीट व 1166 मामलों में एफआर दाखिल करना है।

पुलिस रिकार्ड पर गौर करें तो सर्किल नगर में सर्वाधिक 2913 मामलों में 2396 में चार्जशीट व 517 में फाइनल रिपोर्ट लगाया जाना है, जिसमें सदर कोतवाली में 1134 में चार्जशीट व 423 में फाइनल रिपोर्ट शामिल है। रुद्रपुर सर्किल में 1495 में चार्जशीट व 214 में फाइनल रिपोर्ट, सलेमपुर सर्किल में 869 चार्जशीट व 171 में फाइनल रिपोर्ट, बरहज सर्किल में 1088 चार्जशीट व 85 में फाइनल रिपोर्ट, भाटपाररानी सर्किल में 1129 में चार्जशीट व 179 में फाइनल रिपोर्ट लगाया जाना है।

**15 दिन में 476 मामलों में दाखिल हुए चार्जशीट व एफआर** : आंकड़ों पर गौर करें तो एक से 15 मार्च तक कुल 423 मामलों में चार्जशीट व 53 प्रकरण में फाइनल रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल किए गए, जिसमें सर्किल नगर में 90 में चार्जशीट व नौ में फाइनल रिपोर्ट, रुद्रपुर सर्किल में 25 में चार्जशीट, सलेमपुर सर्किल में 43 चार्जशीट व 13 में फाइनल रिपोर्ट, बरहज सर्किल में 58 चार्जशीट व सात में फाइनल रिपोर्ट, भाटपाररानी सर्किल में 63 में चार्जशीट व सात में फाइनल रिपोर्ट लगाया गया।

- **पुलिस ने एक से 15 मार्च तक 423 मामलों में चार्जशीट व 53 मामलों में लगाई फाइनल रिपोर्ट**
- **सर्किल नगर में सर्वाधिक 2913 मामलों में चार्जशीट व फाइनल रिपोर्ट का इंतजार**

"मुकदमों की विवेचना समय से पूरा करने व न्यायालय में दाखिल करने के विवेचकों को निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर समीक्षा की जा रही है। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**संकल्प शर्मा, एसपी**

दैनिक जागरण दि० 21/03/23

# घेराबंदी देख भागे तस्कर, 108 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

जासं, भटनी, देवरिया: पुलिस की घेराबंदी देखकर तस्कर सोमवार की भोर में मौका पाकर भाग निकले। पुलिस ने सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाले टैंकर में छिपाकर रखे गए 108 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया। तस्कर शराब को लेकर बिहार जा रहे थे। पुलिस ने वाहन स्वामी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि तस्कर सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाला ट्रैक्टर के साथ लगे टैंकर में शराब छिपाकर नोनापार से पयासी होते हुए बिहार जाने वाले हैं। पुलिस नोनापार पहुंच गई व वाहन आने का इंतजार करने लगी। तभी लाइट दिखाई दी।

पुलिसकर्मी ट्रैक्टर के सामने आकर रोकने का इशारा किया। पुलिसकर्मियों को देखकर तस्कर ने ट्रैक्टर रोककर लाइट बंद कर दिया। फिर ट्रैक्टर से उतर कर अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिसकर्मियों ने चारो तरफ तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने सेप्टिक टैंक की सफाई करने वाला टैंकर व बिना नंबर का ट्रैक्टर बरामद किया।

अमर उजाला दि० 21/03/23

# अंग्रेजी शराब पकड़ी- नोनापार गांव के पास पुलिस को मिली कामयाबी

भटनी। नोनापार गांव के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने शौचालय सेफ्टी टैंक में छुपाकर बिहार तस्करी को जा रही बड़ी तादात में शराब पकड़ी है। हालांकि यहां से पुलिस को देखकर तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पकड़ी गई शराब की कीमत करीब लाखों की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भटनी पुलिस को रविवार की रात मुखबिरों से सूचना मिली कि एक सेफ्टी टैंक में लादकर तस्कर अंग्रेजी शराब बिहार ले जा रहे हैं।

पुलिस ने घेराबंदी की तो नोनापार गांव के पास एक ट्रैक्टर आता दिखा। ट्रैक्टर एवं उसके पीछे जुड़े सेफ्टी टैंक को रुकवाने की टीम ने कोशिश की तो टीम को देखकर आरोपी सतर्क हो गए। इस दौरान ट्रैक्टर पर सवार दो लोग ट्रैक्टर को सड़क पर ही छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने सेफ्टी टैंक को चैक किया तो उसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। सेफ्टी टैंक को थाने लाया गया।

प्रभारी निरीक्षक श्यामानंद राय ने बताया कि सेफ्टी टैंक से 108 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जांच में शराब बिहार तस्करी को जा रही थी। संवाद

अमर उजाला दि० 21/03/23

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सपाई




बरहज के देईडीहा तिराहे पर धरना देते सपा कार्यकर्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## सपा नेता बोले-बरहज तहसील क्षेत्र की बदहाल सड़कों की मरम्मत होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**बरहज।** क्षेत्र के देईडीहा गांव स्थित तिराहे पर सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा सरकार विकास का झूठा ढिंढोरा पीट रही है। छह साल बाद भी क्षेत्र की सड़कें ज्यों की त्यों हैं।

सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता सुबह देईडीहा तिराहे पर पहुंचे। जहां सभी धरने पर बैठ गए। विजय का कहना था कि तहसील क्षेत्र की बदहाल सड़कों का मरम्मत होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस पर भी जिम्मेदार नहीं जागे तो आरपार का आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छह साल का कार्यकाल बेमिसाल बताने वाली सरकार में विधायक के गांव जाने वाली सड़क भी बदहाल है। जिस पर लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है।

धरने को रणवीर यादव, मनोज यादव, हरिओम लाल, विकास यादव, विराट आदि ने संबोधित किया। मौके पर अमित प्रधान, यशवंत यादव, अभिषेक, अनिल, राहुल चौरसिया, नितेश कुमार, सुरेश राजभर, सोनू यादव, राजकुमार और महावीर गुप्त आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-21/03/23

# घरवालों से नाराज युवक टॉवर पर चढ़ा दोस्तों संग पार्टी देने की बात पर उतरा

## खुखुंदू थाना क्षेत्र के पड़री पांडेय गांव का मामला

**खुखुंदू/पड़री बाजार।** थाना क्षेत्र के पड़री पांडेय गांव में रविवार शाम को घरवालों ने नाराज होकर एक युवक गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़ते देख वहां अफरा-तफरी मच गई।

कुछ ही देर में मौके पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह भी मयफोर्स पहुंच गए। इसके बाद युवक को नीचे उतारने का प्रयास शुरू हुआ। हालांकि काफी मान मनौवल के बाद भी वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। फिर पुलिस ने दोस्तों संग पार्टी देने की बात कहकर उसे नीचे उतरवाया।

ऐसे में तकरीबन डेढ़ घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस को कामयाबी मिली और वह नीचे उतरा। उधर, इस दौरान मौके पर पुलिस फोर्स के अलावा बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा रही।

सलेमपुर कोतवाली अंतर्गत चौरिया निवासी आनंद यादव (26) अपने ननिहाल पड़री पांडेय में रहता है। यही रहकर वह गाड़ी चलाकर जीविकोपार्जन करता है। बताया जा रहा है कि चार-पांच दिनों से आनंद घर पर ही रह रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर घरवालों से नाराज होकर वह गांव में लगे टावर पर चढ़ गया। इसकी जानकारी होने पर घरवाले भी मौके पर पहुंच गए। उधर, कुछ ही देर में मौके पर बड़ी संख्या में आस-पास के लोगों की भीड़ भी इकट्ठी हो गई।

सभी लोग आनंद को टावर से नीचे उतारने का प्रयास करने लगे। तभी पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। आनंद को नीचे उतारने के लिए लंबे समय तक मान-मनौवल का सिलसिला चलता रहा। लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

अंत में पुलिस ने थक हार कर एक नायाब तरीका निकाला और आनंद के दोस्तों को मौके पर बुलाया। फिर पुलिस ने तत्काल दोस्तों संग पार्टी देने की बात कहकर नीचे उतरवाया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक टावर पर चढ़ा था। मान-मनौवल पर भी नीचे उतरने को तैयार नहीं था। दोस्तों को बुलाकर पार्टी देने की पर वह मान गया।

अमर उजाला GO - 21/03/23

# सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को आजीवन कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सामूहिक दुष्कर्म के मामले की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) राकेश पटेल की अदालत ने तीन दोषियों को सोमवार को दंडित करने का फैसला सुनाया। दोषियों को नाबालिग का अपहरण कर उसे जबरन शादी करने के लिए मारपीट करने तथा सामूहिक दुष्कर्म का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक सच्चिदानंद राय ने बताया कि दो दिसंबर 2013 को रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौबे निवासी प्रभाकर चौबे पुत्र बृज बिहारी चौबे, डेंजी उर्फ सौरभ पुत्र बृजेश 14 वर्षीय किशोरी को उसके पापा से मिलवाने के बहाने बहला-फुसलाकर भगा ले गए। वह अपने साले बुग्गी उर्फ अविनाश पुत्र बुन्ना निवासी

## वर्ष 2013 में किशोरी को बहला-फुसलाकर किया था दुष्कर्म

बंदी छापर थाना पडरौना, जिला कुशीनगर के यहां ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करते रहे। मामले की तहरीर पीड़िता के पिता ने थाना रामपुर कारखाना में चार दिसंबर 2013 को देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों को देखने के बाद अदालत ने पाया कि तीनों ने रिश्ते को शर्मसार करते हुए किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था।

ऐसे में दोषियों के प्रति सहानुभूति बरतने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने पीड़िता के अधिवक्ता अरविंद कुमार पांडेय के तर्कों से सहमत होते हुए किशोरी को अपहरण कर उसके साथ जबरन शादी करने के लिए मारपीट करने तथा सामूहिक दुष्कर्म में दोषी पाया।

अमर उजाला दि० 21/3/23

# सीबीआई ने खनन विभाग के पुराने अभिलेख तलब किए

## सपा शासन काल में हुए बालू खनन घोटाले की जांच के लिए आई है टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** सपा सरकार के समय पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के समय अनदेखी कर दिए गए बालू खनन पट्टे में दर्ज मामले की जांच करने के लिए सोमवार को सीबीआई की टीम जिले में पहुंची। टीम की अगुवाई कर रहे एएसपी अशरफ सिद्दकी ने खनन विभाग के पुराने अभिलेखों को तलब किया है। इस मामले में तत्कालीन डीएम, एडीएम सहित छह लोग नामजद हैं। सीबीआई टीम ने जांच में आरोपी अफसरों की परेशानी बढ़ा दी है।

आरोप है कि सपा सरकार में शर्त और नियम को ताख पार रखकर जनपद में बालू- घाटों का पट्टा अफसरों ने किया और अवैध तरीके से खनन कराने वाले ठेकेदारों से

### तत्कालीन डीएम, एडीएम समेत नौ लोग हैं नामजद

सांठगांठ भी की।

इस मामले में सीबीआई ने जांच में जिले में तैनात रहे तत्कालीन भू-वैज्ञानिक विजय कुमार मौर्य, खनन अधिकारी पंकज सिंह, लिपिक हंसराज, डीएम विवेक कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डीएस उपाध्याय, पट्टाधारक शारदा यादव, फूलबदन निषाद, वीरेंद्र यादव, संजय यादव पर केस दर्ज कराया था।

इस मामले की जांच एक बार फिर से तेज कर दी गई है। जांच के लिए दोपहर में पहुंची सीबीआई टीम ने खन्न विभाग से अभिलेख तलब किए हैं। विभागीय सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो जांच के दौरान टीम मौके पर भी जाएगी। मामले में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को बुलाया भी है। करीब एक-दो दिन में टीम बालू खनन के मामले की जांच के लिए रहेगी। इसके बाद आगे कार्रवाई करेगी।

### जांच के दायरे में हैं ये अफसर

डीएम के पद पर विवेक कुमार 4 मार्च से 10 जून 2013 तक तैनात रहे। जबकि एडीएम वित्त एवं राजस्व डीएस उपाध्याय 3 नवंबर 2012 से 5 अप्रैल 2013 तक तैनात रहे। वहीं 20 फरवरी 2013 से 8 अक्तूबर 2013 तक भूवैज्ञानिक विजय कुमार मौर्य और दूसरी बार 16 दिसंबर 2015 से 29 जनवरी 2016 तक जिले में रहे है। खनन अधिकारी पंकज सिंह की तैनाती वर्ष 2012-13 तक तैनाती रही।

### *जांच के घेरे में बालू घाट*

*एनएच से हेतिमपुर तक, कोटवा से रतनपुर तक और सबवत से अहिरौली तक बालू घाट का है। जबकि सलेमपुर और बरहज तहसील क्षेत्र के बालू घाट भी संदेह के घेरे में हैं।*

*सपा सरकार के समय हुए बालू खनन में गड़बड़ी की जांच करने के लिए सीबीआई की टीम आई है, जो अभिलेख मांग गए हैं, वह दिया जाएगा। हमारे कार्यकाल का मामला नहीं। जांच में सहयोग किया जाएगा।*

**- राज रंजन**
खनन अधिकारी

अमर उजाला दि० 21/03/23

# देवरिया : सीबीआई ने खनने विभाग के पुराने अभिलेख तलब किए

देवरिया। सपा सरकार के समय पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के समय अनदेखी कर दिए गए बालू खनन पट्टे में दर्ज मामले की जांच करने के लिए सोमवार को सीबीआई की टीम जिले में पहुंची। टीम की अगुवाई कर रहे एएसपी अशरफ सिद्दकी ने खनन विभाग के पुराने अभिलेखों को तलब किया है। इस मामले में तत्कालीन डीएम, एडीएम सहित छह लोग नामजद हैं। >> भीतर

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# बाल अपचारियों समेत तीन गिरफ्तार

कुशीनगर। शनिवार को टेकुआटार के पुरानी बाजार में हुई हत्या के मामले में रामकोला पुलिस ने दो बाल अपचारियों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक रामकोला अखिलेश सिंह व उनकी टीम ने हत्या के मामले में वांछित लक्ष्मण प्रसाद मद्धेशिया निवासी टेकुआटार पुरानी बाजार थाना रामकोला व दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# नीलगाय का चार बोरा मांस बरामद

नेबुआ नौरंगिया। नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक व उनकी टीम ने पशु तस्कर एजाजुल हक उर्फ गागुल निवासी बरवा पुरदिल के मकान में छापेमारी की। वहां से 4 बोरी में वन्य जीव नील गाय का मांस व अवशेष तथा काटने व बेचने के उपकरण बरामद किए गए। अभियुक्त घर से फरार हो गया था।

# प्रतिमा तोड़ने पर आक्रोश, एक गिरफ्तार

कप्तानगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा इंदरपुर में बीती रात डीहबाबा की प्रतिमा तोड़ दिए जाने से सुबह होते ही गांव में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराते हुए गांव का माहौल सामान्य किया।



विपश्यना केंद्र का निरीक्षण करतीं एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव।

# सुस्त निर्माण कार्य देख लगाई फटकार

कसया। कुशीनगर में पर्यटन विकास को लेकर विश्व बैंक से सहायतित प्रो पुअर टूरिज्म के तहत की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। सोमवार को एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने वन विभाग में बौद्ध विपश्यना केंद्र के सुंदरीकरण व उच्चीकरण के अद्यतन स्थिति का जायजा लेने पहुंची। जहां उन्हें कार्यदायी संस्था जीडीए के तरफ से रफ्तार काफी सुस्त मिली। उन्होंने मौजूद जेई को कड़ी फटकार लगाई। जल्द कार्यों को पूरा कराने का सख्त निर्देश दिया।

# ट्रक से 16 गोवंश बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, तमकुहीराज:** तमकुहीराज, तरयासुजान व स्वाट की संयुक्त टीम ने सोमवार तड़के गाजीपुर बैरियर के समीप फोरलेन पर ट्रक से 16 गोवंश बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों में एक के पास से एक तमंचा व कारतूस मिला। तस्कर मेरठ से गोवंश की खेप लेकर मुजफ्फरपुर बिहार जा रहे थे।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम बिहार बार्डर इलाके में तड़के साढ़े चार बजे गश्त पर थी। सूचना पर टीम गाजीपुर बैरियर के समीप वाहनों की जांच शुरू कर दी। फाजिलनगर की तरफ से आए पंजाब राज्य के नंबर लगे ट्रक को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो ट्रक में 16 गोवंश मिले। टीम ने चालक व तस्कर को पकड़ लिया। दोनों की पहचान प्रदीप उर्फ दीपक सिंह निवासी थानू डेरा, थाना झीनझाना जिला शामली व सद्दाम निवासी महराजगंज तराई चौराहा थाना महराजगंज तराई जिला बलरामपुर के रूप में हुई। सद्दाम के पास से एक तमंचा व कारतूस मिला। दोनों ने स्वीकारा कि गोवंश की खेप लेकर वे मेरठ से मुजफ्फरपुर बिहार जा रहे थे। टीम में एसएचओ नीरज राय, राजेंद्र कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी सुशील कुमार शुक्ल, दारोगा आलोक कुमार, ओमप्रकाश यादव आदि शामिल रहे।

# माडल थाना बनाने के लिए भूमि चिह्नित

**जागरण संवाददाता, हाटा:** तहसील क्षेत्र के सुकरौली बाजार में शीघ्र माडल थाना भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए कई माह से भूमि की तलाश की जा रही थी। भूमि के अभाव में माडल थाना के भवन का निर्माण अधर में लटका था। विधायक मोहन वर्मा व एसडीएम वरुण कुमार पांडेय की पहल पर सोमवार को भूमि चिह्नित कर ली गई।

एसडीएम ने बताया कि सुकरौली कस्बा के जोल्हिनिया मोहल्ले के समीप फोरलेन के किनारे 0.218 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। एसडीएम के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर भूमि के बारे में लेखपाल प्रद्युम्न राव से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यह भूमि माडल थाना के भवन के लिए उपयुक्त है। फोरलेन के किनारे होने के कारण आवागमन में भी सहूलियत रहेगी।



चिन्हित भूमि का नक्शा देखते सीओ कुमदन सिंह ● जागरण

# चौकीदारों की बढ़ेगी सक्रियता, सिपाहियों के साथ करेंगे रात्रि गश्त

- अब तक महीने में चार या पांच दिन ही निभाते थे जिम्मेदारी
- नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के साथ नियमित करेंगे बैठक

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** चौकीदारों (ग्राम प्रहरी) की सक्रियता और बढ़ाई जाएगी। सूचना तंत्र की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के साथ अब ये मजबूत कानून-व्यवस्था बनाने में भी सहयोग करेंगे। इनकी महत्ता को देखते हुए नए सिरे से इन्हें मूल जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे अपराध को काबू करने में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। अब तक महीने में चार या फिर पांच दिन ही ये थाने पहुंच अपनी जिम्मेदारी निभाते थे।

नई व्यवस्था में नगरीय व ग्रामीण इलाकों के चौकीदारों पर अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए सभी थानेदार माह में अनिवार्य रूप से चौकीदारों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय अपराधियों तथा उनसे जुड़ी सूचनाओं के संकलित करने का कार्य करेंगे, ताकि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की सटीक जानकारी मिल सके और पुलिस उन पर कड़ी नजर रख सके। चौकीदार रात्रि गश्त के दौरान सिपाहियों संग तैनात भी होंगे। शहरी इलाकों में खासकर मोहल्ले के हिसाब से इनकी तैनाती की जाएगी। जहां रात्रि गश्त पर तैनात चौकीदार हर पंद्रह मिनट पर भिसलिंग करेंगे, जिससे मोहल्ले के नागरिक अपने को अकेला व असुरक्षित महसूस न करें तथा उन्हें महसूस हो कि पुलिस गश्त पर है। चौकीदारों के गश्त के लिए बकायदा क्षेत्रों का चार्ट तैयार होगा, उस हिसाब से ही उनकी तैनाती कर दिन-रात उन्हें सक्रिय किया जाएगा ताकि पुलिसकर्मियों संग रात्रि गश्त में अहम भूमिका निभाते हुए वह वाहन चोरी व अपराध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने में बखूबी सहयोग कर सकें।

### बढ़ते संचार के साधनों ने कम कर दी महत्ता

चौकीदार गांव और थाना पुलिस के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं, लेकिन मोबाइल क्रांति ने इनकी अहमियत घटा दी। सर्विलांस के सहारे पुलिस अपराधियों तक तो पहुंच रही पर चौकीदारों से मिलने वाली सटीक सूचनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही। यही वजह है कि अपराधियों पर नकेल कसने में अहम भूमिका निभाने वाले चौकीदार फिर पुलिस के लिए महत्वपूर्ण बन गए है।

> चौकीदार सूचना के प्रमुख तंत्र होने के साथ साथ पुलिस के अभिन्न अंग हैं। इनकी सक्रियता से अपराध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। इन्हें इनकी मूल जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि अपराध रोकने में इनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

# एसडीएम ने निर्माण की धीमी प्रगति पर जताया असंतोष



बौद्ध विपश्यना उपवन का निरीक्षण करतीं एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव● जागरण

**जागरण संवाददाता, कुशीनगर :** अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र, कुशीनगर में पर्यटन विकास को लेकर वर्ल्ड बैंक की सहायता से प्रो-पूअर टूरिज्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत बौद्ध विपश्यना उपवन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण सोमवार को एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए कार्य अति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बुद्धस्थली, कुशीनगर में पर्यटन विकास को लेकर वर्ड बैंक द्वारा प्रो-पूअर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए 12.43 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। इसमें बौद्ध विपश्यना उपवन, फूड प्लाजा, राही पर्यटक आवास गृह और पर्यटक कार्यालय का सुंदरीकरण कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य दिसबंर 2022 तक पूर्ण होना था, लेकिन अब तक लगभग 70 प्रतिशत ही निर्माण कार्य हुआ है। बौद्ध विपश्यना उपवन में 72 व 62 मीटर व्यास के दो पोखरे, एक समूह विपश्यना माउंट और 12 एकल विपश्यना स्थल, फव्वारा का सुंदरीकरण होना है। पर्यावरणीय संरक्षण केंद्र भी निर्माणाधीन है। चहारदीवारी का निर्माण हो चुका है। एसडीएम ने बताया कि एजेंसी को निर्माण कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बुद्धाघाट पर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज के स्थलीय निरीक्षण की बात भी कही। पर्यटक सूचना अधिकारी डा. प्राण रंजन, पर्यटक थानाध्यक्ष अजय पटेल, नवलकिशोर शर्मा, एई जीडीए राजबहादुर सिंह, टीएसयू (टेक्निकल स्पोर्ट यूनिट) के सिविल इंजीनियर एलबी दूबे, केके कंस्ट्रक्शन के इंजीनियर सीपी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# रील देखने के विवाद में छात्र पर हुआ था जानलेवा हमला

**खुलासा**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र के धनेवा-धनेई टोला मंगलपुर के पास मंगलवार की रात साढ़े दस बजे पन्द्रह वर्षीय छात्र के उपर धारदार हथियार से हमला के मामले का कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने 36 घंटे के अंदर खुलासा कर दी। मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने बताया कि शनिवार की रात साढ़े दस बजे धनेवा-धनेई टोला मंगलपुर के कब्रिस्तान के पास शास्त्री नगर के रहने वाले पन्द्रह वर्षीय छात्र किशन कुमार गुप्ता के उपर जानलेवा हमला किया गया था। छात्र शहर के एक इंटर कालेज में सातवीं का छात्र है। छात्र के बड़े भाई गोपाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।



सोमवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग से हमलावर तक पहुंची पुलिस :** छात्र किशन कुमार गुप्त के उपर हमला के मामले में कोतवाली पुलिस ने महुअवा ढाला केएमसी के पास रहने वाले पियूष दूबे नाम के 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस को शुरू से ही उसके उपर शक की सुई घुम रही थी। कई बार पुलिस उससे पूछताछ कर चुकी थी लेकिन वह पुलिस को गुमराह करता रहा। कोतवाल रवि कुमार रॉय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से यह सुराग मिली कि पियूष, किशन को बाइक से ले जा रहा था। धनेवा-धनेई की दुकान से कुछ खरीदारी की। फिर मंगलपुर के पास कब्रिस्तान के समीप गया। वहां दोनों मोबाइल पर सोशल मीडिया का रील देखने लगे। इस दौरान मोबाइल छीना-झपटी में टूट गया। किशन ने पियूष को थप्पड़ जड़ दिया। इससे नाराज पियूष ने पास में पड़े ईंट से किशन के सिर पर प्रहार कर दिया। ब्लेड से वार कर दिया। इससे किशन के गले में कटे का निशान हो गया। वह नीचे गिर तड़पने लगा। पियूष अपने बनियान को निकाल रक्त बहने से रोकने के लिए गले में बांधा। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने को कहा। लेकिन किशन के शोर मचाने पर वह भाग गया। वहां से आने के बाद नगर पालिका के पास किशन शर्ट को धुला। यहां भी सीसीटीवी फुटेज में वह दिखाई दिया। इसके बाद पूछताछ के दौरान पियूष ने अपना जूर्म कबूल लिया।

**36** घंटे के अंदर किया खुलासा, एक गिरफ्तार

### इस टीम ने किया खुलासा

खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय, वरिष्ठ उप निरीक्षक कमलेश यादव, आईटीएम चौकी प्रभारी अखिलेश यादव, जेल चौकी प्रभारी चंद्रभान यादव, एसओजी प्रभारी रामकृपाल सिंह, हेका कुतुबुद्दीन, विद्यासागर, आशुतोष सिंह, कांस्टेबल राम आशीष सिंह, स्वाट टीम प्रभारी संजय दूबे, हेड कांस्टेबल मुन्ना चौरसिया, बालेन्द्र प्रजापति, कांस्टेबल राजीव यादव, अविनाश खरवार शामिल रहे।

# फुटेज के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं

महराजगंज। घुघली क्षेत्र में चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं करने के मामले में सोमवार को पीड़ित ने एसपी डॉ. कौस्तुभ से जनता दर्शन में मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने प्रकरण में घुघली पुलिस से जानकारी लेकर कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिया। घुघली थानाक्षेत्र के गोपाला गांव निवासी सत्येन्द्र जायसवाल ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दुकान में 11-12 मार्च की रात में चोरी हुई। चोर सीढ़ी के रास्ते अंदर घुसे। काउंटर व आलमारी से कुल 1 लाख 90 हजार रुपया चुरा ले गए।

कोठीभार के बसडीला गांव का मामला, गन्ना लादने को लेकर भिड़े दो पक्ष, दोनों पक्ष के एक-एक की मौत

# मारपीट में दो की मौत, एसओ लाइन हाजिर

**हड़कंप**

कोठीभार, हिन्दुस्तान संवाद। थानाक्षेत्र के बसडीला गांव में गन्ना लादने को लेकर दो पक्ष में मारपीट में गई। इसमें कई गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से एक घायल की मौत मेडिकल कॉलेज व दूसरे की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिसवा में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में एसपी डॉ. कौस्तुभ ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष मनोज राय को लाइन हाजिर कर दिया।

अल्प धारा में केस दर्ज करने व उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना नहीं देने के आरोप में हल्का प्रभारी दरोगा, बीट आरक्षी समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। बसडीला में मारपीट की यह घटना रविवार सायं की है। गांव के निवासी रामाश्रय अपने पुत्र ज्ञान भारत व श्याम बहादुर के साथ खेत से गन्ना काटने के बाद उसे ट्राली पर लाद रहे थे।

रामाश्रय ने गांव के ही शिवसरन से यह खेत रेहन पर लिया था। ट्राली पर गन्ना लोड करने के बाद शिवसरन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एतराज किया। कहासुनी के बाद बात बढ़ने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्ष के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस घटना शिवसरन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शिवसरन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां सोमवार को इलाज के दौरान शिवसरन की मौत हो गई। इसी घटना को लेकर सोमवार को फिर से मारपीट हो गई। रामाश्रय के बहनोई मधवलिया निवासी केशव शिवसरन के घर समझाने पहुंचे।

वहां मारपीट हो गई। इससे केशव भी घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हे सिसवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस रविवार की शाम वाली घटना में अभियोग दर्ज की थी, लेकिन मामूली धाराओं में कार्रवाई हुई थी।



सोमवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

■ हल्का दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को किया गया सस्पेंड

**अजीत प्रताप सिंह कोठीभार के नए एसओ**

इस मामले में एसपी ने कोठीभार के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार रॉय को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के प्रभारी अजीत प्रताप सिंह को कोठीभार थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मामले में हल्का दरोगा तारकेश्वर वर्मा, बीपीओ विनय यादव, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश व राजेन्द्र को निलंबित कर दिया है।

> कोठीभार थानाक्षेत्र के बसडीला गांव में रविवार की शाम गन्ना लादने को लेकर दो पक्ष में मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्ष के एक-एक घायल की मौत हुई है। इस मामले में कोठीभार पुलिस अल्प धाराओं में कार्रवाई की थी। इस पर थानाध्यक्ष को लाइनहाजिर कर दिया गया है। घटना की सूचना नहीं देने पर चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मामले में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> डॉ.कौस्तुभ, एसपी

# मोबाइल को लेकर हुए विवाद के बाद दोस्त ने रेता था गला

- बीयर पीने के लिए साथ लेकर कब्रिस्तान के पास गया था आरोपित
- रक्तरंजीत ब्लेड, ईंट और कपड़े भी हुए बरामद, जेल गया आरोपित

**जासं, महराजगंज** : 18 मार्च की रात धनेवा-धनेई कब्रिस्तान के पास गला काटकर 14 वर्षीय किशोर किशन कुमार गुप्ता की हत्या के प्रयास के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। किशन गुप्ता के दोस्त पियूषधर दुबे ने ही घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में पता चला कि दोनों धनेवा-धनेई में बीयर पीने गए थे, वहां पर मोबाइल को लेकर विवाद हो गया। दोनों में हाथापाई के बाद पियूष ने उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया और इसके बाद जेब में रखी ब्लेड से उसका गला रेत दिया। सदर कोतवाली में सोमवार की शाम कोतवाल ने प्रेसवार्ता कर पर्दाफाश की जानकारी दी।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि 18 मार्च की शाम को किशन अपने घर से बिना मोबाइल के पैदल ही घर से निकला था। पियूष के साथ कई जगहों पर घूमने के बाद दोनों धनेवा-धनेई गए। इसके पूर्व दोनों ने बीयर की दुकान से बीयर का एक केन और नकमीन का पैकेट भी लिया। धनेवा-धनेई नहर पुलिया पर लोगों के आने-जाने की वजह से दोनों और आगे कब्रिस्तान की तरफ बढ़ गए। वहां दोनों बैठकर एक ही बीयर से आधा-आधा पीये। इसी बीच पियूषधर दुबे के मोबाइल को लेकर दोनों में कुछ विवाद हो गया। पियूष ने किशन को एक थप्पड़ मार दिया। इसके बाद किशन ने भी एक मुक्का मार दिया। आक्रोशित पियूष ने पास में पड़े एक ईंट से किशन के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह अचेत हो गया। उसके बेहोश होने के बाद पियूष ने जेब से ब्लेड निकाल कर उसका गला रेत दिया। जैसे ही उसके गले पर वार हुआ वह होश में आकर चिल्लाने लगा। जिसके बाद आरोपित पियूष उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया।

इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल और उसके बाद गोरखपुर में भर्ती कराया। होश में आने के बाद भी किशन ने असलीयत नहीं बताई, लेकिन घटना के पूर्व पियूष के साथ शहर में घूमने का सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो पियूष टूट गया। हत्या के प्रयास मामले में उसे गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया, गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित के साथ कोतवाल रवि राय व पुलिसकर्मी ●जागरण

# नेपाल से भारत में घुसपैठ पर बांग्लादेशी गिरफ्तार

निचलौल , हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज की निचलौल पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा के रेंगहिया चेकपोस्ट से रविवार को एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से मुजफ्फरपुर के पते का आधार कार्ड मिला। सोमवार को उसे जेल भेज दिया गया।

सुरक्षा और जांच एजेंसियों की पूछताछ में संदिग्ध ने उसने अपना नाम रियाज मोरल पुत्र हनीफ मोरल (37) बताया। वह बांग्लादेश के धान्नो खोला, जनपद जसूर का रहने वाला है। उसके पास से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का कोई वैध प्रपत्र नहीं मिला। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

- जांच के दौरान रेंगहिया चेकपोस्ट पर पकड़ा गया
- मुजफ्फरपुर के पते का आधार कार्ड बरामद हुआ

# पिकअप से छह गोवंशी पशु बरामद, चालक फरार

**जासं, बागापार** : पिकअप पर लाद कर ले जाए जा रहे छह गोवंशी पशुओं को पुलिस ने रविवार की रात बरवाराजा बरईपट्टी गांव के पास पकड़ा। वाहन चालक फरार हो गया।

बागापार चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार की रात पशुओं को बरवाराजा होते हुए झनझनपुर गांव की तरफ ले जाने की सूचना मिली। तत्काल चौकी पुलिस की टीम ने पिकअप का पीछा किया। बरवाराजा बरईपट्टी गांव के पास पिकअप का पिछला पहिया निकल गया। पुलिस को देख चालक व उसका साथी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिकअप से छह गोवंशीय पशु बरामद हुए।

# खेत रेहन लेने को लेकर चल रही थी रंजिश

- रविवार को मारपीट के बाद मामूली धाराओं में दर्ज हुआ था मुकदमा
- दोबारा में विवाद में एक पक्ष के रिश्तेदार की चली गई जान

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** बसडीला गांव में रविवार खेत में ट्राली खड़ा कर गन्ना लादने के दौरान हुआ विवाद नया नहीं था। दोनों पक्ष के बीच लंबे समय से उसी खेत को रेहन पर लेने को लेकर रंजिश चल रही थी।

मधवलिया गांव निवासी फूलबदन के खेत को पहले रामाश्रय लेना चाहते थे, लेकिन फूलबदन ने वह खेत शिवशरण को दे दिया था। बताया जा रहा है कि रामाश्रय के पक्ष के लोग उसी खेत में अपनी ट्रैक्टर ट्राली लगाकर गन्ना लादने लगे, शिवशरण ने विरोध किया तो मामला मारपीट हो गई। रामाश्रय के पक्ष के लोगों ने शिवशरण पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के बाद रविवार की रात कोठीभार पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शिवशरण के भाई राजमोहन की पत्नी की तहरीर पर श्यामबहादुर, ज्ञानभारत, ज्ञानेंद्र और श्रीकांत के विरुद्ध मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। हमलावरों की गिरफ्तारी में भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।



बसडीला गांव में घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण

सोमवार को शिवशरण की मृत्यु होने के बाद स्वजन पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी आक्रोशित हो उठे और विरोधी रामाश्रय के घर पर हमला कर दिया।

**दोबारा हमले के वक्त पिकेट ड्यूटी से गायब थे सिपाही:** रविवार की शाम गांव में विवाद के बाद गांव में पिकेट ड्यूटी के लिए थाने के दो मुख्य आरक्षी राजेंद्र और जयप्रकाश की ड्यूटी लगाई गई थी। सोमवार की सुबह दोबारा विवाद के दौरान दोनों मुख्य आरक्षी मौके पर नहीं पहुंचे। बीट पुलिस अधिकारी का भी कहीं पता नहीं था। बीआरडी मेडिकल कालेज में शिवशरण के मृत्यु की सूचना न तो समय से हल्का दारोगा प्राप्त कर सके और न ही थानेदार ही सचेत रहे।

इधर मृतक शिवशरण के स्वजन भी पुलिस की लापरवाह कार्यप्रणाली को देखते हुए उग्र हो गए और दोबारा घटना में दूसरी जान चली गई।

# शांतिभंग में छह पाबंद

परसामलिक : क्षेत्र के गांव सेखुआनी टोला शंकरपुर में सोमवार को पुआल रखने के विवाद में भरत व हरिश्चंद्र के स्वजन में विवाद हो गया। मामले में दोनों पक्ष गोलबंद होकर एक दूसरे से कहासुनी करने लगे। शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के छह आरोपितों गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया है। (जासं)

# पिकअप पर लदे छह गोवंश बरामद

बागापार। पुलिस ने रविवार देर रात बरवाराजा बरईपट्टी स्थित छठ माता स्थान के पास पिकअप पर लाद कर ले जाए जा रहे छह गोवंशीय पशुओं को पकड़ लिया।

वहीं, मौका पाकर पिकअप का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप में गोवंशीय पशुओं को लादकर बरवाराजा होते हुए झनझनपुर की तरफ ले जाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गोवंश लदे पिकअप का पीछा किया। उसी दौरान बरवाराजा बरईपट्टी स्थित छठ माता स्थान के पास पिकअप का पिछला पहिया निकल गया। पुलिस को आते देखकर चालक व उसका साथी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। संवाद

# नेपाल सीमा से घुसपैठ करता बांग्लादेशी गिरफ्तार

## सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की टीम ने नेपाल की रेंगहिया सीमा पर पकड़ा, भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल (महराजगंज)।** सशस्त्र सीमा बल और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार देर रात नेपाल की रेंगहिया सीमा से भारत में घुसपैठ करते समय बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। सोमवार सुबह उसे निचलौल थाने लाया गया। यहां पर पुलिस, एसएसबी, खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ की। उसे अवैध घुसपैठ के आरोप में जेल भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम भारत-नेपाल बॉर्डर के पास रेंगहिया पोस्ट पर संघन जांच कर रही थी। इसी बीच नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति पर टीम की नजर पड़ी। संदिग्ध लगने पर रोका गया तो उसने भागने की कोशिश की। घेराबांदी कर उसे पकड़ा गया। उसने पूछताछ में अपना नाम रियाज मोरल (37) बताया। वह बांग्लादेश के जसूर जिले के धान्नो



रियाज मोरल। संवाद

### पूछताछ में अपना नाम रियाज मोरल बताया, जसूर जिले का है रहने वाला

खोला का रहने वाला है। भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश के लिए उसके पास कोई वैध कागजात नहीं मिला।

**कई शहरों में आठ वर्ष बीता चुका है बांग्लादेशी :** पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक रियाज मोरल देश के अलग अलग शहरों में आठ वर्ष गुजार चुका है। अभी तक वह सुरक्षा एजेंसियों की पकड़ में नहीं आया था। उसके सात भाई और बहन हैं। मां का नाम करयानूत और पिता का नाम हनीफ मोरल है। सभी बांग्लादेश में ही रहते हैं। आठ वर्ष पहले पत्नी फरीदा से तलाक के बाद रोजगार के सिलसिले में बेनापुर बॉर्डर के रास्ते भारत आया था। कर्नाटक पहुंचकर स्लॉटर हाउस में काम करने लगा। वहां दो वर्ष रहने के बाद दिल्ली चला गया। कुछ महीने बाद गया (बिहार) पहुंचा। उसके बाद यूपी के बाराबंकी में कुछ दिनों तक रहा। करीब एक माह पहले वह नेपाल गया था। वापस आते समय पकड़ा गया।

### जनपद से लगे भारत नेपाल के प्रमुख थाने

जनपद से लगी सीमा नेपाल का प्रमुख जिला रूपनदेही है। नेपाल के नवलपरासी जिले के कुछ थाने महराजगंज जनपद की सीमा से भी सटे हुए हैं। इन्हीं रास्तों से होकर विदेशी नागरिक घुसपैठ करते हुए पकड़े जाते हैं।

*सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस सतर्क रहती है। रात में पगड़डियों पर विशेष नजर रखी जाती है। किसी भी दशा में अनाधिकृत रूप से कोई भारत में प्रवेश नहीं कर सकेगा।*
**- आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

### 84 किलोमीटर सीमा में करीब 98 पगडंडियां

जनपद महराजगंज के भारत नेपाल सीमा की कुल 84 किलोमीटर खुली सीमा का फायदा अक्सर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त उठाते रहते हैं। सीमा पर उनकी गिरफ्तारी भी होती है। नेपाल से लगी 84 किलोमीटर में सीमा में करीब 98 पगडंडिया हैं। नौ सीमा चौकी के साथ 10 बॉर्डर आउट पोस्ट चौकी स्थापित है, इनके जरिए निगहबानी होती। पगडंडियों में सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर और झुलनीपुर नदी के अवैध रास्ते से घुसपैठ की आशंका बनी रहती है।

### चार स्थानों से होती है अधिक घुसपैठ

**बीते** पांच वर्ष में सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सीमाओं से विदेशी घुसपैठ के मामलों पर नजर डाली जाए तो चार स्थानों से अवैध घुसपैठ के प्रयास हुए हैं। जिसमें सोनौली की मुख्य सीमा, तिलाहवा का पगडंडी रास्ता, केवटलिया गांव व भगवानपुर के सीमा नाके शामिल हैं। भारत-नेपाल की सोनौली सीमा बिना वैध कागजात वाले विदेशियों की घुसपैठ के लिए मुफीद बनी है। धरपकड़ के बाद भी घुसपैठ के मामले आते रहते हैं।

| नेपाल | भारत | सीमा |
|---|---|---|
| मधुबनिया | कोल्हुई | पगडंडी 5 किमी |
| मर्चवार | कोल्हुई | पगडंडी मार्ग दो किमी |
| माया देवी | नौतनवां | पगडंडी आठ किमी |
| भैरहवा | सोनौली | अन्तराष्ट्रीस चार किमी |
| धकधई | भगवानपुर चौकी | पगडंडी तीन किमी |
| परासी | बरगदवा | पगडंडी तीन किमी |
| परासी | परसामलिक | पगडंडी चार किमी |
| बेलाटारी | निचलौल | पगडंडी किमी |
| बेलाटारी | ठूठीबारी | मुख्य मार्ग छह किमी |

# थानेदार लाइन हाजिर, हलका प्रभारी समेत चार पुलिस कर्मी निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में गन्ना लादने के दौरान मारपीट के बाद घायल की मौत के मामले में लापरवाही पाए जाने पर थानेदार मनोज राय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। हलका प्रभारी, बीट प्रभारी, दो मुख्य आरक्षी निलंबित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मौके पर जांच-पड़ताल के बाद अब नए थानेदार अजित सिंह को कोठीभार की कमान सौंप दी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद केस दर्ज कर जांच

### बसडीला गांव में खेत में गन्ना लादने पर दो पक्षों में हुई मारपीट का मामला

शुरू कर दी गई है। आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होंगे। नए थानेदार की तैनाती कर दी गई है। दायित्व के प्रति शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जा जाएगी।

उधर, घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोग गोरखपुर में घायल का इलाज करा रहे हैं। उनके घर पर कोई नहीं है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष से भी तहरीर देने की बात कही जा रही है।



बसडीला गांव में पहुंचे एसपी डॉ. कौस्तुभ व गांव में तैनात पुलिस बल। संवाद

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# नाबालिक से छेड़खानी, दर्ज हुआ केस

**बस्ती ।** सोनहा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए एक व्यक्ति ने बताया कि उसके घर पर मुण्डन संस्कार का कार्यक्रम था। रात करीब 11 बजे पड़ोस के राजकुमार ने उसकी 9 वर्षीय बेटी को टाफी खिलाने का चालच देकर अपने साथ ले गया और मारपीटव व धमकी देकर उसके साथ छेड़खानी की। मामले में पुलिस ने आरोपी राजकुमार पुत्र परदेशी निवासी बड़ोखर थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 354क, 363, 323 आईपीसी व 9ध्10 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी का सामान बरामद, तीन चोर गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्र में घूमकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरो के गैंग के तीन सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। जिनके पास से चोरी किये हुए सोने चांदी के गहने लाखो के सामान व नकदी भी बरामद हुई है। पकड़े गये तीनों अभियुक्तो को पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए कार्रवाई के लिए न्यायालय रवाना किया गया जहां से उन्हे जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है।

पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने पत्रकारो से बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम व स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुई चोरियो को अंजाम देने वाले गैंग के तीन सदस्यों की गिरफ्तारी की गयी है। जिनकी पहचान साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली पुत्र कलामुद्दीन, शहजाद उर्फ जादू पुत्र मोहम्मद सईद निवासीगण कंचन टोला थाना कोतवाली तथा महमूद आलम उर्फ गुड्डू पुत्र हयातुल्लाह निवासी हनुमानगढ़ी के पास तुरकहिया थाना कोतवाली के रूप में की गयी। जिनके पास से बरामद सामान को जब्त करते हुए विधिक कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिला अस्पताल परिसर में

## कोतवाली व स्वाट टीम को मिली कामयाबी

मौजूद अभियुक्त साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली पुत्र कलामुद्दीन निवासी कंचन टोला गाधीनगर, को गिरफ्तार किया गया जो धारा 457, 380 आईपीसी में वांछित अभियुक्त है। उक्त मुकदमे में पूर्व में एक अभियुक्त फरहान अहमद पुत्र इरफान अहमद निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर बाद विधिक कार्यवाही जेल भेजा जा चुका है । साजिद के पास से चोरी के विभिन्न सामान बरामद हुआ तथा साजिद ने पूछताछ में बताया की वह सिराज पुत्र अली हुसैन निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली व फरहान अहमद पुत्र इरफान अहमद निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली, शहजाद उर्फ जादू पुत्र मोहम्मद सईद निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली द्वारा रैकी करके छुट्टी के दिनो में ताला बन्द मकान में ताला तोड़ के चोरी करते थे। जिसके सम्बन्ध में थाने से पता किया गया तो विभिन्न घटनाओ में थाना कोतवाली पर धारा 457/380 आईपीसी के तहत करीब एक दर्जन मुकदमें अभियुक्तो पर पंजीत किया गया था । तथा साजिद द्वारा बताया गया कि चोरी के सामानो को हम लोग औने पैने दामो पर बेच देते थे तथा चोरी के कुछ माल महमूद आलम उर्फ गुड्डू पुत्र हयातुल्लाह निवासी हनुमानगढ़ी के पास तुरकहिया थाना कोतवाली के घर रखे है। जिसको समय मिलने पर बेचकर आपस में बाट लेते थे । तत्पश्चात महमूद आलम उर्फ गुड्डू के घर नियमानुसार तलाशी लिया गया तो चोरी के कई सामान बरामद हुआ । जहाँ से महमूद आलम को गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्तो को थाने लाते समय शहजाद उर्फ जादू जो टैम्पू चला कर जा रहा था को दोनो अभियुक्तो द्वारा पहचान किया गया जिसको पुलिस बल द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । जिसके बाद विधिक कार्यवाही करते हुए सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# दहेज उत्पीड़न में ससुरालियों पर केस

**बस्ती** । दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने पर लिखित तहरीर देते हुए वृजकिशोर लाल श्रीवास्तव पुत्र तिलक लाल श्रीवास्तव निवासी गनेशपुर थाना वाल्टरगंज ने बताया कि उसने अपनी पुत्री ऋचा श्रीवास्तव की शादी दयानन्द श्रवास्तव पुत्र सूर्य प्रसाद लाल श्रीवास्तव निवासी भटौली, उद्यमिता, थाना घोषी जनपद मऊके साथ किया था। शादी के बाद से ही बेटी को दहेज में अतिरिक्त पैसे की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति दयानन्द श्रीवास्तव पुत्र सूर्य प्रसाद लाल श्रीवास्तव, सास सुनैना देवी पत्नी सूर्य प्रसाद लाल श्रीवास्तव ग्राम भटौली, उद्मतिया, थाना घोषी, जिला मऊ के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3४4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## इलायदी देवी हत्याकाण्ड का रूधौली पुलिस व स्वाट टीम ने किया खुलासा

# मामूली विवाद में पट्टीदार ने दिया था घटना को अंजाम

**बस्ती (एसएनबी)।** रूधौली थानाक्षेत्र के सेमरा गांव में सरसों के खेत में धारदार हथियार से किये गए महिला के हत्या का रूधौली पुलिस तथा जिले की स्वाट टीम ने सोमवार को मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए सफल अनावरण किया है। गाली व ताना देने के मामूली विवाद में सगे पट्टीदार ने ही



बस्तीः पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी। फोटो : एसएनबी

घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस कार्यालय में पत्रकारो से रूबरू अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में बीते रविवार को एक महिला इलायची देवी (55) का सरसो के खेत में शव पाया गया था। जिसके पुत्र की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने घटना के 24 घण्टे के अन्दर मुख्य अभियुक्त अजय कुमार यादव पुत्र श्यामसुन्दर यादव को थाना रुधौली क्षेत्रान्तर्गत भीटा रामसेन के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त धारदार हसिया तथा हत्या के दौरान खून का धब्बा लगा अभियुक्त का जला हुआ कपड़ा बरामद किया गया है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त अजय कुमार यादव द्वारा बताया गया कि मृतका जो मेरी सगी पट्टीदार है 18 मार्च को जब वह अपने खेत की निगरानी करने गया था जिसके बगल में मृतका का सरसो का खेत है। जहां वह उस समय मौजूद थी और अपने खेत को देखने के लिये उनके सरसो के खेत के कुछ दूर पर जैसे ही पहुंचा कि वह मुझे गाली देते हुए ताना मारने लगी जिसका मैंने रुक कर विरोध किया तो वह गाली देते हुए अपने हाथ में लिए एक ईंट के टुकड़े को मेरे ऊपर फेंकी जोकि सरसो के झाड़ में फंस गई। मैं काफी क्रोधित हो उठा और उसी ईंट के टुकड़े को लेकर मृतका की तरफ दौड़ा जिसे देखकर वह भागना चाह रही थी कि मैं उनके पास पहुंच गया और जैसे ही वह मेरी तरफ मुड़ी वैसे ही अपने हाथ में

**सरसो काटते समय दी गाली तो गला काट कर दी थी हत्या**

लिये ईंट के टुकड़े से उनके सिर पर तेजी से मार दिया। जिससे वह वहीं गिर गयी जिसके बाद वह फिर उठने की कोशिश कर रही थी जिस पर मैंने उनके हाथ से हसिया छीनकर उनके गले को काट दिया जिनके गले से निकला खून मेरे पहने हुए शर्ट व लोवर पर लग गया था। जिसे बिना किसी को बताये घर लेकर आने के बाद मृतका के घर से करीब 500 मीटर दक्षिण में स्थित चकरोड पर ले जाकर रात्रि करीब में पुआल में लपेट कर शर्ट व लोवर को जला दिया । आज घर से सन्तकबीर नगर जाने के लिये निकला था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार, प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल उप निरीक्षक शशिकान्त, प्रभारी चौकी हनुमानगंज उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी हिन्दे आजाद व जनार्दन प्रजापति सर्विलांस सेल, मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह, मुख्य आरक्षी चन्द्रकेश राय, मुख्य आरक्षी रजनी कान्त त्रिपाठी, आरक्षी सतीश कुमार यादव, आरक्षी अंकित राय, आरक्षी सुभेन्द्र तिवारी, आरक्षी अभिलाष प्रताप सिंह व मनोज कुमार यादव थाना रुधौली, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी रमेश कुमार, आरक्षी सुधीर शर्मा, आरक्षी धीरज यादव, आरक्षी अरविन्द यादव व आरक्षी किशन सिंह स्वाट टीम शामिल रहे।

# शांति भंग में तीन का चालान

**परशुरामपुर (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव के नेतृत्व में हेडकांसटेबल देवी प्रसाद गुप्ता तथा कांसटेबल अतुलेन्द्र पाल यादव ने विभिन्न विवादों में बरहपुर पाण्डेय निवासी दीपक श्रीवास्तव पुत्र प्रमोद श्रीवास्तव, अरजानीपुर निवासी पंकज पुत्र रामश्रम तथा गोण्डा जनपद के छपिया थानान्तर्गत गडरही मस्कनवां निवासी लालबाबू यादव पुत्र जग प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों का शांति भंग में चालान कर उपजिलाधिकारी के न्यायालय में पेश किया।



बस्तीः घटना का खुलासा करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी व बरामद सामान। फोटो : एसएनबी

## चोरों के पास से सामान बरामद

**बस्ती (एसएनबी)।** गिरफ्तारी के दौरान आरोपी साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली के पास से एक पिलास, दो रिन्च, एक लोहे का पाईप, आरओ वाटर सोलर से चलने वाला तथा 1300 रूपये नगद बरामद हुआ। वही महमूद आलम उर्फ गुड्डू की निशानदेही पर चोरी का एक मांग टीका पीली धातु, मोती लगा हुआ तीन मंगलसूत्र पीली धातु, कान का फूल दो जोड़ी, नाक की नथुनी एक पीली धातु, पीली धातु का कान का टप्स एक जोड़ी, नाक की कील तीन पीली धातु, , सोने की दो अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, चांदी का बाजू बंद एक जोड़ी, पायल छः जोड़ी, करधन एक सफेद धातु, चम्मच एक पीली धातु, कान का झाला एक जोड़ी, ब्रेसलेट सफेद धातु एक, एक माला पीली धातु, एक हार पीली धातु, एक छल्लादार अंगूठी पीली धातु, पांच जोड़ी कान की बाली छोटी पीली धातु, तीन जोड़ी कान की बाली सफेद धातु, एक नाक की कील पीली धातु, तीन जोड़ी कान के टप्स पीली धातु, एक ब्रेसलेट सफेद धातु, बिछुआ चार जोड़ी, एक छत का सोलर पंखा भूरे रंग का, एक मोटर क्राम्पटन कम्पनी का, पिलाश, चार की पैड मोबाईल फोन बरामद किया गया। वहीं तीसरे आरोपी शहजाद उर्फ जादू के पास से 1240 रूपये नगद तथा चोरी किये गये सामानो को बेच कर खरीदा गया टैम्पू बरामद हुआ है।

## पकड़े गये चोरों का आपराधिक इतिहास

**बस्ती (एसएनबी)।** गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी लम्बा है। जिसमें आरोपी साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली के विरूद्ध वर्ष 2022 में धारा 457, 380, 411 आईपीसी के दो मुकदमें तथा वर्ष 2023 में इसी धारा में चार मुकदमें मुकामी थाने में पंजीत किये जा चुके है। दूसरे आरोपी महमूद आलम उर्फ गुड्डू के विरूद्ध वर्ष 2022 में धारा 457, 380, 411 आईपीसी इसी वर्ष धारा 457, 380, 411 आईपीसी तथा धारा 457, 380, 411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वर्ष 2023 में थाना कोतवाली पर धारा 457, 380, 411 आईपीसी से संबंधित चार मुकदमा पंजीत किये गये। अभियुक्त शहजाद उर्फ जादू के विरूद्ध वर्ष 2023 में धारा 457, 380, 411 आईपीसी के दो मुकदमा दर्ज हुए थे जिसके बाद तीनों की गिरफ्तारी कर चोरी की कई घटनाओं का पर्दाफाश किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी चौकी गाँधी नगर उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह थाना कोतवाली, प्रभारी चौकी रोडवेज उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र, प्रभारी चौकी मड़वानगर उप निरीक्षक जयविन्द कुमार थाना कोतवाली, आरक्षी प्रकाश, आरक्षी संजय कुमार, महिला आरक्षी हेमा वर्मा, मनभावती चौहान थाना कोतवाली, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी रमेश कुमार, आरक्षी सुधीर शर्मा, आरक्षी धीरज यादव, आरक्षी अरविन्द यादव व आरक्षी किशन सिंह स्वाट टीम शामिल रहे।

# धमकी व धन गबन मामले में केस दर्ज

**बस्ती ।** एक निजी चिकित्सालय के संचालक ने कोतवाली में तहरीर देकर एक व्यक्ति को लाखो रूपये के हेराफेरी तथा गालियां व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मालवीय रोड स्थित एक निजी अस्पताल में हेरा फेरी कर 6 लाख 75 हजार रूपये की आरोपी चित्रसेन पाण्डेय ने गमन कर लिया। जिसके बारे में पूछने पर संचालक डॉ प्रमोद कुमार को गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित डॉ प्रमोद कुमार पुत्र महातम प्रसाद निवासी कनैला खुर्द थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चित्रसेन पाण्डेय पुत्र अम्बिका प्रसाद पाण्डेय निवासी सिकटा थाना वाल्टरगंज हाल मुकाम लौकिहवा थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 506, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# तालाब पट्टे के विवाद में मारपीट, दो पर केस

**बस्ती ।** तालाब के पट्टे के विवाद को लेकर एक युवक को आरोपियों ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के सिसवा पाण्डेय गांव में तालाब के पट्टे के विवाद को लेकर सुनील कुमार को आरोपी मोनू यादव व संदीप यादव ने मिलकर गालियां दिया। जिसका विरोध करने पर दोनो ने सुनील कुमार को लात मुक्के तथा लाठी डण्डे से जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान सुनील कुमार की मोबाइल भी गिरकर नुकसान हो गया। मामले में पीड़ित सुनील कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद ग्राम सिसवा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोनू यादव पुत्र रामकोमल यादव ग्राम सिसवा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा, संदीप यादव निवासी हलवापार थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बीडीओ ने कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष को भेजा पत्र

**बभनान ।** हर्रैया विकास क्षेत्र के दिवाकरपुर की प्रधान संजू देवी द्वारा गो आश्रय स्थल के निर्माण तथा सरकारी भूमि की साफ-सफाई में अवरोध उत्पन्न करने की शिकायत पर कार्रवाई के लिए खण्ड विकास अधिकारी ने पैकोलिया के थानाध्यक्ष को पत्र भेजा है। हर्रैया के खण्ड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय ने पैकोलिया के थानाध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा कि प्रधान द्वारा मुकुंदपुर के गाटा संख्या 15 व 41 तथा 40 पर बृक्षारोपण एवं गो आश्रय स्थल निर्माण के लिए साफ-सफाई कराया जा रहा था जिसे गांव के जीत बहादुर सिंह, राम बहादुर सिंह, बब्बू सिंह पुत्रगण कटेश्वरी, दुर्गेश सिंह उर्फ पिंकू सिंह पुत्र जीत बहादुर सिंह, आकाश सिंह एवं विकास सिंह पुत्रगण राम बहादुर सिंह द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। बीडीओ ने प्रधान की तहरीर पर थानाध्यक्ष से कार्रवाई की मांग किया है।

# एजेन्सी से गैस सिलिण्डर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती ।** गैस गोदाम में चोरी हुए एक मामले में मुकदमा दर्ज होने के 24 घण्टे के अन्दर नगर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के गैस सिलिण्ड को बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की गयी है। जानकारी के अनुसार नगर थानाक्षेत्र के मरहा गोटवा स्थित महादेव भारत गैस गोदाम के अन्दर से बीती रात अज्ञात चोर ने एक गैस से भरा सिलिण्डर तथा चौकीदार राम अवध सिंह का मोबाइल चोरी कर फरार हो गया था। मामले में एजेन्सी मालिक विजय प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी दैलापुर थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के कुछ ही घण्टो बाद नगर पुलिस ने आरोपी शेख मोहम्मद यूसुफ पुत्र मोहम्मद याकूब शेख निवासी गोटवा थाना नगर वर्तमान पता सुदर्शन सोसाइटी शिव टेकड़ी वर्षा नगर पार्क साइट बिखरौली पश्चिम मुम्बइ को थाना नगर क्षेत्रान्तर्गत एमपी धर्मकांटा गोटवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी का भारत एलपीजी गैस सिलेंडर, एक वीवो मोबाइल, घटना में प्रयुक्त हुए एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद, प्रभारी चौकी फुटहिया उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, आरक्षी अजीत कुमार गुप्ता, आरक्षी अभिषेक साहनी थाना नगर शामिल रहे।




गैस सिलिंडर के साथ पकड़ा गया चोर। फोटो : एसएनबी

# शातिर चोरों के गैंग का खुलासा, तीन सदस्य गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाने वाले गैंग का सोमवार को एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने खुलासा किया। कोतवाली पुलिस व स्वॉट टीम की संयुक्त टीम ने गैंग के तीन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के करीब सात लाख 60 हजार रुपये कीमत के आभूषण, ऑटो व अन्य सामान बरामद किए हैं।

एसपी ने बताया कि इस गिरोह का एक आरोपी फरहान अहमद पहले गिरफ्तार किया गया था। उसने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ सात मार्च को होली से एक दिन पहले की रात सुपेलवा मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाले वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के भरौली बाबू गांव के भूपेंद्र सिंह के मकान में चोरी किया था। उससे पूछताछ में इन तीनों का नाम उजागर हुआ था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर महिला अस्पताल परिसर से साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली व शहजाद उर्फ जादू पुत्र मोहम्मद सईद निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली और महमूद आलम उर्फ गुड्डू निवासी हनुमानगढ़ी के पास तुरकहिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह तीनों छुट्टियों के दिनों में रेकी करके शहर के बंद पड़े घरों में चोरी करते थे। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी व सीओ सिटी आलोक प्रसाद मौजूद रहे।



पुलिस कार्यालय में सोमवार को चोरों के गैंग की धरपकड़ का खुलासा करते एसपी।

### आरोपितों पर कोतवाली में दर्ज हैं 16 मुकदमे

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए आरोपी साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली पर कोतवाली में चोरी के सात, महमूद आलम उर्फ गुड्डू पर कोतवाली में सात और शहजाद उर्फ जादू पर कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं। इनमें साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली के पास से एक प्लास, दो रिन्च, एक लोहे का पाइप, आरओ, महमूद आलम उर्फ गुड्डू के कब्जे से सोने का मांग टीका, मोती लगा तीन मंगलसूत्र, कान का फूल दो जोड़ी, नथुनी, कान के टप्स, तीन कील, ब्रेसलेट, सोने की माला, एक हार, चार मोबाइल और शहजाद उर्फ जादू के पास से 1240 रुपये नगद और चोरी का सामान बेच कर खरीदा गया ऑटो बरामद किया गया है।

**खुलासा करने वाली टीम :** चोरों के गैंग का खुलासा करने वाली टीम की अगुवाई प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने की। टीम में प्रभारी स्वॉट टीम उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी चौकी गांधीनगर जितेन्द्र सिंह, प्रभारी चौकी रोडवेज राकेश मिश्र, प्रभारी चौकी मड़वानगर जयविन्द कुमार, कांस्टेबल प्रकाश, संजय कुमार, महिला आरक्षी हेमा वर्मा, मनभावती चौहान, धर्मेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, सुधीर शर्मा, धीरज यादव, अरविन्द यादव व किशन सिंह शामिल रहे।

# थाने के गेट पर शव रख जताया विरोध

## आक्रोश

**बस्ती, निज संवाददाता।** मारपीट में चोट लगने से मौत का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों सोमवार की देर शाम पुरानी बस्ती थाना गेट पर शव रखकर विरोध जताया। पोस्टमार्टम कराने और आरोपितों को गिरफ्तार करने की परिजन मांग कर रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन दिया गया, तब परिवारीजन शांत हुए।

सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के बीच प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। 13 फरवरी को दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने मामले में क्रास केस दर्ज किया था। मृतक विपिन पहले से ही लीवर का मरीज है, फिर भी परिजनों के आरोप के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसमें यदि मौत का कारण चोट आई तो उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी



मारपीट में घायल की मौत के बाद सोमवार को देर शाम पुरानी बस्ती थाना गेट पर शव रखकर परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

**13 फरवरी को दोनों पक्षों में हुआ था विवाद :** मृतक की भतीजी सलोनी पुत्री स्व. मनोज जायसवाल निवासी रानी पोखरा पुरानी बस्ती ने बताया कि उनका एक घर पांडेय बाजार में भी है। इसके बंटवारे को लेकर उसके घरवालों और बुआ कुसुम के बीच विवाद चल रहा था। 13 फरवरी को उसकी बुआ ने घर की महिलाओं को बात करने के लिए पांडेय बाजार वाले घर पर बुलाया था। आरोप लगाया कि बुआ ने बातचीत के बजाए उन पर झूठा आरोप लगाकर पुलिस को बुला लिया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। उनके अनुसार उसकी और उसके बहन की साइकिल पांडेय बाजार वाले मकान पर छूट गई थी। 13 फरवरी की शाम को ही वह साइकिल लेने चचेरी बहन साक्षी के साथ वहां गई तो बुआ ने कहा कि वहां कोई साइकिल नही हैं। इसी बीच उनके चाचा विपिन और भाई रोहन भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि तभी बुआ और उनके पक्ष के लोगों ने उन्हें, उनके भाई रोहन, चाचा विपिन व बहन साक्षी को लाठी ईंट पत्थर, डंडा, बांस आदि से जमकर मारा पीटा।

# पुलिस ने 40 साल पुराना विवाद निपटाया

छावनी। थाना क्षेत्र में 40 साल पुराने विवाद को छावनी पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता कर समझौता करा दिया। एक बीघे जमीन में हिस्सेदारी को लेकर पांच हिस्सेदारों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। मामला सेवरालाला गांव का है।

थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने बताया की सेवरालाला निवासी हरीराम तिवारी व उनके भाइयों के बीच 40 वर्षों जमीनी विवाद चल रहा था। पुलिस टीम ने दूसरे पक्ष के रवी प्रकाश तिवारी, जगदीश, राजेन्द्र, राजेश सहित सभी पक्षों को समझाया। सभी पक्षों की सहमति से पांचों भाइयों में बराबर जमीन का बंटवारा हो गया।

# गैस एजेंसी से चोरी सिलेंडर व मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**बस्ती, निज संवाददाता।** नगर पुलिस ने भारत गैस एजेंसी से चोरी किए गए एलपीजी गैस सिलेंडर के साथ आरोपी को दबोच लिया है। घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है। थानाध्यक्ष जर्नादन प्रसाद ने बताया कि कप्तानगंज थाने के दयालापुर निवासी विजय प्रताप सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि 18 मार्च को नगर थाने के मरहा गोटवा स्थित उनकी गैस गोदाम से एक सिलेंडर चोरी कर लिया गया। साथ ही चौकीदार का एक मोबाइल फोन भी चुरा लिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा कायम कर लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी शेख मोहम्मद यूसुफ निवासी गोटवा थाना नगर जनपद हाल मुकाम सुदर्शन सोसाइटी शिव टेकड़ी वर्षा, नगर पार्क साइट बिखरौली पश्चिम मुम्बई को टीम ने सोमवार की सुबह नगर थानांतर्गत एमपी धर्मकांटा गोटवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी के सामान के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

## 6.75 लाख रुपये हड़पने का आरोप, केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने गबन के मामले में केस दर्ज किया है। कलवारी थाने के कनैला खुर्द निवासी डॉ. प्रमोद ने तहरीर देकर बताया है कि विपक्षी में मालवीय रोड स्थित अस्पताल में हेराफेरी कर 67500 रुपये का गबन कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चित्रसेन पांडेय निवासी सिकटा वाल्टरगंज हालमुकाम लौकिहवा थाना कोतवाली के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पति व सास पर दर्ज कराया मुकदमा

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में केस दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी ऋचा की शादी मऊ के घोषी थाना क्षेत्र निवासी दयानन्द श्रीवास्तव के साथ हुई है। उनका आरोप है कि ससुराल में पति व सास ने बेटी से दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की। पुलिस ने पति व सास सुनैना देवी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## लोन देने के नाम पर की जालसाजी

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है। इसी थाने के केवाड़ी मुस्तहकम निवासी अयोध्या प्रसाद ने तहरीर देकर बताया है कि उन्हें व अन्य लोगों को लोन देने के नाम पर झांसा दिया गया। आरोप है कि बिना जानकारी के विभिन्न बैंकों में खाता खोल लिया गया और उससे लेन-देन किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंबेडकरनगर के अहिरौली थानांतर्गत मोरा पारा निवासी अंकित सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।



जीजीआईसी मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षक नेताओं से बात करते डीआईओएस डीएस यादव।

# बहिष्कार में शामिल शिक्षकों का नहीं होने देंगे उत्पीड़न

**आंदोलन**

- तीसरे दिन भी जारी रहा मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार
- शहर के चार विद्यालयों में चल रहा है मूल्यांकन कार्य

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक समन्वय समिति का मूल्यांकन बहिष्कार सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षक समन्वय समिति के संयोजक अजय प्रताप सिंह व सह संयोजक अरुण कुमार मिश्रा ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, सक्सेरिया इंटर कॉलेज व किसान् इंटर कॉलेज पहुंचकर शिक्षकों से संवाद कर आंदोलन में सहयोग की अपील की।

मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि हमारा आंदोलन अंतिम चरण में है। वार्ता के लिए शिक्षक नेताओं को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया गया है, जिसकी अपडेट देर रात तक मिल जाएगी। मूल्यांकन बहिष्कार में योगदान दे रहे किसी भी शिक्षक का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रशासन की किसी प्रकार की धमकी से हम डरने वाले नहीं है। हम सभी अपने अधिकार और स्वाभिमान के लिए संघर्ष कर रहें हैं, जो हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।प्रांतीय उपाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, राम पूजन सिंह, संजय सिंह, योगेश शुक्ला, कमलेश चौधरी, प्रवीण कुमार गुप्ता, आदित्य प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, गिरिजेश कुमार श्रीवासत्व, बृजेश पासवान, राजित राम वर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. सुरेन्द्र चौधरी, आनंद प्रकाश पांडेय, आनंद सिंह, करुणाकर सिंह, अच्छे लाल, छेदी मौर्य, फागु लाल गुप्ता, गणेश मौर्य, अरुण सिंह, अजय पांडेय, सुरेंद्र मणि मिश्रा, विकास सिंह, रामेन्द्र पांडेय, जितेंद्र शाही, इंद्र बहादुर, रमेश चंद्र गुप्ता, सतीश रंजन सिंह, अरुण त्रिपाठी, राम नरोत्तम चौधरी, दिनेश कुमार यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पर शव रख किया प्रदर्शन



मृतक के परिजनों को समझाते पुरानी बस्ती के थानाध्यक्ष योगेश सिंह •जागरण

**जासं, पुरानी बस्ती:** मारपीट में घायल चोटिल की मौत के बाद नाराज परिवारीजन ने पुरानी बस्ती थाने के गेट पर दिवंगत का शव रखकर विरोध जताया। पीड़ित शव का पोस्टमार्टम कराने और आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। बाद में थानाध्यक्ष योगेश सिंह के समझाने और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन दिया गया तब परिवारीजन माने।

दिवंगत की भतीजी सलोनी पुत्री स्व. मनोज जायसवाल निवासी रानी पोखरा पुरानी बस्ती ने बताया कि उनका एक घर पांडेय बाजार में भी है। इसके बंटवारे लेकर उसके घरवालों और बुआ कुसुमलता के बीच विवाद चल रहा था। 13 फरवरी को उसकी बुआ ने घर की महिलाओं को बात करने के लिए पांडेय बाजार वाले घर पर बुलाया। आरोप लगाया कि बुआ ने बातचीत के बजाए उन पर झूठा आरोप लगाकर पुलिस को बुला लिया। फिर पुलिस ने उन्हें दूसरे दिन बुलाया। बताया कि उसकी और उसके बहन की साइकिल पांडेय बाजार वाले मकान पर ही छूट गई थी। ऐसे में 13 फरवरी की शाम को ही वह साइकिल लेने चचेरी बहन साक्षी के साथ वहां गई। वहां उनकी बुआ ने कहा कि वहां कोई साइकिल नहीं है। इसी बीच उनके चाचा विपिन और भाई रोहन भी वहां पहुंच गए। तभी

> दोनों पक्षों के बीच प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर 13 फरवरी को दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने मामले में क्रास केस दर्ज किया था। दिवंगत विपिन पहले से ही लीवर का मरीज है, फिर भी परिवारीजन के आरोप के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसमें यदि मौत का कारण चोट आई तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **आलोक प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सदर**

बुआ और उनके पक्ष के लोगों ने उन्हें, उनके भाई रोहन, चाचा विपिन व बहन साक्षी को लाठी ईंट पत्थर, डंडा, बांस आदि से जमकर मारा पीटा। उन लोगों ने उन्हें ओपेक अस्पताल कैली पहुंचाया, जहां से उन्हें केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां उनके चाचा विपिन की सोमवार को मृत्यु हो गई।

**दोनों पक्षों ने दर्ज कराया था एक-दूसरे पर मुकदमा:** 13 फरवरी को ही दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पहले पक्ष की ओर से सलोनी ने तहरीर देकर कुसुमलता, किशन, त्रिभुवन, प्रभुनाथ, नंद किशोर, शिवम कसौधन व कुछ अज्ञात के विरुद्ध ईंट पथर चलाकर मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं दूसरे पक्ष के त्रिभुवन ने विपिन, रोशन, साक्षी, नीलम व संगीता पर दुकान में घुसकर पीटने को केस दर्ज कराया था।

## छावनी पुलिस ने पुराना भूमि विवाद सुलझाया

**छावनी, बस्ती** : छावनी पुलिस ने लगभग 35 साल से चले आ रहे भूमि विवाद को सभी पक्षों से बातचीत कर सुलझा दिया है। एक बीघा जमीन में हिस्सेदारी को लेकर पांच हिस्सेदारों के बीच विवाद चल रहा था। मामला थाना क्षेत्र के सेवरा लाला गांव का है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया की गांव निवासी हरीराम तिवारी व उनके भाइयों के बीच भूमि विवाद चल रहा था। पुलिस टीम ने सभी पक्षों को समझाया। सहमति से जमीन के पांच हिस्से कर उसका बंटवारा कर दिया गया। (जासं)

## पति व सास पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने महिला थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी ऋचा की शादी मऊ जनपद के घोषी थाना क्षेत्र निवासी दयानन्द श्रीवास्तव के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में पति व सास ने बेटी से दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की। इसे पूरा न करने पर पीटा और धमकी दी। पुलिस ने पति व सास सुनैना पर केस दर्ज किया है। (जासं)

# लोन देने के नाम पर की धोखाधड़ी, मुकदमा

**वस्ती :** दुबौलिया पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के केवाड़ी मुस्तहकम गांव निवासी अयोध्या प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उन्हें व अन्य लोगों को लोन देने के नाम पर झांसा दिया गया। आरोप लगाया कि आधार कार्ड, पैन कार्ड का विवरण लेकर उसका प्रयोग कर उनके बिना जानकारी के विभिन्न बैंकों में खाता खोल लिया गया और उससे लेन-देन किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आंबेडकरनगर के अहिरौली थानांतर्गत मोरा पारा गांव निवासी अंकित पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बालिका से छेड़खानी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने एक नौ वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि 17 मार्च को उनके घर पर मुंडन का कार्यक्रम था। आरोप लगाया कि इसी दिन रात करीब 11 बजे गांव के रहने वाला राजकुमार ने उनकी नौ वर्षीय बेटी को टाफी का लालच देकर साथ ले गया और उसके साथ छेड़खानी की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# 6.75 लाख रुपये हड़पने के आरोप में केस

**बस्ती :** कोतवाली पुलिस ने रकम हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने के कनैला खुर्द गांव निवासी डा. प्रमोद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विपक्षी ने मालवीय रोड स्थित एक निजी अस्पताल में हेराफेरी कर 4. 75 लाख रुपये हड़प लिया। पूछताछ करने पर उन्हें बर्बाद करने व मिटाने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चित्रसेन पांडेय निवासी सिकटा वाल्टरगंज वर्तमान पता लौकिहवा थाना कोतवाली के विरुद्ध रकम हड़पने और जानमाल की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला की हत्या का पर्दाफाश, हत्यारोपित गिरफ्तार

## बहन की शादी का रिश्ता न होने देने से नाराज था युवक, खेत में मिला था खून से लथपथ महिला का शव

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले के रुधौली थानांतर्गत सेमरा में 50 वर्षीय महिला का गला रेतकर हत्या की घटना का पुलिस ने सोमवार को पर्दाफाश कर दिया। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या उसके पट्टीदारी के देवर ने की थी। हत्या का कारण हत्यारोपित के बहन की शादी बार-बार महिला की ओर से तोड़वा दिया जाना बताया गया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में महिला की हत्या का पर्दाफाश करते हुए बताया कि हत्यारोपित अजय कुमार यादव ने हंसिया से गला रेतकर रिश्ते में भाभी लगने वाली इलायची देवी की हत्या की थी। उसे गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हंसिया बरामद कर लिया गया है। एएसपी ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस कई बिंदुओं पर छानबीन कर रही थी। इसी बीच रुधौली पुलिस का शक दिवंगत महिला के पट्टीदारी के देवर अजय कुमार पर उस समय गया, जब उसकी हथेली पर लगी चोट दिखी। वह उसे छिपाने की कोशिश करता रहा। जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो सच्चाई सामने आ गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित अजय ने बताया कि इलायची देवी रिश्ते में उसकी भाभी लगती थीं। उसकी पांच बहनें हैं, जिनकी शादी तलाश रहा था। आरोप लगाया कि उसके बहन की शादी इलायची देवी बार-बार कटवा देती थी। इस बात से वह नाराज था। घटना के दिन 18 मार्च को सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह अपने खेत की निगरानी करने गया था। बगल में इलायची देवी खेत में मौजूद थी।

आरोपित के अनुसार उनके खेत के पास पहुंचते ही इलायची देवी उसे अपशब्द कहते हुए ताना मारने लगी। विरोध किया तो एक ईंट फेंककर मारा, जो सरसों की झाड़ में अटक गया। उसे गुस्सा आ गया और ईंट के टुकड़े से उसने इलायची देवी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह खेत में गिर पड़ी। इसके बाद उसने उनके ही हाथ से हंसिया छीनकर गले को रेत दिया। इस दौरान हुई छीनाझपट्टी में मृतका के दाएं हाथ की चार उंगली भी कट गई थीं। गले से निकला खून उसके शर्ट व लोवर पर लग गया था, जिसे बिना किसी को बताए घर लेकर आ गया। रात में गांव के बाहर पुआल में लपेट कर शर्ट व लोवर को जला दिया था। पुलिस ने जले हुए कपड़े भी बरामद कर लिए है। इस मौके पर सीओ रुधौली भी मौजूद रहीं।



रुधौली के सेमरा गांव मे महिला की हत्या के आरोपित के बारे मे जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ रुधौली व अन्य ●जागरण

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

महिला की हत्या का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार, प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकान्त, प्रभारी चौकी हनुमानगंज अजय सिंह, हिंदे आजाद, जनार्दन प्रजापति, दिग्विजय सिंह, चंद्रकेश राय, रजनीकान्त त्रिपाठी, सतीश यादव, अंकित राय, सुभेन्द्र तिवारी, अभिलाष सिंह, मनोज यादव, धर्मेंद्र, रमेश, सुधीर शर्मा, धीरज, अरविंद व किशन रहे।

# चोरी गैस के सिलिंडर, मोबाइल फोन बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## नगर थाने के गोटवा से 18 मार्च को हुई थी चोरी

बस्ती। नगर थाने की पुलिस ने भारत गैस एजेंसी से चोरी गैस सिलिंडर के साथ आरोपी को दबोच लिया है। घटना में प्रयुक्त की गई बाइक भी बरामद कर ली गई है।

कप्तानगंज थाने के दयलापुर निवासी विजय प्रताप सिंह ने तहरीर दी था कि 18 मार्च को नगर थाने के मरहा गोटवा स्थित उनकी गैस एजेंसी के गोदाम से एक सिलिंडर चोरी हो गया। साथ ही चौकीदार का एक मोबाइल फोन भी चोर चुरा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन की। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि आरोपी शेख मोहम्मद यूसुफ निवासी गोटवा थाना नगर जनपद हाल मुकाम सुदर्शन सोसाइटी शिव टेकड़ी वर्षा, नगर पार्क साइट बिखरौली पश्चिम मुंबई को सोमवार की सुबह नगर थाने के एमपी धर्मकांटा गोटवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया।

# देवर ने ली थी महिला किसान की जान

## बार-बार बहन की शादी टूटने से नाराज था, खेत में कहासुनी के बाद हंसिया से रेत दिया था गला

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** रुधौली थानाक्षेत्र के सेमरा गांव में महिला की गला रेतकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या के आरोप में महिला के पट्टीदारी के युवक (रिश्ते के देवर) को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी बहन की जहां भी शादी तय करता था, इलाइची देवी कोई न कोई अड़ंगा डालकर शादी तोड़वा देती थी। शनिवार को खेत में दोनों में बहस हुई। उसके बाद आरोपी अजय यादव ने इलाइची देवी का हंसिया छीनकर गला रेत डाला।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि शनिवार को अपने खेत में सरसों की फसल काटने गई इलाइची देवी का रविवार को सुबह शव मिला था। परिवार के लोग उसे ढूंढ रहे थे मगर पुलिस को सूचना नहीं दी थी। मृतका के बेटे का कहना है कि वह पुलिस को सूचना देने जा रहा था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने बताया कि पुलिस 24 घंटे बाद ही गुमशुदगी दर्ज करती है। सुबह थाने जाने ही वाला था कि शव मिलने की सूचना मिली।



इलायची देवी (फाइल फोटो)

### पुलिस ने किया गिरफ्तार एएसपी ने किया घटना का खुलासा

### शक के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही थी। गांव व पड़ोस के लोगों को भी संदेह के दायरे में रखकर पुलिस चल रही थी। इसी बीच मृतका के पट्टीदारी के देवर अजय कुमार पर नजर पड़ी। उसकी हथेली पर चोट लगी थी, जिसे वह छिपने का प्रयास कर रहा था। संदेह होने पर पुलिस चोट के बारे में पूछताछ करने लगी तो वह सकपका गया और बहाने बनाने लगा। पुलिस उसे किनारे ले गई और कड़ाई से पूछताछ की तो सारी सच्चाई सामने आ गई।

### ऐसे हुई इलाइची देवी की हत्या

**बस्ती।** आरोपी अजय यादव की इलायची देवी रिश्ते में चचेरी भाभी लगती थीं। अजय की पांच बहनें हैं। वह काफी दिनों से बड़ी बहन की शादी के लिए लड़का तलाश रहा था। उसने तीन बार शादी तय कर चुका था। आरोपी का कहना है कि इलायची देवी ने तीनों बार लड़के वालों के परिवार को उसकी बहनों व परिवार के बारे में कुछ न कुछ कहकर भड़का देती थी। जिससे तीनों बार शादी टूट गई।

इसकी जानकारी होने पर अजय के परिवार वालों में खुन्नस पैदा हो गई। 18 मार्च को सुबह करीब साढ़े 10 बजे अजय अपना खेत देखने गया था। बगल के खेत में मौजूद इलायची देवी उसे देखते ही अपशब्द कहते हुए ताने मारने लगीं। कहने लगी कि लोग उस पर शादी तोड़वाने का संदेह करते हैं। अजय ने विरोध किया तो इलाइची देवी ने पास में पड़ा ईंट का टुकड़ा उसके ऊपर फेंका, ईंट सरसों के झाड़ में अटक गई। अजय के मुताबिक, इसके बाद उसे गुस्सा आ गया और ईंट का टुकड़ा लेकर इलाइची की तरफ दौड़ा और सिर पर वार कर दिया। वह गिर पड़ी। इसके बाद वह हंसिया से वार करने का प्रयास करने लगी। हंसिया छीनकर गला रेत डाला। इस छीनाझपटी में मृतका के हाथ की चार उंगलियां भी कट गई थीं। अजय के मुताबिक, इस दौरान निकला उसकी शर्ट और लोवर खून के छींटे पड़ गए। शर्ट और लोवर को रात में गांव के बाहर कर जला दिया। पुलिस ने जले हुए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

# बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

## पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के बंद घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने स्वाट टीम के सहयोग से खुलासा किया है। गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के करीब सात लाख 60 हजार रुपये कीमत के आभूषण, ऑटो व अन्य सामान बरामद किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय ने बताया कि इस गिरोह का एक सदस्य फरहान अहमद पहले गिरफ्तार किया गया था। उसने गिरोह के सदस्यों के साथ सात मार्च की रात सुपेलवा मोहल्ले में किराये के मकान में रहने वाले वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के भरौली बाबू गांव के भूपेंद्र सिंह के यहां चोरी की थी। उससे पूछताछ में इन तीनों के नाम उजागर हुए।

मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम के प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी की टीम ने महिला अस्पताल परिसर से साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली व शहजाद उर्फ जादू पुत्र मोहम्मद सईद निवासी कंचन टोला थाना कोतवाली और महमूद आलम उर्फ गुड्डू निवासी हनुमानगढ़ी के पास तुरकहिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। उन लोगों ने कबूल किया कि वे बंद पड़े घरों में चोरी करते थे। साजिद हुसैन पर कोतवाली में सात, महमूद आलम उर्फ गुड्डू पर कोतवाली में सात व शहजाद उर्फ जादू पर कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं।

### ये सामान हुए बरामद

साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली के पास से एक प्लास, दो रिंच, एक लोहे का पाइप, आरओ, महमूद आलम उर्फ गुड्डू के कब्जे से सोने का मांगटीका, तीन मंगलसूत्र, कान का फूल दो जोड़ी, नथुनी, कान के टप्स, तीन कील, तीन अंगूठी, बाजू बंद, छह पायल, करधन, एक चांदी का चम्मच, झाला, ब्रेसलेट, सोने की माला, एक हार, आठ जोड़ी कान की बालियां, बिछुआ, सोलर पंखा, वाटर मोटर, चार मोबाइल फोन और शहजाद उर्फ जादू के पास से 1240 रुपये और चोरी का सामान बेच कर खरीदा ऑटो बरामद किया गया।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# पुरानी पेंशन : कर्मचारी संगठनों का धरना आज

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद



द्वारा21मार्च को जिला मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली एवं अन्य मांगों को लेकर होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के कई संगठनों ने आज विकास भवन पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संगठनों ने रूप रेखा बनाई। पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा 21 मार्च को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसके लिए आज विकास भवन पर कई संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक कर उसकी रूप रेखा तैयार कर सभी कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए आने की अपील किए।जिसमे जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अभिनव ओझा,जिला पंचायत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमलेश यादव,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद गौतम मंत्री नंद किशोर,जगनारायण अश्वनी कर पाठक आदि ने विभिन्न कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों से मिलकर उन्हें धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील किए।

# धरना-प्रदर्शन आज

सिद्धार्थनगर। केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर साझा कार्यक्रम के तहत प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से मंगलवार को 11 बजे से कलक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को ब्लॉक कार्यालय में बैठक कर सफलता की रणनीति तैयार की।

# एसडीएम की छापेमारी में 50 बोरी खाद बरामद

**सिद्धार्थनगर।** एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्रा और मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने खाद की कालाबाजारी को लेकर सोमवार देर छापेमारी की। इस दौरान 50 बोरी खाद बरामद की गई।

मुखबिर की सूचना पर नेपाल सीमा के ककरहवा चौकी के बभनी गांव निवासी हरिराम के घर पर की गई छापेमारी में आरोपी के घर से 50 बोरी अवैध यूरिया और डाई खाद बरामद हुई। खाद को घर के अंदर गल्ला रखने वाली डेहरी में छिपाकर रखा गया था। आरोप है कि मौका मिलते ही आरोपी नेपाल तस्करी कर भेजने के फिराक में था। खाद की बरामदगी के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में ज़िम्मेदार जुटे हैं। मोहना के थानेदार जीवन त्रिपाठी ने कहा खाद बरामदगी के बाद कार्रवाई की जा रही है।



सोमवार को एएसपी सिद्धार्थ बांसी कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे। • हिन्दुस्तान

# महिलाओं की शिकायतों पर करें त्वरित कार्रवाई : एएसपी

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बांसी कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण सोमवार को किया। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एएसपी ने शस्त्रागार, अभिलेखागार, कंप्यूटर रूम, महिला हेल्प डेस्क सहित अपराधियों के रजिस्टर की समीक्षा की। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह से कहा कि अपराध नहीं बढ़ना चाहिए। अपराध पर अंकुश के लिए गश्त जारी रहनी चाहिए। महिला हेल्प डेस्क, मेस, परिसर में खड़े वाहनों को भी देखा। उन्होंने डेस्क प्रभारी को निर्देशित किया कि किसी भी महिला की समस्या अनसुनी न की जाए। उसकी समस्या पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि बांसी के रानीगंज तिराहे व मंगल बाजार क्षेत्र में पुलिस बूथ की स्थापना के लिए कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली परिसर में ही उन्होंने चौकीदारों संग बैठक कर दायित्वों के प्रति पूरी तरह सतर्क रहने को कहा।

# सीमावर्ती गांव में पकड़ा गया अवैध खाद का गोदाम

- सोमवार की शाम मोहाना थाना के बभनी गांव में हुई छापेमारी, एक-दो बारी खाद लाकर तस्करी की नीयत से कर रहे एकत्र



मोहाना थाना के बभनी गांव में बरामद खाद की बोरियों के साथ एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा ● जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम करीब छह बजे मोहाना थाना के बभनी गांव में छापेमारी की। एक मकान में छिपाकर रखा गया 70 बोरी उर्वरक पकड़ा। इसमें यूरिया व डीएपी दोनों खाद की बोरियां मिली है। संयुक्त टीम में राजस्व विभाग के कर्मी व पुलिस के जवान शामिल रहे।

नेपाल सीमा पर स्थित गांवों में तस्करी की नीयत से खाद व खाद्यान्न एकत्र करने की सूचना पर बभनी गांव में संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। एक मकान में खाद्यान्न रखने वाले स्थान (मिट्टी की डेहरी) में खाद की बोरियां छिपाकर रखी गई थी। मौके पर एक बुजुर्ग मिले। वह इस संबंध में जानकारी देने में असमर्थ रहे। टीम ने गांव के कई अन्य संदिग्ध लोगों के घर की जांच की। एसडीएम सदर ने बताया कि गांव से महज कुछ दूरी पर नेपाल की सीमा है। सूचना मिली थी कि एक-दो बोरी खाद लाकर इसे एकत्र किया जाता है। नेपाल के सीमावर्ती गांव में भी आरोपित ने गोदाम बनाया है। मौका देखकर इस खाद को सीमा पार भेज दिया जाता है। टीम तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अपहरणकर्ता को चार वर्ष की कठोर सजा

सिद्धार्थनगर : नाबालिग के अपहरण के आरोपित को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह द्वितीय की कोर्ट ने सोमवार को चार वर्ष की कठोर कारावास व आठ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। डुमरियागंज पुलिस ने वर्ष 2015 में एक नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रोहित पुत्र सब्बू निवासी अहिरौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात उक्त सजा सुनाई है। मामले की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कर पाठक ने की। (जासं)

# छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार को शिवपति डिग्री कालेज में छात्राओं को नारी सुरक्षा के तहत जागरूक किया। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए संचालित वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस हेल्प लाइन 112, चाइल्ड लाइन 1098 आदि डायल नंबरों के बारे में बताया गया। महिला बीट पुलिस अधिकारी व एंटी रोमियो जांच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें निर्भीक होकर समाज के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान आरक्षी अजय यादव, महिला आरक्षी अनुपमा व बृजमा निषाद आदि उपस्थित रहीं। (जासं)

# बॉर्डर के बभनी में छापा 50 बोरी यूरिया बरामद

## एसडीएम और मोहाना एसओ ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के सीमा से सटे बभनी गांव में सोमवार देर शाम प्रशासन और मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक घर पर छापा मारा। मौके से घर में रखी डेहरी और अन्य स्थानों से 50 बोरी से अधिक यूरिया खाद बरामद किया गया। देर शाम तक पुलिस की कार्रवाई जारी रही।

मोहाना थाना क्षेत्र के नेपाल बार्डर स्थित बभनी गांव में नेपाल ले जाने के लिए बड़ी मात्रा में यूरिया रखे जाने की थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी को सूचना मिली।

मामले को संज्ञान में लेते हुए एडीएम सदर को अगवत कराया। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार राम ऋषिरमन के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम की अगुवाई में बताए हुए स्थान पर छापा मारा गया तो घर के बाहर बरामदे में और कमरे में रखे डेहरी में यूरिया भरा हुआ मिला। एसओ जीवन त्रिपाठी के मुताबिक गांव निवारी हरिनरायण के घर पर छापा मारा गया है। यहां पर 50 बोरी से अधिक यूरिया बरामद किया गया है। उच्चाधिकारी के आदेशानुसार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना पर छापा मारा गया है। यहां से बड़ी मात्रा में यूरिया मिला है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।



मोहाना क्षेत्र के बभनी गांव में इस घर में छापामारी के दौरान एसडीएम ललित कुमार मिश्र और थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी। संवाद

### घर के बरामदे और कमरे की डेहरी में भरा मिला यूरिया पुलिस ने की कार्रवाई

**पुलिस ने किया पैदल मार्च:** बिस्कोहर: चैत्र नवरात्र व रमजान के त्योहार के दृष्टिगत त्रिलोकपुर पुलिस ने सोमवार को पैदल मार्च किया गया। शांति व्यवस्था में नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा की गई तो अराजक तत्वों को चेताया भी गया। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने बिस्कोहर पुलिस चौकी से पैदल मार्च प्रारंभ होकर पश्चिम टोला, यादवडीह, परशुराम नगर तिराहा तक गया। पुलिस ने नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। कहाकि सभी लोग शांति पूर्वक त्योहार मनाएं, पुलिस आपके साथ है। कहीं पर कोई गड़बड़ी करता है अथवा अफवाह फैलाता है तो इसकी जानकारी दें, ऐसे तत्वों के साथ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-03-2023

# एसपी ने किया लिपिक कार्यालय का निरीक्षण



संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस कार्यालय के प्रधान लिपिक शाखा का एसपी सत्यजीत गुप्ता ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में रखी पत्रावलियों व अभिलेखों की गहनता से समीक्षा की और मातहत को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस कार्यालय में स्थित प्रधान लिपिक शाखा के अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण किया। प्रधान लिपिक कार्यालय में रखी पत्रावलियां व अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के रख-रखाव व उनको अद्यतन रखने तथा साफ-सफाई का भी जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रधान लिपिक शाखा में चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए दण्ड-प्रमोशन, रिवार्ड आदि प्रविष्टियों को देख कर चरित्र पंजिकाओं को अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। लम्बित प्रारम्भिक जांचों एवं दण्ड आदि से संबंधित समस्त पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कच्ची-कारोबार का सरगना गिरफ्तार

**धनघटा थानान्तर्गत भोतहा गांव के समीप सरयू नदी की तलहटी में संचालित कच्ची के ठिकाने पर भोर में हुई छापेमारी में पुलिस को मिली सफलता**



पुलिस गिरफ्त में कच्ची कारोबार का सरगना।

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थानान्तर्गत भोतहा गांव के समीप सरयू नदी की तलहटी में भारी पैमाने पर कच्ची का कारोबार करने वाले एक सरगना कारोबारी को सोमवार की भोर में धनघटा थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र ने हमराही पुलिसकर्मियों के साथ कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मौके पर धधक रही कई भट्ठियों को तोड़-फोड़ कर नष्ट कर दिया साथ ही मौके से शराब बनाने में उपयोग होने वाले तमाम उपकरण और भारी मात्रा में कच्चा माल तथा तैयार कच्ची शराब भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कच्ची कारोबार के सरगना के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

विदित हो कि धनघटा थानान्तर्गत लगभग 35 किमी. क्षेत्र में फैली सरयू नदी की तलहटी में जगह-जगह वर्षों से कच्ची शराब का कारोबार संचालित होता चला आ रहा है। नदी की तलहटी में कच्ची शराब का उत्पादन करके पूरे क्षेत्र में कारोबारियों द्वारा कच्ची की डिलेवरी पहुंचाई जाती है। बीते दिनों पुलिस उच्चाधिकारियों के कड़े निर्देश के बाद प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में धनघटा पुलिस सरयू की तलहटी में कच्ची कारोबार के ठिकाने पर लगातार छापेमारी करने में जुटी हुई है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक के दिशानिर्देशन में सोमवार की भोर में थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र हमराही पुलिसकर्मी लवकेश यादव, रामा राव, पंकज यादव, गौरव चौहान तथा संतोष यादव के साथ भोर में थाना क्षेत्र के भोतहा गांव के समीप सरयू नदी की तलहटी में संचालित कच्ची के ठिकाने पर छापेमारी की तो शराब का उत्पादन करने में जुटे कच्ची कारोबार के सरगना भोतहा गांव निवासी राम पलटन निषाद पुत्र श्री निषाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने मौके पर धधक रही भट्ठियों को तोड़कर नष्ट कर दिया साथ ही मौके से शराब बनाने में उपयोग होने वाले उपकरण जैसे पतीला, ड्रम आदि भी बरामद किया है। इसके अलावा छापेमारी के दौरान मौके से शराब बनाने में प्रयोग होने वाला कच्चा माल जैसे गुड़, नौसादर, यूरिया आदि भी पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कच्ची कारोबारी सरगना राम पलटन निषाद के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 60/60 (1) तथा आईपीसी की धारा 272 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## एक ही जमीन कई बार बेचने के आरोपी को जेल

सेमरियावां (एसएनबी)। एक ही जमीन को धोखाधड़ी के माध्यम से बार-बार बेचने के मामले के आरोपी को दुधारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना दुधारा पुलिस ने मु.अ.सं. 212/2022 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 323, 504, 506 भादवि पंजीकृत करके न्यायालय रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल दूबे ने बताया कि आरोपी [illegible] मोहम्मद अमीन निवासी पकड़ी [illegible] थाना दुधारा के द्वारा एक ही जमीन को धोखाधड़ी के माध्यम से बार बार दूसरे के नाम किया गया था। शिकायत करने पर वादी के साथ मारपीट व अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी थी। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। दुधारा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल दूबे के साथ ही हे.कां. संजीत यादव, कां. इन्द्रेश राजभर शामिल हैं।

## घर से निकला बुजुर्ग लापता, खोज में जुटी पुलिस

**जासं, सांथा, संतकबीर नगर :** बेलहर थाना के परासी गनवरिया गांव निवासी घर से निकले बुजुर्ग लापता हैं। परिवार के सदस्यों ने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिले। बेलहर थाने में दी गई तहरीर में परासी गनवरियां गांव निवासी नियाजुर्रहमान ने यह उल्लेख किया है कि बीते सोमवार को दोपहर के करीब एक बजे उनके 70 वर्षीय पिता महफूजुर्रहमान घर से निकले। वह पिपरा बोरिंग चौराहे पर गए थे। वहां से अचानक कहीं अन्य जगह चले गए।

उन लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चला। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। बुजुर्ग की खोजबीन की जा रही है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को किया जागरूक

संतकबीरनगर। यातायात पुलिस ने सोमवार को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। एसपी के निर्देश पर प्रभारी यातायात परमहंस यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास चौराहे पर वाहन मालिकों व चालकों को एकत्रित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने के लिए जागरूक किया।

# प्रधान लिपिक शाखा का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को अपने कार्यालय में स्थित प्रधान लिपिक शाखा के अभिलेखों का वार्षिक निरीक्षण किया। प्रधान लिपिक कार्यालय में रखी पत्रावलियों व अभिलेखों का गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रखरखाव व उनको अद्यतन रखने तथा साफ-सफाई का भी जायज़ा लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधान लिपिक शाखा में चरित्र पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए दण्ड, प्रमोशन, रिवार्ड आदि प्रविष्टियों को चेक कर चरित्र पंजिकाओं को अद्यावधिक रखने के आदेश दिए।

# नियम तोड़ने वाले 92 चालकों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वाले 92 वाहनों के चालकों पर कार्रवाई की। इन सभी वाहन के चालकों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस टीम ने 78 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूलने का काम भी किया।

# शराब व उपकरण संग एक को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने छापेमारी करके अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत एक आरोपित को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने चार लीटर अवैध अपमिश्रित शराब, 500 ग्राम यूरिया, एक पतीला, एक लोहे का ड्रम शराब बनाने के उपकरण के साथ आरोपित अभियुक्त रामपल्टन निषाद पुत्र निषाद निवासी भोतहा को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की। संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# देवी-देवताओं पर अश्लील टिप्पणी पर केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने हिन्दू देवी, देवताओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि खलीलाबाद शहर के विधियानी मोहल्ला निवासी शुभम राय ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि सोमवार को दिन में विपिन राव निवासी बनकटवा फेसबुक सोशल मीडिया पर माता दुर्गा का अश्लील फोटो जोड़कर वायरल कर रहा है। उस पर मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

# जमीन धोखाधड़ी के मामले का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जमीन धोखाधड़ी करने के एक मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना दुधारा पुलिस ने संबंधित आरोपित अभियुक्त मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद आमीन निवासी पकड़ी आराजी थाना दुधारा को पकड़ा। आरोपित अभियुक्त ने एक ही जमीन को धोखाधड़ी के माध्यम से बार-बार दूसरे के नाम किया गया था। शिकायत करने पर वादी के साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया था।

# शांतिभंग की आशंका में 14 आरोपितों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में 14 आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, धनघटा छह,, महुली दो और मेंहदावल थाना पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर विधिक कार्रवाई की संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# बेटे ने पत्नी व भाई के साथ मिलकर पिता को पीटा

बखिरा। क्षेत्र के भैंसमथान गांव निवासी एक व्यक्ति ने पत्नी व भाई के साथ मिलकर अपने भाई व पिता की पिटाई कर दिया। चुटहिल भाई ने मष्तिष्क में गम्भीर चोट लगने की शिकायत किया है। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की है। अमित कुमार पांडेय का आरोप है कि उसके दो सगे भाइयों व भाभी ने मिलकर 19 मार्च को शाम चार बजे उसके ऊपर व पिता श्यामनरायन पांडेय के ऊपर हमला कर दिया। इसमें उसके मष्तिष्क में गम्भीर चोटें लगीं।

# दुर्घटना में घायलों को भेजा अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1485 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मंझरिया गंगा से अनियंत्रित ट्रैक्टर के झोपड़ी पर चढ़ जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे। दुर्घटना में घायल सुधीर पुत्र प्रसादीमन, प्रीति पुत्र सुधार, हेमन्ती पत्नी सुधीर निवासीगण नालन्दा बिहार को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया।

# पीड़िता एवं आरोपी की अपील जिला जज ने की निरस्त

- अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय पर लगाया मुहर
- दहेज में कार की मांग को लेकर शादी से इंकार करने का था आरोप

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह की कोर्ट ने पीड़िता एवं आरोपितों के आपराधिक अपील को निरस्त कर दिया। पीड़िता ने अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिए गए सजा को बढ़ाने तथा आरोपितों ने सजा को समाप्त करने के लिए जिला जज की कोर्ट में अपील की थी। जिला जज की कोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को कायम रखने का निर्णय दिया।

पीड़िता के अधिवक्ता सिद्धार्थ पांडेय ने बताया कि मामला मेंहदावल थाना क्षेत्र के मोहल्ला नायक टोला का था। प्रकरण में पीड़िता के पिता श्रीकान्त पुत्र अयोध्या प्रसाद गुप्ता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उनका आरोप था कि उन्होंने अपनी पुत्री सपना की शादी रवि गुप्ता पुत्र राम नारायण गुप्ता निवासी बसंतकुंज ब्लाक डी-2 मकान नम्बर 2004 थाना बसंतकुंज नई दिल्ली के साथ तय किया था। दिनांक 13 अगस्त 2008 को कन्या पूजन एवं वर पूजन का कार्यक्रम मेरे घर पर हुआ था। इस कार्यक्रम में लड़का रवि गुप्ता पुत्र राम नारायण गुप्ता, राम नारायण गुप्ता पुत्र राम प्रवीण, लड़के की मां चम्पा देवी और उनके छोटे भाई शशि गुप्ता पुत्र राम नारायण समेत 60 लोग आए थे। इस कार्यक्रम में चार लाख रुपए नकद, सोने के आभूषण एवं दैनिक उपयोग की अनेक वस्तुएं दी गई थीं। शादी 25 नवम्बर 2008 को दिल्ली से होना तय था। दिनांक 20 नवम्बर 2008 को दिल्ली जा कर द्वारिका अग्रहरि के सामने डेढ़ लाख रुपए लड़के के पिता को और दिया था। शादी के लिए वादी पुत्री एवं अन्य के साथ दिल्ली गया।

# जुआ खेल रहे पांच लोग गिरफ्तार, केस दर्ज

सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर पुलिस ने सोमवार को पड़रिया गांव में जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 14 सौ रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने इसी गांव के विकास गुप्ता, शमसुद्दीन, इबरार, इसरार अहमद व रवींद्र को गेहूं के खेत में जुआ खेलते हुए पकड़ा। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# कच्ची के साथ एक को पुलिस ने दबोचा

संतकबीर नगर : धनघटा थाना क्षेत्र के भोतहा गांव में पुलिस ने सोमवार को कच्ची के साथ राम पलटन निषाद को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि चार लीटर कच्ची, पांच ग्राम लहन व कच्ची बनाने का उपकरण बरामद करके आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)


GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-03-2023

# तालाब किनारे मिला महिला का कंकाल

मनकापुर। हरदवा गांव में एक तालाब के किनारे एक महिला का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सोमवार को टिकरी जंगल के उत्तर दिशा में स्थित हरदवा गांव में रेलवे लाइन के किनारे एक तालाब के पास महिला का कंकाल देखा गया। गांव के ओम प्रकाश गौतम ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कंकाल का आधा हिस्सा तालाब से बाहर और नीचे का हिस्सा तालाब में पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही पहचान कराकर खुलासा किया जाएगा।



दुखहरण नाथ मंदिर के पास सोमवार को लगे जाम में फंसे वाहन। करीब एक घंटे तक वाहन रेंगते हुए मिले।

# पुलिस की करतूतों पर डीजीपी को लिखा पत्र

**सख्ती**

गोण्डा, संवाददाता। विभिन्न ट्रेनों में टीटीई पर खाकी की धौंस पर रेल अफसर भी खफा हैं। ट्रेनों में हुई ऐसी घटनाओं पर मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ऐसी घटनाओं का जिक्र करते हुए डीजीपी को पत्र लिखा है। उन्होंने इसकी जांच कराकर कार्रवाई के लिए कहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार ने डीजीपी को भेजे पत्र में कई घटनाओं का जिक्र किया है। बीते 10 मार्च को ट्रेन संख्या 15097 के एसी कोच में गोरखपुर-लखनऊ के बीच में पुलिसकर्मियों ने बिना टिकट यात्रा के साथ-साथ ऑन ड्यूटी टीटीई के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। डीआरएम ने डीजीपी को भेजे पत्र में कहा है कि इससे रेल कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है।

# उधार की रकम को लेकर हुआ विवाद

मेहनौन, संवाददाता। उधार की रकम को मांगने गए युवकों ने घरवालों को जातिसूचक अपशब्द कहने के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मंजू देवी निवासी मर्दनपुरवा ने कहा रविवार की शाम गांव के ही चार लोग मेरे घर आकर मेरे देवर से उधार दिए गए रुपए को मांगने आए। इसी दौरान घर पर आए लोगों ने जातिसूचक अपशब्द कहने के साथ घर में घुसकर मारपीट करने लगे। उसी दौरान बीच बचाव करने आए मेरे बेटे विनय कुमार को भी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# सीएम योगी आज करेंगे मंडलीय समीक्षा

## तैयारी पूरी

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे कार्यक्रम मिलते ही जिले में युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गईं। डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार और एसपी आकाश तोमर ने हेलीपैड से लेकर हर मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करके तैयारियां परखीं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दो 1.50 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में उतरेगा।



इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे विकास भवन पहुंचेंगे, जहां दोपहर दो बजे से डेढ़ घंटे तक समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें मंडलीय और जिले के अफसर प्रतिभाग करेंगे। शेष तीन जिलों के अफसर वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ेंगे। बैठक के बाद सीएम 15 मिनट तक मीडियाकर्मियों से मुखातिब होंगे। पौने चार से आधे घंटे तक निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का जायजा लेंगे। शाम 4.20 बजे सीएम हेलीकॉप्टर से तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर के रवाना हो जाएंगे। जहां उनका रात्रिविश्राम का कार्यक्रम है। सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने बताया कि सीएम के दौरे के मद्देनजर तैयारियां की जा रही हैं।

**जिला अस्पताल को चमकाने का काम शुरू:** सीएम योगी के दौरे को देखते हुए जिला अस्पताल और महिला अस्पताल को विशेष तौर पर अलर्ट कर दिया गया है। जिला अस्पताल परिसर में भी मेडिकल कॉलेज के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। माना जा रहा है कि सीएम वहां भी जा सकते हैं। इसलिए जिला अस्तपाल को भी रात से चमकाने की कोशिश शुरू हो गई है।

# महिला से मारपीट में चार नामजद

**इटियाथोक।** ग्राम मरदनपुरवा दिखलौल की मंजू देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोग उसके देवर से बकाया पैसे लेने आए थे। इस बीच आरोपी गगन सिंह, राज सिंह, राजेंद्र सिंह, सरदार सिंह ने उसकी डंडे से पिटाई की और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। संवाद

**जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल: मोतीगंज (गोंडा)।** बढ़या गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें मां-बेटी समेत तीन महिलाएं घायल हो गईं। पीड़ित महिला केशपता ने बताया कि गांव के ही जगदीश कुमार मिट्टी डाल रहे थे। जब मना किया तो इंद्रपता, ऊषा, धूपा समेत चार लोगों ने मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष प्रवोध कुमार ने बताया कि केस दर्ज किया है। संवाद

# मां-बेटे को पीटने पर चार के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के भिखारीपुर ऊचवा गांव में जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों ने मां-बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। हमलवरों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव के अरविंद कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि जमीन विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने उस पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उसकी मां प्रेमा देवी को भी मारापीटा।

हमलावरों ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और धमकी देते हुए भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि अरविंद की तहरीर पर देवता प्रसाद, महेश कुमार, प्रियंका व भगौती प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## दो पक्षों में मारपीट, आठ के खिलाफ मुकदमा

रुपईडीह (गोंडा)। खेत में बकरी चरने के विवाद को लेकर कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटुवा नाला वोटन पुरवा में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के ध्रुवपाल सिंह की तहरीर पर सुनील कुमार, गोपाल ,राकेश कुमार, परशुराम तथा दूसरे पक्ष के सुनील कुमार के शिकायती पत्र पर ध्रुवपाल सिंह, बुगनू, बव्वन व अमन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। (संवाद)

# चाकू के साथ धरा गया युवक

नवाबगंज (गोंडा)। पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को सोमवार को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी ढेमवाघाट प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि ब्यौंदा उपरहर गांव निवासी अर्जुन सिंह को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

## किशोरी का अपहरण

**मुजेहना (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का दूसरे समुदाय के एक युवक ने अपहरण कर लिया। पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि 18 मार्च की शाम को धनोहरी गांव रहने वाला युवक उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। बेटी अपने साथ 40 हजार रुपये नकदी व जेवरात भी ले गई है। पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। (संवाद)

# पिटाई में तीन पर मुकदमा दर्ज

परसपुर (गोंडा)। पसका उलटहवा मांझा निवासी रमेश यादव ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा कि सहन दरवाजे के सामने उसकी जमीन में सोमवार को गांव के ही तीन लोग बल्ली गाड़ने लगे। जब उसकी पत्नी सुनीता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। शोर करने पर आसपास के लोगों ने बचाव कराया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि रमेश यादव की तहरीर पर इंदर यादव, लल्ली व दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# पिटाई के मामले में मुकदमा दर्ज

परसपुर (गोंडा)। ग्राम भौरीगंज निवासी कमाल ने थाने में दी तहरीर में कहा कि नाली विवाद को लेकर रविवार की देर शाम गांव के ही चार लोग उसके घर चढ़ आए और भाई लुकमान के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडा से पिटाई करने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि गांव निवासी हसीम, सादिक, नसीम व आरिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# पुलिस ने पकड़े 11 वारंटी

गोंडा। पुलिस ने 11 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना इटियाथोक पुलिस ने चार, कोतवाली देहात पुलिस ने तीन, थाना खोड़ारे पुलिस ने दो, परसपुर एंव खरगूपुर पुलिस ने एक-एक वारंटी गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# आत्महत्या को उकसाने पर गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस ले आत्महत्या के लिए मजबूर करने के एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया है। थाना कटरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि रक्षाराम निवासी कंदलपुरवा धोबहाराय के खिलाफ एक युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। सोमवार को उसे गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# किसान दंपती की गैर इरादतन हत्या में 23 को सुनाई जाएगी सजा

**गोंडा।** गैर इरादतन हत्या और विद्युत चोरी के मामले में न्यायालय ने सोमवार को अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय की है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय व विशेष लोक अभियोजक विद्युत राम नरेश यादव ने बताया कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अरमलपुर निवासी भीम ने थाने में तहरीर दी थी। इसमें कहा था कि गांव के ही गंगाराम उसके खेत से तार खींचकर उसमें बिजली का मोटर लगाकर अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। गंगाराम का बिजली का तार खेत में लगे कंटीले तार की बाड़ को स्पर्श कर रहा था। इससे कंटीले तार में करंट उतर आया। 25 अगस्त 2021 को दिन में 11 बजे खेत में निराई करने गए भीम के पिता मिश्रीलाल व मां गीता की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गंगाराम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ डॉ. अनामिका चौहान ने वादी व गवाहों के बयान व बचाव पक्ष की दलील के आधार पर अभियुक्त गंगाराम को गैर इरादतन हत्या व विद्युत चोरी का दोषी ठहराया है। (संवाद)

# शिविर में 39 ने किया रक्तदान, बने महादानी

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। लाइफ लाइन ब्लड सेवा समिति के तत्वावधान में कस्बा स्थित श्री सदगुरु मैरेज हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और 39 लोग रक्तदान कर महादानी बने।

समिति के अध्यक्ष मोनू चौरसिया ने बताया कि सोमवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने फीता काट कर किया।

जिला अस्पताल से ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन वैन आई। इसमें चिकित्साधिकारी डॉ. शोएब इकबाल, जन संपर्क अधिकारी ब्लड बैंक प्रवीण चंद्र पांडेय, एलटी अंबरीष सिंह, स्टाफ नर्स शैलेश, काउंसलर निशा वर्मा, एलए सुधांशु व विकास सिंह शामिल रहे। शिविर में एसआई अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव, महिला कांस्टेबल विनीता यादव, संदीप सिंह, अनुभव सिंह, रंजीत सिंह, विवेक कुमार चौबे, रवी कंबोज, वैभव ने रक्तदान किया।

इसके साथ ही विशाल जैसवाल, मुकेश कुमार सिंह, अर्जुन, देवेंद्र सिंह, श्रीओम जायसवाल, अभय प्रताप सिंह, रामचरन, अनुराग सिंह, रवी कुमार, अभय शुक्ल, सतीश कुमार सिंह, अजय सोनी, शोएब खान, फैसल खान, शिवम कनौजिया, अरुण जायसवाल, सुरेश कुमार सिंह, श्रवण यज्ञसैनी, परवीन सिंह, योगेश साहू, जय सिंह, दुर्गेश सिंह, संतोष कुमार चौरसिया, मुकेश सोनी, नागेंद्र मिश्रा, अब्दुल महरूफ़, संतोष कसौंधन, मोहम्मद सादाब, नीरज यादव व मोनू ने भी रक्तदान किया।

## श्री सद्‌गुरु मैरिज हॉल में लगा रक्तदान शिविर



परसपुर में सोमवार को रक्तदान करतीं आरक्षी विनीता यादव। -संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# शातिर चोर गिरफ्तार

बलरामपुर। उतरौला पुलिस टीम ने माल समेत शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि उप निरीक्षक मनीष कुमार, कांस्टेबल लक्की यादव, प्रशांत शर्मा, अजय द्वितीय व अरविंद यादव सोमवार सुबह गस्त कर रहे थे।

# ई-रिक्शा चालकों ने समस्याएं बताईं

बलरामपुर। जिले के ई-रिक्शा चालक अपनी समस्या को लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंच गए। चालकों ने सोमवार को समस्या के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पांच सूत्रीय मांग पत्र सीओ को सौंपा। चालक अभिषेक सोनी ने मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि ई-रिक्शा पार्किंग के लिए नगर के प्रत्येक मुख्य मार्ग पर दो-दो स्टैंड चिन्हित किए जाएं। प्राइवेट बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाए। चालक संदीप पांडेय ने कहा कि अवैध व मनमानी चलानी रोकी जाए। स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर सभी ई-रिक्शा चालकों को सवारी बैठाने की अनुमति दी जाए। जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं तब तक उन्हें पूर्व की भांति रिक्शा संचालन की अनुमति दी जाए। चालकों ने मांग पत्र सौंप कर पूरा कराने की अपील की है।

# शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील

गैसड़ी। कोतवाली परिसर में त्योहर को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नवरात्र व रमजान त्योहार लोगों से शांति व्यवस्था बनाने रखने में सहयोग की अपील की।

# सीएम योगी आदित्यनाथ आज जिले के दौरे पर

बलरामपुर, संवाददाता। सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम को जिले में पहुंचेंगे। शाम 4:40 बजे सीएम का हेलीकाप्टर तुलसीपुर स्थित मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के हेलीपैड पर उतरेगा। देर शाम सीएम नवरात्र मेले की समीक्षा करेंगे।

रात्रि विश्राम के बाद बुधवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में शक्ति की आराधना करेंगे। सीएम के दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन अलर्ट है।

डीएम व एसपी ने हेलीपैड व शक्तिपीठ पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार गोण्डा से वह आज 4 बजकर 40 मिनट पर तुलसीपुर स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे।

जहां से वह शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर जाएंगे। साढ़े पांच बजे से छह बजे के मध्य सीएम शक्तिपीठ पर लगने वाले नवरात्र मेले की समीक्षा करेंगे।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। सीएम योगी मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद शक्तिपीठ पर रात्रि विश्राम करेंगे।

# एंटी रोमियो ने महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान चलाया। इसमें बेटियों व महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

## जमीन का बैनामा कराने के नाम पर रकम डकारने वालों पर दर्ज की जाएगी एफआइआर

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जमीन का बैनामा कराने के लिए रुपये हड़पने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार ने थाना तुलसीपुर में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाली गैंसड़ी के ग्राम जमधरा निवासी जुमाई पुत्र मकबूल ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया कि थाना महराजगंज तराई के ग्राम रानीजोत निवासी फरीद व शाहिद पुत्रगण रहमतउल्ला और रहमतउल्ला ने तुलसीपुर पेट्रोल पंप के पीछे की जमीन का बैनाम कराने के लिए नौ लाख 20 हजार रुपये लिया। जमीन विक्रय न करके समस्त रुपये हड़प लिए। आरोपी ने एक लाख रुपये का चेक वापस किया, लेकिन खाते में रुपये न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व पीड़ित के बयान पर मामला संज्ञेय मानते हुए थानाध्यक्ष तुलसीपुर को रिपोर्ट दर्ज कर आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# आपत्तियों पर डीएम ने शराब की पांच दुकानों के बदले नाम

**संसू, बलरामपुर :** जिला आबकारी अधिकारी की संस्तुति पर जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार ने शराब की पांच दुकानों का नाम परिवर्तित कर दिया है। इन दुकानों के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं, जिसका निस्तारण कर दिया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर देशी शराब की दुकान का नाम कई वर्षों से भुजैनिया भार लिखा जा रहा था। उप्र भुर्जी कल्याण सोसायटी लखनऊ ने इस दुकान का नाम बदलने की मांग की थी। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश की दो प्रतिशत आबादी भुर्जी समाज की है। इस नाम से उनकी भावनाएं आहत हो रहीं है। इसके दृष्टिगत पूर्व में नाम परिवर्तन का प्रयास किया गया, लेकिन नियमों की पाबंदी के कारण संभव नहीं हो सका। वर्ष 2023-24 की आबकारी नीति में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने नियमों में कुछ फेरबदल किया है, जिसका लाभ भुर्जी समाज को मिला है। इसी परिपेक्ष्य में दुकान का नाम परिवर्तित कर देशी शराब दुकान का नाम हरिहरगंज व नरायनपुर कर दिया गया है। विदेशी मदिरा रमवापुर का नाम तुलसीपुर नंबर-दो, देशी शराब दुकान गिद्धौर का नाम त्रिलोकपुर, शंकरपुर का नाम पिपरहवा विशुनपुर व नैकिनिया कला का नाम बेली कला कर दिया गया है।

# शक्ति अर्जित करने को आते हैं शक्तिपीठ

नवरात्र पर विशेष

अतित श्रीवास्तव ● बलरामपुर

51 शक्तिपीठों में शुमार देवीपाटन मंदिर का अलौकिक एवं ऐतिहासिक महात्म्य है। यूं तो पूरे वर्ष इस मंदिर में श्रद्धालुओं की आमद बनी रहती है। वहीं चैत्र व शारदीय नवरात्र में मां पाटेश्वरी के पूजन का महत्व बढ़ जाता है। देश के विभिन्न प्रांतों समेत पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोग मां की आराधना करने यहां आते हैं। चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को यहां दांग चौघड़ा नेपाल से पीर रत्ननाथ की शोभायात्रा पहुंचती है। शक्ति अर्जित करने को शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। एक माह का राजकीय मेला लगता है, जिसमें दूरदराज से व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।



तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर ● जागरण



गर्भगृह में स्थापित मां पाटेश्वरी की प्रतिमा ●

**3-3 घंटे की दो पालियों में होती है आराधना, सिद्धि के लिए नौ दिनों तक करते हैं तप**

**अलौकिक व अद्वितीय है मां की आराधना** : मंदिर में दूरदराज से सिद्धि हासिल करने के लिए आने वाले तांत्रिक देवी की कठिन उपासना करते हैं। नौ दिन तक बिना अन्न, जल ग्रहण किए देवी की शक्ति पाने को आसन जमाए रहते हैं। यही नहीं, शक्तिपीठ पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी यहां अलौकिक शक्ति की अनुभूति होती है। मंदिर में तीन-तीन घंटे की दो पालियों में प्रतिदिन कठिन साधना की जाती है। पुजारी आंख व मुंह पर पट्टी बांधकर मंदिर के कपाट बंद कर लेते हैं। इसके बाद एक हाथ से घंटी व दूसरे हाथ से आरती उतारते हैं। अंदर पुजारी द्वारा घंटी बजाने की धुन पर गर्भगृह के बाहर भारी-भरकम नगाड़े व घंटे बजते हैं। मां की पूजा अलौकिक व अद्वितीय है।

**अखंड धूना से शुरू होती है पूजा** : शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की पूजा देश के विभिन्न देवी मंदिरों की उपासना में सबसे कठिनतम पूजा है। अर्द्धरात्रि के दूसरे पहर एक से चार बजे तक का पूजा का समय निश्चित है। इसका समय कभी नहीं बदलता है। गोरक्षनाथ मठ के अधीन इस मंदिर की पूजा नाथ संप्रदाय के हाथों में है। इसलिए आदिशक्ति की पूजा सबसे पहले देवीपाटन मंदिर में स्थित अखंड धूना से शुरू होती है। पुजारी एक हाथ में सामग्री व दूसरे हाथ में घंटी लेकर मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश करते हैं। पुजारी की आंख और मुंह कपड़े से ढका रहता है। गर्भ गृह में जाकर मंदिर का पट बंद कर लेते हैं। इसके बाद साधना शुरू होती है। बाहर बड़े-बड़े घंटे और नगाड़े बजाए जाते हैं। हर 20 मिनट पर नगाड़े की धुन बदलती रहती है।

### पाताल तक जाती है सुरंग

गर्भ गृह मे स्थित चबूतरे की मान्यता है कि यह सुरंग पाताल तक जाती है। मान्यता है कि देवी सती का वाम स्कंध यहीं गिरा था। तबसे यह स्थान शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है। महंत मिथिलेश नाथ योगी का कहना है कि इस शक्तिपीठ मे योगियों द्वारा की जाने वाली पूजा पद्धति अत्यंत दुर्लभ है। यहां की पूजा सामान्य नहीं है। इसीलिए यह सिद्ध शक्तिपीठ है।



महंत मिथलेश नाथ योगी ● जागरण

*********

# स्कूल की जमीन से खाली कराएं अवैध कब्जा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर तहसील के हड़पुर जनकपुर गांव में स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जे के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। बाद में कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण हनुमान, रंजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार, दिनेश, गिरधारी, प्रदीप, राजाबाबू, विनय शर्मा व सहजराम आदि सोमवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन, कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मियों पर भी आरोप लगाए हैं। कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम डॉ. महेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम को सौंपी है। एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दूबे ने बताया कि प्रकरण जानकारी में है। वह खुद मौके पर जाकर मामले की जांच करेंगे। (संवाद)

# नवरात्र मेले की समीक्षा बैठक में आज आएंगे सीएम

**संसू, तुलसीपुर :** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 22 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र मेले की समीक्षा बैठक में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। मंदिर प्रशासन सीएम के स्वागत के लिए तैयार है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने देवीपाटन पुलिस चौकी में सुरक्षा कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक होने के कारण शक्तिपीठ देवीपाटन काफी संवेदनशील है। मेले की ड्यूटी में कोई कोताही न बरतें। ड्यूटी के दौरान कोई भी सुरक्षाकर्मी मोबाइल लेकर नहीं आएगा। यदि मोबाइल का प्रयोग ड्यूटी के दौरान करते पाया गया तो उसका मोबाइल जब्त करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कहाकि शिफ्टवाइज ड्यूटी सुरक्षाकर्मियों की लगाई गई है। ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मी ड्यूटी तभी छोड़ें जब



देवी पाटन पुलिस चौकी में बैठक करते बाएं से एसपी केशव कुमार व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ● जागरण

दूसरे शिफ्ट का कर्मी ड्यूटी पर अ जाए। कहा कि समूचे मेला क्षेत्र कं तीन जोन में बांटा गया है। अप पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने ड्यूटी चार्ट के अनुसार सबकं कार्यस्थल पर मुस्तैद रहने की बात कही। कहा कि यह मेला मुख्यमंत्रे के नेतृत्व में होता है। इसलिए औ संवेदनशील है। किसी भी तरह रं दर्शनार्थियों और मेलार्थियों कं समस्या न हो, इसका भी ध्यान रखें

**चोर गिरफ्तार,** उतरौला : प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने बताया कि उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्र की टीम ने पंजीकृत मुकदमे में वांछित मुहल्ला गांधीनगर निवासी सद्दाम को फक्कड़ दास चौराहा से गिरफ्तार किया है। इसके पास 31,500 नकद व चोरी के सामान भी बरामद किए गए हैं। (संसू)

# सीएम आज परखेंगे विकास की हकीकत

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का करेंगे निरीक्षण, तैयारियों में जुटे अफसर

संवाद न्यूज एजेंसी



**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जिले में होंगे। वह देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के अफसरों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक कर विकास योजना की हकीकत परखेंगे।

सीएम के आगमन का कार्यक्रम जारी होते ही सोमवार को जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया। सीएम मंगलवार दोपहर 01:50 बजे पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरेंगे और यहां से सीधे विकास भवन सभागार पहुंचेंगे।

दो बजे से 03:30 बजे तक वह मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें गोंडा जिले के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जबकि मंडल के अन्य तीनों जिलों के अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़ेंगे। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री 15 मिनट तक मीडियाकर्मियों से बात करेंगे। 03:50 बजे मुख्यमंत्री निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के लिए रवाना होंगे। इसके बाद 04:20 बजे मुख्यमंत्री बलरामपुर रवाना हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन चौकन्ना हो गया है। सोमवार देर शाम डीएम डॉ उज्जवल कुमार व एसपी आकाश कुमार ने पुलिस लाइन में बने हैलीपैड का निरीक्षण किया और उसकी साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### योगी आज देवीपाटन में

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम बलरामपुर आएंगे। चैत्र नवरात्र से एक दिन पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री शाम को चार बजकर 40 मिनट पर मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर में बने हैलीपैड पर पहुंचेंगे। जहां से वह सीधे देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे। वहां शाम साढ़े पांच बजे से नवरात्र मेले को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। फिर रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह पूजन करके मुख्यमंत्री लखनऊ रवाना होंगे। मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां का पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर देवीपाटन रेंज के डीआईजी एपी सिंह, एसपी केशव कुमार व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने सोमवार को मंदिर परिसर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। (संवाद)

भक्ति

कल से देवीपाटन में शुरू होगा चैत्र नवरात्र मेला, अधिकारियों ने लिया जायजा

# सजा मां पाटेश्वरी का द्वार, बहेगी आस्था की बयार

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। चैत्र में मां की स्तुति के नौ दिन बुधवार से शुरू हो रहे हैं। तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में एक माह तक चलने वाला मेला भी चैत्र नवरात्र के साथ ही शुरू हो जाएगा। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। साथ ही अन्य देवी मंदिरों में भी तैयारियां चल रही हैं।

चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में मां का भव्य दरबार सजाया जा रहा है। यहां पर पूरे एक माह तक मेला चलेगा। मेले में झूला, सर्कस के साथ ही अन्य दुकानें लगेंगी। मेले में बलरामपुर के साथ ही गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच के अतिरिक्त नेपाल से भी श्रद्धालु आते हैं। मेले को लेकर प्रशासन ने अतिरिक्त प्रबंध किए हैं। एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने मेला स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया है।





शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में सज रहा पंडाल और परिसर में सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी लेते डीआईजी एपी सिंह व एसपी केशव कुमार। संवाद

इसके अतिरिक्त बिजलीपुर मंदिर, झारखंडी मंदिर, समय माता मंदिर, बड़िकी वाहिनी मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर पर भी तैयारियां चल रही है। मंदिर की साफ-सफाई के साथ ही अन्य प्रबंध किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो, इसके लिए मंदिर प्रबंधन के लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं, बलरामपुर स्थित कालीथान माताजी के मंदिर पर श्री सतचंडी महायज्ञ का कार्यक्रम शुरू किया गया है। यहां पर सुबह पांच बजे से आठ बजे तक दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

बलरामपुर। उतरौला पुलिस ने सोमवार को मोहल्ला गांधी नगर निवासी काकू को गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजय दूबे ने बताया कि उसकी निशानदेही पर तीन चोरियों का सामान बरामद हुआ है। अन्य के बारे में पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

# प्रतिबंधित दवाएं बेची तो होगी कार्रवाई

बलरामपुर। सादुल्लाहनगर थाने में सोमवार को दवा व्यापारियों की बैठक हुई। एसओ बीएन सिंह ने कहा कि किसी भी हाल में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न की जाय। साथ ही बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाओं की बिक्री पर भी रोक लगाई जाय। औषधि निरीक्षक आलोक कुमार त्रिवेदी ने भी दवा व्यापारियों को नियमों का पालन करने को कहा। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# जालंधर से युवक का घर पहुंचा शव, मचा कोहराम

संसू, बौंडी(बहराइच) : ससुर व पत्नी के साथ मजदूरी करने पंजाब गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को शव उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

राजा रेहुवा ग्राम पंचायत के अवधराम ने बौंडी थाने पर सूचना देकर बताया कि चार फरवरी को उसके 26 वर्षीय बेटे राधेश्याम की उनके ही गांव के परशुराम की बेटी के साथ फखरपुर ब्लाक मुख्यालय पर समारोह में शादी हुई थी। शादी के तीन-चार दिन बाद ही ससुर-सास व पत्नी के कहने पर राधेश्याम उनके साथ पंजाब के जालंधर चला गया। 15 मार्च को बेटे से फोन पर बात भी हुई, लेकिन 18 मार्च को बेटे के ससुर ने उसके मौत की सूचना दी। मौजूद रिश्तेदारों ने पंजाब पुलिस को जानकारी देकर शव का अंत्यपरीक्षण कराया। पीड़ित पिता का आरोप है कि बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। उसकी मृत्यु में साजिश की आशंका है। एसओ गणनाथ प्रसाद ने बताया कि घटना पंजाब की है। पीड़ित को पंजाब पुलिस से संपर्क कर न्यायोचित कार्रवाई के लिए कहा गया है।

हिन्दुस्तान

# श्रीअन्न के सेवन में छिपा है सेहत का राज

**ईट राइट मेला**

**बहराइच, संवाददाता।** बेहतर सेहत व श्रीअन्न पर परिचर्चा के लिए सोमवार का दिन तराई के लिए खास रहा। शहर से आठ किलोमीटर दूर रिसार्ट में ईट राइट इण्डिया मेले का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बिगड़ी जीवनशैली व गिरती सेहत पर अपने महवत्वपूर्ण सुझाव दिए तो मोटे अनाज के सेवन में छिपे सेहत के राज को भी बताया। इसी महत्व को समझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है।



मोटे अनाज पकवान के स्टॉल का निरीक्षण करते सांसद।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित मेले का महामंडलेश्वर रवि गिरि महाराज के मंत्रोचार के बीच बहराइच सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने दी प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि मोटे अनाज सेहत के लिए रामबाण है। इसके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तराई में किसानों को तकनीक से जोड़ने, ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां जैसे मोटे अनाजों श्री अन्न की खेती और प्राकृतिक खेती का दायरा बढ़ाने को ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। यह आयोजन उसी का एक हिस्सा है।

सांसद ने कहा कि खाद्य जनित बीमारियों जैसे अल्पपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, मोटापा, उच्च रक्त चाप, मधुमेह और हृदय से सम्बंधी गैर संचारी रोगों के खतरे को कम करने के लिए सुरक्षित व स्वस्थ आहार अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि मेले का उद्देश्य लोगों के लिए स्वस्थ्य भोजन करने और भोजन के सही विकल्प के बारे में जागरूक करना है।

एसपी प्रशांत वर्मा ने कहा कि हेल्दी और स्वस्थ जीवन हमारे खान-पान की शैली पर आधारित है। पोषक तत्वों से भरपूर मोटे अनाजों में फाइबर के साथ कैल्शियम व आयरन की मात्रा अधिक होती है। मोटे अनाज को कुपोषण के खिलाफ लाभकारी माना जाता है।

- विशेषज्ञों ने बताए हेल्दी रेडी टू ईट, रेडी टू सर्व व ईट सेफ के महत्व
- ईट राइट इंडिया मेले में श्रीअन्न से तैयार पकवानों का उठाया लुत्फ

डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारियां दूर होती हैं। मेले में आए अतिथियों को श्री अन्न के महत्व को समझाने के लिए 38 प्रकार के पकवान परोसे गए। स्कूली बच्चों की ओर से बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही तो एनसीसी कैडेट्स के परेड में अनुशासन झलकी। जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, सहायक खाद्य आयुक्त अजय कुमार, जिला अभिहीत अधिकारी विनोद, डॉ. रामतेज,नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, डीआईओएस जेपी सिंह डीपीओ राज कपूर मौजूद रहे।

# नेपाल सीमा पर भारी मात्रा में मिले विस्फोटक

## नेपाली युवक भारत से ले जा रहा था विस्फोटक, एसएसबी ने दबोचा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर चेंकिंग के दौरान एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। यह विस्फोटक भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। एसएसबी ने विस्फोटक ले जा रहे नेपाली युवक को दबोच लिया है।

वहीं एसएसबी ने नेपाल से तस्करी कर कार द्वारा लाई जा रही 17 किलो चरस भी जब्त की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग दो करोड़ रुपये बताई जा रही है।

एसएसबी कमांडेंट तपनदास ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवान जांच कर रहे थे। इसी दौरान सोमवार को एक नेपाली युवक आता दिखाई दिया। रोक कर तलाशी लेने पर उसके पास से विस्फोटक बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि युवक के पास से विस्फोटक की सात पांच यूनिट, डेटोनेटर आठ यूनिट, कई फ्यूज और 73 सौ रुपए नेपाली रुपये बरामद हुए।





बरामद विस्फोटक और चरस (दाएं)। -संवाद

**चेकिंग के दौरान एक कार से 17 किलो चरस भी बरामद**

युवक की पहचान हरि बहादुर रावत निवासी पनका नेपाल के रूप में हुई है। आरोपी को रुपईडीहा पुलिस को सौंप दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह उत्तराखंड में पहाड़ तोड़ने का काम करता है। उसे घर बनवाना था। पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए वह विस्फोटक चुराकर बेचने की फिराक में था।

वहीं नेपाल से कार से लाई जा रही 17 किलो चरस भी जब्त की गई है। चेंकिंग के दौरान कार संदिग्ध दिखी तो डॉग स्कवाड से जांच करवाई गई तो चरस बरामद हुई। तस्कर की पहचान सोनीपत गोहना निवासी सुरेन्द्र के रूप में हुई है।

हिन्दुस्तान

# कानपुर के वांछित को बहराइच से उठाया

## शिकंजा


शहर के नाजिरपुरा में दबिश देती आईओडब्ल्यू की टीम व स्थानीय पुलिस।

बहराइच, संवाददाता। कानपुर के शाइन सिटी के 66 करोड़ के घोटाले में लंबे समय से फरार चल रहा लखनऊ महानगर का एक वांछित रविवार की आधी रात नाजिरपुरा स्थित एक लाज में दबोच लिया गया। आईओडब्ल्यू की छह सदस्यीय टीम रात में शहर पहुंची।

तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी टीएन मौर्य की मदद से लोकेशन ट्रेस करते हुए नाजिरपुरा में दबिश हुई। टीम दबोचे गए वांछित को लेकर कानपुर रवाना हो गई है।कानपुर में हुए शाइन सिटी घोटाले मामले में तहकीकात कर रही आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के इंस्पेक्टर हरीशंकर मिश्र रविवार रात लगभग एक बजे वांछित की लोकेशन ट्रेस करते हुए शहर की देहात कोतवाली की तिकोनी बाग पुलिस चौकी पहुंचे। वहां प्रभारी टीएन मौर्य से मुलाकात कर वांछित की दबिश को मदद मांगी। तलाश शुरू हुई तो वांछित की लोकेशन नगर कोतवाली की आयशा मस्जिद के निकट मिली। जिस पर नगर कोतवाली की रोडवेज पुलिस चौकी से भी मदद को एक सिपाही लिया गया। मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित एक लाज में दबिश देकर वांछित लखनऊ महानगर के मानक नगर निवासी आशीष वर्मा को दबोच लिया गया। आईओडब्ल्यू की टीम उसकी लखनऊ में लोकेशन मिलने पर वहां पहुंची थी। उसके बाद उसकी गतिविधि नहीं मिली, काफी समय बाद उसकी लोकेशन बहराइच में मिल रही थी। आईओडब्ल्यू के इंस्पेक्टर से सम्पर्क साधा गया, तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।

# पुलिस लिख रही मनमानी एफआइआर, तहरीर दरकिनार

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

अपने कारनामों के चलते सुर्खियों में रहने वाली पुलिस फिर चर्चा में है। मामले को दबाने के लिए पीड़ितों की तहरीर को दरकिनार किया जाता है। घटना कितनी भी बड़ी हो मनमानी तहरीर लिखाकर मनमाना मुकदमा दर्ज किया जाता है। पुलिस के इस रवैए से आरोपितों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, लेकिन पीड़ित की नजर में पुलिस का यह रवैया मित्र पुलिस की परिभाषा बदलने के लिए काफी है।

**केस 1** देहात कोतवाली के एक गांव में बालिका से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने एक आरोपित को पकड़कर पुलिस के यिपुर्द किया।



मौके से तीन लोग फरार हो गए थे। पकड़ा गया आरोपित फखरपुर इलाके का था। बालिका के पिता ने

**केस 2** नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पिता का आरोप था कि पुलिस ने मनमानी तहरीर दूसरे से लिखवाकर मामले में एक आरोपित को जेल भेजा। अन्य आरोपितों के नाम का मुकदमे में उल्लेख तक नहीं किया।

> चिकित्सीय परीक्षण के बाद मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर धाराओं में बढ़ोतरी की जाती है।पीड़ित को इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है।
>
> **- कुंवर ज्ञानंजय सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक सिटी**

सुहापारा गांव में 62 वर्षीय बुजुर्ग पर दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी पिटाई की। पिटाई के उनके सिर में गंभीर चोटे आईं।

**केस 3** कोतवाली में खून से लथपथ पहुंचे पीड़ित को ही घंटों बैठाए रखा गया। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मनमानी तहरीर लिखवाकर आरोपितों को बचाने के लिए मात्र चंद लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर इतिश्री कर ली गई।

रानीपुर इलाके के दहौरा के ग्राम प्रधान धर्मपाल पर कुछ दबंगों ने जानलेवा हमला किया। नामजद तहरीर पुलिस को दी गई। आरोप है कि घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

यह चंद घटनाएं तो मात्र बानगी हैं। ऐसे कई मामले है, जिसमें पीड़ितों ने घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कार्रवाई की मांग की, लेकिन मनमानी तहरीर लिखवाकर मुकदमा दर्ज किया गया। इंसाफ पाने के लिए पीड़ितों को अधिकारियों की चौखट नापनी पड़ती है।

# 20 किलो चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** भारत–नेपाल के रुपईडीहा सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों ने सोमवार को कार से 20 किलोग्राम चरस बरामद की। जवानों ने रजनीश तेली निवासी ग्राम डुडुवा जिला बांके को तस्करी के आरोप में पकड़ लिया। उसके पास से एक मतदाता पहचानपत्र भी बरामद किया गया है। इससे पहले रविवार को भी सीमा से लावारिस कार से 50 किलो चरस व लाखों की नकदी बरामद की गई थी।

# 66 हजार करोड़ के घोटाले में एक गिरफ्तार

## साइन सिटी घोटाला

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** नेपाल सीमा से सटा यह जिला इस समय सुर्खियों में है। पहले उमेश पाल हत्याकांड को लेकर चर्चा में आए जिले का नाम एक बार फिर लोगों की जुबां पर है। इस बार 66 हजार करोड़ रुपये के साइन सिटी घोटाले को लेकर चर्चा में आया है। मामले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू की टीम ने देर रात बहराइच में छापेमारी की। इलाकाई पुलिस को साथ लेकर नाजिरपुरा मुहल्ले में रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

कानपुर में जमीन के नाम पर किए गए 66 हजार करोड़ रुपये के साइन सिटी घोटाले में जांच कर रही ईओडब्ल्यू टीम रविवार देर रात यहां पहुंची। निरीक्षक हरिशंकर मिश्र के नेतृत्व में आई टीम में महिला एसआइ विद्या सिंह, मुख्य आरक्षी लोकेंद्र सिंह, रामकुमार, चालक गोपाल व नितिन शामिल रहे। टीम नगर कोतवाली में सूचना देते हुए तिकोनीबाग चौकी प्रभारी त्रिलोकीनाथ मौर्य को साथ लेकर नाजिरपुरा पहुंची। टीम नाजिरपुरा में रहने वाले आशीष वर्मा को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। युवक के गिरफ्तारी से अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि साइन सिटी घोटाले से जुड़े कई अन्य लोगों की मौजूदगी बहराइच में हो सकती है।

# अमृत का खजाना मोटा अनाज

## सुरक्षित खाएं, स्वस्थ रहें का संदेश देने के लिए लगा ईट राइट मेला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** ईट राइट इंडिया अभियान के तहत सोमवार को नगर के एक रिसॉर्ट में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में लोगों ने ज्वार, बाजरा, रागी, सावा, कंगनी, कोदो, कुटकी और अन्य मोटे अनाज से बने व्यंजनों का स्वाद चखा। इस अवसर पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने मोटे अनाजों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें मनुष्य के लिए अमृत के समान बताया। मेले में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



ईट राइट मेले का उद्घाटन करते सांसद। -संवाद

मेले का शुभारंभ महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज के मंत्रोच्चारण के बीच सांसद अक्षयवर लाल गोंड, जिपं अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, डीएम डॉ.दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा ने फीता काटकर किया। मेले को संबोधित करते हुए डीएम डॉ.दिनेश चंद्र ने कहा कि वर्ष 2023 को ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज सेहत के लिए काफी लाभदायक हैं। उत्तर प्रदेश में किसानों को तकनीक से जोड़ने, ज्वार, बाजरा, कोदो, सावा जैसे मोटे अनाजों की खेती और प्राकृतिक खेती का दायरा बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मोटे अनाज मनुष्य की रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाते हैं। संतुलित व पोषक आहार के सेवन से मनुष्य सदैव सेहतमंद रह सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद, जिपं अध्यक्ष, एमएलसी व विधायकों ने भी मोटे अनाज के महत्व व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा देवीपाटन मंडल अजय कुमार जायसवाल ने ईट राइट मेले के महत्व पर प्रकाश डाला।

मेले में स्कूल बच्चों व शिक्षिकाओं द्वारा बनाई गई रंगोली व एनसीसी कैडेट्स लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, डीआईओएस जेपी सिंह, डीपीओ राजकूपर, अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, गौरीशंकर भानीरामका, कुलभूषण अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# सुनील के तीन हत्या आरोपी दबोचे

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कैसरगंज(बहराइच)।** थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में हुए सुनील यादव हत्याकांड के तीन आरोपियों को 48 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपियो के पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व बांका भी बरामद किया है। फरार चल रहे पांच अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द उन्हें भी सलाखों के पीछे भेजने का दावा पुलिस कर रही है। प्रकरण में हत्यारोपियों के घर बुलडोजर भी चल सकता है।

कैसरगंज थाना क्षेत्र के बबुरी गांव में बीते शनिवार को गांव निवासी सुनील यादव की रंजिशन कुल्हाड़ी व बांके से नृशंक हत्या कर दी गयी थी। दिन दहाड़े हुए इस हत्याकांड से पूरा गांव सहम गया था और लोगों में दहशत का माहौल था। हत्याकांड के बाद मृतक के परिजनों ने गांव निवासी आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद पुलिस की तीन टीमें हत्यारों की गिरफ्तारी में खाक छान रही थी। कोतवाल दद्दन सिंह भी टीम के साथ लगातार दबिश दे रहे थे। जिसमें पुलिस ने 48 घंटे के भीतर तीन मुख्य आरोपियों को दबोच लिया है। कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि हत्या में शामिल जयचंद, मयंकर और जोगेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व बांका भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में शामिल पांच अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द अन्य आरोपी भी सलाखों के भीतर होंगे। हत्याकांड के बाद एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने आरोपियों के संपत्ति की कुर्की और गैंगस्टर लगाने की बात कही थी।

# लॉज में छिपा था शाइन सिटी घोटाले का आरोपी

## टीम ने दबोचा, कानपुर सेक्टर की ईओडब्ल्यू टीम ने देर रात नाजिरपुरा मोहल्ले में मारा छापा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** प्रयागराज के बहुचर्चित शाइन सिटी घोटाले का एक आरोपी शहर के नाजिरपुरा मोहल्ला स्थित एक लॉज में पनाह लिए थे। इसकी भनक लगते ही देर रात पहुंची ईओडब्ल्यू टीम ने कोतवाली नगर पुलिस के सहयोग से आरोपी को लॉज से दबोच लिया। देर रात पड़े छापे से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।

प्रयागराज समेत प्रदेश के अन्य शहरों में लोगों को सस्ते आवास सपना दिखा कर शाइन सिटी घोटाले को अंजाम दिया गया था। इसमें इन्वेस्टर्स के साथ लगभग 68 करोड़ रुपयों की धोखाधड़ी की गयी थी।

### महीनों से पनाह लिए था 68 करोड़ के घोटाले का लखनऊ निवासी आरोपी

प्रकरण में 2019 में प्रयागराज में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। वहीं घोटाला प्रकरण की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नवंबर 2022 में जांच एजेंसियों को कड़ी फटकार भी लगाई थी। इसके बाद से शाइन सिटी घोटाले में धर पकड़ की कार्रवाई तेज है। इसी क्रम में रविवार देर रात लगभग 12 बजे ईओडब्ल्यू कानपुर की एक टीम ने बहराइच में छापा मारा। टीम में शामिल निरीक्षक हरिशंकर मिश्रा, उपनिरीक्षक विद्या, हेड कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह, राजकुमार आदि दो गाड़ियों से बहराइच पहुंचे। यहां टिकोरामोड़ चौकी प्रभारी त्रिलोकीनाथ की टीम के साथ नाजिरपुरा मोहल्ले में छिपे आरोपी को दबोच लिया। चौकी प्रभारी त्रिलोकीनाथ मौर्य ने बताया कि ईओडब्ल्यू टीम ने नाजिरपुर मोहल्ले में लखनऊ निवासी आशीष वर्मा को गिरफ्तार किया है।

■ ***अपराधियों की पनाहगाह बनता जा रहा जिला :*** प्रदेश में कहीं भी अपराध हो और उसका कनेक्शन कहीं न कहीं से बहराइच से जरुर जुड़ जाता है। अपराधियों का बहराइच कनेक्शन अब आम हो गया है और बहराइच अपराधियों की पनाहगाह बनता जा रहा है। नाजिरपुरा के जिस लॉज से 68 करोड़ के घोटाले के आरोपी को दबोचा गया है, चर्चा है कि अपराधी यहां महीनों से ठहरा था। ऐसे में सवाल उठता है कि जब आरोपी का पता लखनऊ का था तो उसके संबंध में लॉज की ओर से पड़ताल क्यों नहीं की गयी। वहीं देर रात हुई पुलिसिया कार्रवाई से लोग हैरान हैं।

बताते चलें कि प्रयागराज के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के तार भी बहराइच से जुड़े हैं और तीन लोगों को अब तक एसटीएफ उठा चुकी है। इससे पूर्व आतंकी संगठनों से भी बहराइच का नाम जुड़ गया है, जो कहीं न कहीं खुफिया एजेंसी की लापरवाही की ओर इशारा करता है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-03-2023

# नियम तोड़ने पर 70 वाहनों का चालान हुआ

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान 70 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर एक लाख 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# नवरात्र व रमजान पर रहेगा सुरक्षा का पहरा

श्रावस्ती। आगामी दिनों में होने वाले त्योहारों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराने की तैयारी की गई है। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। चैत्र नवरात्रि, रामनवमी व रमजान त्यौहार को लेकर सोमवार को एसपी प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक की।

# जनसुनवाई में 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए

श्रावस्ती। लोगों की शिकायत सुलझाने के लिए अधिकारियों की ओर से अपने कार्यालयों में नियमित जनसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी प्राची सिंह की ओर से जनता दर्शन का आयोजन किया गया। सुनवाई के लिए कुल 20 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। जिसमें पांच भूमि विवाद के, चार पारिवारिक विवाद के व 11 अन्य विवाद से संबंधित रहे।

# पुलिस कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि का जायजा लिया। साथ ही मिली खामियों को दुरुश्त करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह सोमवार को पुलिस कार्यालय में वार्षिक निरीक्षण करने पहुंची। एसपी की ओर से बंदशुदा फाइलों का गहनता से अवलोकन किया गया।

# हत्या के दोषियों को दस साल कारावास की सजा

श्रावस्ती। गैर इरादतन हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्ययाधीश ने दोषियों को 10-10 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी गांव में वर्ष 2008 में बच्चों के विवाद में मारपीट हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसका मुकदमा थाने में दर्ज कराया गया था।

सेमरी गांव निवासी दिनेश कुमार ने भिनगा कोतवाली में सूचना दी थी कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही हरि नरायन उर्फ छोटकू, अंगद तिवारी व राम नरायन तिवारी ने उसके घर में घुसकर उस पर और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडो से जानलेवा हमला कर दिया। इस पर भिनगा कोतवाली में हरि नरायन, अंगद तिवारी व रामनरायन तिवारी पर जानलेवा हमला सहित संबंधित मामले में अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।

# 66 मोबाइल बरामद कर लोगों को सौंपे

श्रावस्ती, संवाददाता। विभिन्न थाना क्षेत्रों से गायब व चोरी हुए मोबाइलों की गुमशुदगी स्थानीय थानों में दर्ज थी। जिसे पुलिस की सर्विलांस टीम ने खोज निकाला। बरामद मोबाइलों को एसपी ने उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया।

विभिन्न स्थानों से विभिन्न कारणों से तमाम मोबाइल गायब हो गई थी। जिसकी सूचना मोबाइल धारकों की ओर से स्थानीय थाने सहित पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई थी। इन गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से सर्विलांस टीम को निर्देशित किया गया था। एसपी के आदेश पर सर्विलांस टीम की ओर से कड़ी मशक्कत के बाद 66 मोबाइल बरामद किए गए। जिनकी कीमत पुलिस के अनुसार करीब नौ लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद मोबाइल फोन को सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने संबंधित मोबाइल धारकों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक की ओर से उपस्थित सभी मोबाइल स्वामियों को साइबर क्राइम से बचने को लेकर जागरूक भी किया गया। मोबाइल बरामदगी टीम में प्रभारी सर्विलांस सेल चन्द्रहास मिश्रा, सर्विलांस सेल आरक्षी अभिषेक कुमार सिंह, नवनीत प्रकाश व अंकित सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने गोहत्या के चौथे आरोपी को दबोचा

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने क्षेत्र में बीते दिनों हुई गोहत्या के चौथे आरोपी को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। सिरसिया क्षेत्र के औरा इमली जंगल में 14 मार्च की रात गौहत्या की वारदात हुई थी। जिसमें ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया था। वहीं दूसरे दिन पुलिस ने एक और को गिरफ्तार किया था। साथ ही दो दिन बाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया था। जबकि चौथा आरोपी फरार होने में सफल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# दो दिन से लापता वृद्ध का शव बरामद, हत्या की आशंका

**दुखद**

- शनिवार देर रात खेत की रखवाली को घर से निकला था मृतक
- सोमवार सुबह अहाते के बगल झाड़ियों से बरामद हुआ शव

लक्ष्मनपुर। दो दिन से लापता एक वृद्ध का शव सुबह उसके अहाते के बगल झाड़ियों से बरामद हुआ। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे प्रसाद के मजरा भान्तेपुरवा निवासी वृद्ध राजाराम (60) पुत्र गुरु प्रसाद का शव सोमवार सुबह उन्हीं के अहाते के बगल झाड़ियों से बरामद हुआ। शव देखते ही परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। सूचना पर सिरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि शनिवार देर शाम को खाना खाने के बाद प्रतिदिन की तरह ही राजाराम खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकले थे। पूरी रात बीतने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटे। रविवार भोर से ही परिजन मृतक की खोज करने लगे। लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं चल रहा था। सोमवार सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने अहाते के बगल झाड़ियों में एक शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर होते ही ग्रामीण के साथ परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने वृद्ध के हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पुत्र राम सनेही ने पुलिस को तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि राजाराम की हत्या कहीं और कर शव अहाते के बगल झाड़ियों में फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टेम्पो की टक्कर से साइकिल सवार घायल

जमुनहा। गिरंट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार टेम्पो ने साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार दी। इससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र के जमुनही गांव निवासी 15 वर्षीय अकरम अली पुत्र जुल्फिकार सोमवार को साइकिल से बदला चौराहा गया था। जहां से कुछ सामान लेने के लिए सड़क पार करते समय तेज रफ्तार एक टेम्पो ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार अकरम गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सीएससी मल्हीपुर में भर्ती कराया।

# गैर इरादतन हत्या के दोषियों को दस-दस वर्ष की कैद

**जासं, श्रावस्ती :** गैर इरादतन हत्या के 15 वर्ष पुराने मामले में तीन आरोपितों को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। तीनों पर 34-34 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) केपी सिंह ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के सेमरी गांव में 31 अगस्त 2008 को दिनेश कुमार अपनी पत्नी कविता के साथ घर के दरवाजे पर पशुओं का चारा काट रहे थे। इसी दौरान दिन में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव के ही हरिनारायण, अंगद तिवारी व राम्नारायण आ गए और गालियां देने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो तीनों लोगों ने लाठी-डंडों से उनके ऊपर हमला कर दिया। बचाव में दौड़ी उनकी पत्नी पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। तीन सितंबर 2008 को इलाज के दौरान दिनेश की मृत्यु हो गई। इस मामले में गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने तीनों आरोपितों को दोषसिद्ध ठहराते हुए दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

# 66 स्मार्टफोन बरामद

**श्रावस्ती।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी व गायब हुए 66 मोबाइल फोन पुलिस की सर्विलांस व स्वाट टीम ने खोज निकाले। इन्हें सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी ने संबंधितों के हवाले कर दिया। जिले में गायब व चोरी हो रहीं मोबाइलों की लगातार मिल रहीं सूचनाओं पर एसपी प्राची सिंह ने बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल को जिम्मेदारी सौंपा था। सर्विलांस सेल ने स्वाट टीम के साथ मिलकर 66 मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों के हवाले कर दिया। इस दौरान एएसी प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी अपराध संतोष कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल चंद्रहास मिश्रा मौजूद रहे। संवाद

# सर्विलांस सेल ने बरामद किए 66 गुमशुदा स्मार्टफोन

**जासं, श्रावस्ती :** सर्विलांस सेल की टीम ने 66 गुमशुदा मोबाइल फोन को बरामद किया। सोमवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी प्राची सिंह ने बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंप दिया।

एसपी ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल फोन के संबंध में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण/मोबाइल बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था। खोए हुए मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी कर उनके मालिकों को सिपुर्द करने के निर्देश दिए गए थे। एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ अपराध संतोष कुमार के निर्देशन में सर्विलांस टीम ने खोए हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जिले के विभिन्न स्थानों से 66 मोबाइल फोन बरामद किए। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस कार्यालय में मोबाइल फोन मालिकों को बुलाकर उनके फोन को सौंप दिया गया।



पुलिस कार्यालय में बरामद गुमशुदा मोबाइल फोन को उसके स्वामी को सौंपती एसपी प्राची सिंह (दाएं) ● जागरण

एसपी ने सभी मोबाइल स्वामियों को साइबर क्राइम से बचाव के टिप्स दिए व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस सेल के प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा, आरक्षी अभिषेक कुमार सिंह, नवनीत प्रकाश, अंकित सिंह शामिल रहे।

# झाड़ी में मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) : ग्राम पंचायत पूरे प्रसाद के भांतेपुरवा गांव में अहाते के बगल झाड़ियों से वृद्ध का शव बरामद हुआ है। मृतक के पुत्र ने हत्या की आशंका जताते हुए सिरसिया थाने में तहरीर दी है।

भांतेपुरवा गांव निवासी राजाराम शनिवार की देर शाम भोजन के बाद खेत की रखवाली करने निकले थे। पूरी रात बीतने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटे। रविवार भोर से ही परिवार के लोग उनकी खोज कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार की सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने वृद्ध के अहाते के बगल झाड़ियों में उसका शव पड़ा देखा। खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव की पहचान राजाराम के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय ने बताया कि मृतक के पुत्र रामसनेही की ओर से तहरीर मिली है।



सिरसिया के भांतेपुरवा गांव में झाड़ी से वृद्ध का शव मिलने के बाद ग्रामीणों का बयान दर्ज करती पुलिस ● जागरण


**जिले की अन्य खबरें**

www.jagran.com पर पढ़ें


## शहद निकालने पेड़ पर चढ़े मजदूर की करंट लगने से मौत

संसू, जमुनहा (श्रावस्ती) : हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के बदला चौराहा के पास रविवार की रात मधुमक्खी के छत्ता से शहद निकालने पेड़ पर चढ़ा मजदूर करंट लगने से झुलस गया। इलाज के लिए उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बहराइच जिले के राम्गांव क्षेत्र के सोहरवा निवासी बाबू हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के बदला चौराहे के पास फर्नीचर की दुकान पर मजदूरी करते था। रविवार की रात बाबू दुकान के सामने आम के पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकलने के लिए चढ़ने लगे। इसी दौरान वे पेड़ के किनारे से होकर गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया।

# शांति समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** चैत्र नवरात्रि, रामनवमी व रमजान को लेकर पुलिस कार्यालय सभागार में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए एसपी प्राची सिंह ने जिलेवासियों से त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाने की अपील की। उन्होंने सफाई, बिजली व जलापूर्ति व्यवस्था के लिए संबंधितों को निर्देश दिया। साथ ही सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी के लिए अलग से दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले में 250 मंदिर व 229 मस्जिद हैं। जहां पर समुचित पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। रामनवमी पर भिनगा, इकौना व सोनवा में जुलूस निकलते हैं। वहां समुचित पुलिस प्रबंध कर दिया गया है। बैठक में एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा, इकौना संतोष कुमार सहित सभी थाना प्रभारी व गणमान्य मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस कार्यालय का एसपी ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का सोमवार को एसपी ने वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने मिली खामियों को दुरुस्त करने व अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।

एसपी प्राची सिंह ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की महिला प्रकोष्ठ शाखा का निरीक्षण किया। प्रधान लिपिक शाखा में जांच रजिस्टर, संदर्भ रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, डाक बही रजिस्टर, चरित्र पंजिका रजिस्टर, कर्मचारियों की चरित्र पंजिका, प्रारंभिक जांच रजिस्टर, चरित्र वेरिफिकेशन रजिस्टर देखा।

लंबित प्रारंभिक जांच का शीघ्र निस्तारण व फाइलों को सही ढंग से रखने के लिए प्रधान लिपिक को निर्देश दिया। उसके बाद आंकिक शाखा पहुंचकर वेतन संबंधी रजिस्टरों को चेक किया। साथ ही श्रावस्ती पुलिस वेबसाइट को भी चेक किया। उन्होंने वेबसाइट पर कर्मचारियों का समयबद्ध तरीके से डाटा फीड करने का निर्देश दिया। विशेष जांच प्रकोष्ठ में अनुदान रजिस्टर देखा। निरीक्षण के दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# हत्या के 15 वर्ष पुराने मामले में तीन दोषियों को दस वर्ष की कैद

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सेमरी गांव में 15 वर्ष पूर्व हुए मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में सोमवार को जिला जज ने तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध करते हुए 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 34 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## भिनगा के सेमरी गांव का मामला, 34 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा

मामले में अभियोजन की पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह के अनुसार सेमरी निवासी दिनेश कुमार 31 अगस्त 2008 को पत्नी कविता के साथ घर के दरवाजे पर पशुओं का चारा काट रहे थे। इसी दौरान बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गांव के ही हरि नारायण, अंगद तिवारी व राम नारायण वहां आ गए। तीनों अभद्रता करने लगे जिसका दिनेश कुमार ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में दौड़ी उनकी पत्नी पर भी हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि घायल दिनेश की तीन सितंबर 2008 को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में कविता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र भेजा था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को तीनों के विरुद्ध 10-10 वर्ष के कारावास व 34-34 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न कर पाने पर तीनों को एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। संवाद